चैत्र शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 37.5° | अधिक. 37.0°
न्यून. 20.4° | न्यून. 21.5°

रांची, मंगलवार
08 अप्रैल 2025
वर्ष-26, अंक- 66, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹3.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## बोकारो स्टील प्लांट में हंगामा और मौत मामला, पिता का आरोप- घेर कर बेटे को पीटा गया

# बीएसएल और सीआईएसएफ अधिकारियों पर हत्या का केस

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट के प्रशासनिक भवन में बीते हफ्ते विस्थापित अप्रेंटिस संघ की ओर से आंदोलन किया गया था। इस आंदोलन के दौरान हिंसक झड़प हुई थी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हंगामे के दौरान आगजनी और तोड़फोड़ भी किया गया। इस पूरे हंगामे और इससे जुड़े मामले को लेकर चार थाने में 6 अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक दो घटनाओं को लेकर अभी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस पूरे आंदोलन और हंगामे के दौरान विस्थापित अप्रेंटिस संघ के प्रेम महतो की मौत हो गई। इस मौत के मामले में पहला मामला बीएस सिटी थाने में दर्ज कराया गया है। यह मामला मृतक प्रेम महतो के पिता बालीडीह थाना क्षेत्र के शिबूटांड़ के रहने वाले बीरू महतो ने दर्ज कराई है। दर्ज मामले में बीएसएल डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी, इडी पीएंडए ए राजश्री बनर्जी, सीजीएम कार्मिक हरिमोहन झा, आइआर विभाग के प्रभाकर कुमार, बोकारो यूनिट के सीआईएसएफ डीआइजी दिग्विजय सिंह व सीआईएसएफ इंचार्ज चावला पर हत्या का आरोप लगाया गया है।

### पिता आरोप- लाठी और डंडों से पीटा

पुलिस को दिए गए आवेदन में पिता बीरू महतो ने लिखा है कि विस्थापित अप्रेंटिस संघ द्वारा 3 अप्रैल को आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा था। इस दौरान बीएसएल और सीआइएसएफ के अधिकारियों से मिले आदेश पर साजिश के तहत प्रेम प्रसाद को घेर कर सीआइएसएफ जवानों ने लाठी और डंडों से पीटा। इस कारण मौके पर ही प्रेम महतो की मौत हो गयी। आवेदन में लिखा है कि लाठी चार्ज के दौरान संघ के दर्जनों लोग घायल हो गए थे। आवेदन में इस बात की भी जानकारी दी गई थी कि संघ की ओर से आंदोलन की सूचना पूर्व में प्रबंधन को लिखित रूप से दी गई थी।

### उपायुक्त विजया जाधव ने बनाई है जांच कमेटी



जानकारी के मुताबिक इस लाठीचार्ज और मौत मामले की जांच के लिए बोकारो डीसी विजया जाधव ने एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी तीन सदस्यीय है। जांच टीम को एसडीओ चास प्रांजल ढाडा लीड कर रहे हैं। वहीं टीम में सिटी डीएसपी आलोक रंजन व कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी को शामिल किया गया है। बताया गया कि टीम वीडियो फुटेज और सीसीटीवी देख कर साक्ष्य जुटाएगी। इसके आधार पर आगे जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## एक नजर

### पेट्रोल-डीजल पर बढ़ा उत्पाद शुल्क, 2 रुपए लीटर की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। राहत की बात यह है कि उत्पाद शुल्क के बढ़ने से आम जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बीच लिया गया है। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई।



● जनता पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

### जेपीएससी नियुक्ति घोटाले के मामले में 18 को मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** हाई कोर्ट ने जेपीएससी-वन नियुक्ति घोटाले के मामले में 18 आरोपितों को अग्रिम जमानत दे दी है। इन आरोपितों में रांची के अपर समाहर्ता (लॉ एंड ऑर्डर) राजेश्वर नाथ आलोक, अनिल कुमार यादव, सीमा सिंह, सुशमा नीलम सोरेंग, ज्योति झा, कामेश्वर राम, लकखी राम बासकी, हरिवंश पंडित, सुदर्शन मुर्मू, अनंत कुमार, राजीव कुमार, योगेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण सहित अन्य शामिल हैं। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस मामले में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गयी थी।

### हाई टेंशन तार की चपेट में आया विसर्जन जुलूस का झंडा, छह झुलसे

**जमशेदपुर।** परशुडीह थाना क्षेत्र के यशोदा नगर, छोटा गोविंदपुर में रामनवमी झंडा विसर्जन के लिए निकले शारदा राम बजरंग अखाड़ा समिति का झंडा हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया। जिससे झंडा पकड़े 6 लोग करंट की चपेट में आकर जख्मी हो गए। जख्मी होने वालों में संजय सिंह, विजय प्रसाद, प्रदीप वर्मा, शशि प्रसाद, डे विजय कुमार और यश प्रजापति शामिल है। घटना के बाद सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर रूप से जख्मी पप्पू सिंह को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## कल्याण मंत्री ने आदिवासी कल्याण आयुक्त के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

# वर्ष 2025-26 आदिवासी स्वाभिमान का वर्ष होगा

● आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपराएं एवं जीवनशैली इस भूमि की है धरोहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा एवं अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों से कहा कि बिना किसी शिकायत एवं बाधा के एकलव्य सहित अन्य सभी कल्याण आवासीय विद्यालयों के नामांकन परीक्षा का निर्धारित समय पर आयोजन करा लेने के लिए आपसभी का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य के एसटी/एससी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लिए योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 आदिवासी स्वाभिमान वर्ष होगा, इसके लिए समर्पित प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड की विशिष्ट पहचान का पर्याय है यहां का आदिवासी समाज। झारखंड की 32 आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपराएं, और जीवनशैली इस भूमि की धरोहर हैं।



शेष पेज 11 पर

### नीतिगत निर्णय लेने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए ऐसे नीतिगत निर्णय लेने हेतु प्रतिबद्ध है, जो उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण को गति दे। उनका सम्मान, स्वाभिमान, कल्याण और विकास केवल संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे नैतिक मूल्यों का भी प्रतिबिंब होना चाहिए। कल्याण मंत्री ने कहा कि हमारा विभाग अपने प्रयासों से एक ऐसे झारखण्ड की कल्पना को साकार करें, जहाँ आदिवासी समाज अपने अधिकारों के साथ स्वाभिमानपूर्वक जीवन जी सके और अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक संजो सके। बैठक में प्रबंध निदेशक टीसीडीसी नीलसोम बागे, उप निदेशक धीरेंद्र सिंह, अप निदेशक मोनिका टूटी, राकेश उरांव, अमृता कुजूर आदि उपस्थित थे।

### हिमाचल घूमने गए रातू और अलकापुरी के दो विद्यार्थी नदी में बहे



● एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

**रांची।** राजधानी के हर घर में रामनवमी की लहर थी वहीं, रातू के झखराटांड़ और सुखदेव नगर के अलकापुरी में रामनवमी की खुशी मातम में बदल गई। यहां रहनेवाले दो छात्र हिमाचल प्रदेश की लाहुल सिटी में नदी की तेज धार में बह गए। दोनों छात्र अमर कुमार और कुमार समर्थ प्लस-टू में कॉमर्स के छात्र थे और उनके बीच गहरी दोस्ती थी। इधर हिमाचल के कैलांग थाना की पुलिस ने अमर का शव बरामद कर लिया, वहीं समर्थ की तलाश जारी है। गोताखोरों की मदद से समर्थ की तलाशी जारी है। अमर कुमार झखराटांड़ के संजय साहू और कुमार समर्थ सुखदेवनगर अलकापुरी रोड नंबर-1 निवासी विनय कुमार शर्मा का पुत्र था। अमर दो भाइयों में बड़ा था। घटना की सूचना पाकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों तीन अप्रैल को घर से मनाली के लिए निकले थे। पीड़ित परिवार के लोग कैलांग पुलिस की सूचना पर हिमाचल के लिए रवाना हो हुए।

## वक्फ कानून को चुनौती मामला

# याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जताई सहमति

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलील पर गौर किया जिसमें उन्होंने कहा कि याचिकाएं बेहद अहम हैं और इन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं दोपहर में उल्लेख पत्र देखूंगा और निर्णय लूंगा। सूचीबद्ध करेंगे। संसद द्वारा शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किए जाने के तुरंत बाद संशोधनों को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। संसद के दोनों सदनों में विधेयक पारित होने के बाद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने घोषणा की कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी। कांग्रेस ने दावा किया कि यह संविधान के मूल ढांचे पर हमला है और इसका उद्देश्य धर्म के आधार पर देश को ध्रुवीकृत और विभाजित करना है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में पार्टी के सचेतक मोहम्मद जावेद ने अपनी याचिका में कहा कि ये संशोधन संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 25 (धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता), 26 (धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता), 29 (अल्पसंख्यकों के अधिकार) और 300ए (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करते हैं।

अपनी याचिका में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने कहा है कि यह कानून देश के संविधान पर सीधा हमला है, जो न केवल अपने नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है, बल्कि उन्हें पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। जमीयत ने कहा, यह विधेयक मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की एक खतरनाक साजिश है। इसलिए, हमने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है और जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी अपने-अपने राज्यों के उच्च न्यायालयों में इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देंगी।

शेष पेज 11 पर

## घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ी, आज से प्रभावी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को घोषणा की कि सब्सिडी वाले और गैर-सब्सिडी वाले दोनों उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी 8 अप्रैल से प्रभावी होगी। यह मूल्य वृद्धि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों के साथ-साथ दूसरे उपभोक्ताओं पर भी लागू होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए कीमत 500 रुपए से बढ़कर 550 रुपए प्रति सिलेंडर हो जाएगी। दूसरे उपभोक्ताओं के लिए यह कीमत 803 रुपए से बढ़कर 853 रुपए हो जाएगी। उन्होंने कहा कि संशोधन नियमित अंतराल पर की जाने वाली समीक्षा के अधीन है,




शेष पेज 11 पर

### आज से 11 तक आंधी-बारिश और ओलावृष्टि

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज फिर से बदल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 8 से 11 अप्रैल तक के लिए आंधी-बारिश और ओलावृष्टि-वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र की चेतावनी के अनुसार, 11 अप्रैल तक के लिए रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इस दौरान तेज वज्रपात होगा। हवा की रफ्तार अधिक रहेगी।

## ट्रंप के 'टैरिफ बम' से कई देशों के शेयर बाजार धड़ाम

**वाशिंगटन(आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणाओं के बाद सोमवार सुबह दुनियाभर के शेयर बाजार में उतार चढ़ाव देखने को मिला। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कई देशों के शेयर बाजार धड़ाम हो गए। हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज सोमवार को 13.22% की गिरावट के साथ बंद हुआ, जो 1997 के एशियाई वित्तीय संकट के बाद से एक दिन में सबसे खराब गिरावट है। सोमवार की सुबह शेयर बाजार खुलने के साथ ही जर्मन डीएएक्स सूचकांक में लगभग 10% की गिरावट आई, लेकिन कारोबार जारी रहने के साथ इसमें थोड़ा सुधार हुआ और यह 7% के आसपास लाल निशान पर आ गया। आखिर आर्थिक जगत में उथल-पुथल की शुरूआत कैसे हुए। 2 अप्रैल को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोस्तों और दुश्मनों दोनों के खिलाफ कई नए टैरिफ लगाने की घोषणा की।




**1997** के एशियाई वित्तीय संकट के बाद से एक दिन में सबसे खराब गिरावट

इनमें अमेरिका में लगभग सभी आयातों पर 10% का बेसलाइन टैक्स और उन देशों पर कस्टम 'रेसिप्रोक्ल टैरिफ' शामिल था, जिन्हें ट्रम्प अमेरिका के साथ अनुचित व्यापार नीतियों का पालन करने वाला मानते हैं। रेसिप्रोकल/पारस्परिक टैरिफ का मतलब है कि देशों पर वही शुल्क लगाया जाएगा जो वे अमेरिका पर लगाते हैं। इसमें यूरोपीय संघ के खिलाफ 20% टैरिफ और चीनी उत्पादों पर 34% टैरिफ (पहले के 20% टैरिफ के अलावा, यानी कुल मिलाकर 54 फीसदी) शामिल हैं। सबसे ज्यादा 50% टैरिफ छोटे दक्षिणी अफ्रीकी देश लेसोथो पर लगाया गया।टैरिफ से छूट वाले देशों की सूची में रूस और बेलारूस शामिल हैं, लेकिन यूक्रेन नहीं।

बेसलाइन 10% टैरिफ शनिवार (5 अप्रैल) को लागू हुए, जबकि कस्टम 'रेसिप्रोक्ल टैरिफ' बुधवार (9 अप्रैल) से शुरू होने वाले हैं। प्रभावित देशों इससे मुकाबले के लिए बहुत कम समय मिलेगा। टैरिफ ने पहले ही दुनिया भर के शेयर बाजारों को गिरा दिया, जिनमें से कुछ ने वैश्विक कोविड महामारी के बाद से सबसे खराब नुकसान देखा।

शेष पेज 11 पर

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## इंडिया

# 2017 से ढाई लाख जुर्माना का कानून है पर शिक्षा के नाम जारी है लूट



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

देश के साथ झारखंड में शिक्षा ज्ञान देने से सेवा प्रदाता व्यापार का रूप ले चुकी है और बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों से लेकर गली मुहल्लों तक में कथित इंग्लिश मीडियम स्कूल बेरोकटोक चल रहे हैं जिनका कारोबार अरबों तक पहुंच चुका है जिससे समर्पित शिक्षाकर्मी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं । झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय 2008 से इस विषय पर सक्रिय हैं और अनेक मंचों पर सवाल उठा चुके हैं इनका कहना है कि निजी स्कूलों की संख्या रांची में लगभग 90 सहित राज्य में लगभग 8000 मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त की संख्या अज्ञात है।समस्या इतनी विकराल हो गई है कि झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में झरिया की विधायक रागिनी सिंह सहित अनेक लोगों ने यह मुद्दा उठाया जिसमें मध्यमवर्गीय अभिभावकों का दर्द छिपा था कि निजी विद्यालय हर साल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाते हैं और नई पुस्तकें और कॉपी किसी खास दुकान से खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। अजय राय का कहना है कि सीबीएससी की पुस्तकों के बजाय अनजान लेखकों की किताबों की गुणवत्ता पर तो सवाल है ही मनमाने रेट पर बेचना प्रावधानों का खुला उल्लंघन है । स्कूलों की मनमानी न रुक पाने का सबसे पहला कारण है सरकारी स्कूलों की अव्यवस्था जिन्हें जनगणना जैसे कार्यों में लगाया जाता है । सरकारी स्कूलों की अराजकता से मजबूर होकर अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भर्ती कराते हैं। अभिभावकों का एकजुट होकर विरोध न करने की प्रवृत्ति एवं अन्याय के प्रति उदासीनता के कारण भी निजी स्कूलों की मनमानी बढ़ रही है।निजी स्कूल ज्यादातर बड़े प्रभावशाली लोगों,नेताओं या उनके रिश्तेदारों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। वे अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल मनमानी फीस वसूलने के लिए सिस्टम को प्रभावित करते हैं। अभिभावक डर से शिकायत नहीं कर पाता क्योंकि विद्यालय बच्चे को स्कूल से निकाल तक देते हैं रांची के एक स्कूल ने 2009 में ऐसा ही किया था ।राजनीतिक दबाव के कारण सरकारी तंत्र उन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाता है। सरकारी स्कूलों के घटते स्तर के कारण निजी स्कूलों में बच्चों की भीड़ बढ़ी है। झारखंड




के स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 में ही पारित हुआ था। पूर्ववर्ती सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया । उन्होंने कहा कि सदन में निजी विद्यालयों की मनमानी पर सवाल पूछे गये थे। शुल्क निर्धारण को लेकर पहले से ही स्कूल और जिला स्तर पर कमेटी गठित है। इसके लिए स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सभी आयुक्त व उपायुक्त को पत्र लिखा है और कहा गया है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के आलोक में शुल्क समिति का गठन करें। अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप 15 दिनों के अंदर विद्यालय स्तर पर शुल्क समिति व जिला स्तर पर जिला समिति का गठन करने को कहा गया है। सरकार की ओर से स्कूलों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। जो स्कूल मनमानी कर रहे हैं और नियम-कानून की अनदेखी कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर निजी स्कूलों द्वारा कॉपी, किताब, स्कूल बैग, यूनिफॉर्म और री-एडमिशन के नाम पर फीस वसूलने के बारे में स्कूल समिति द्वारा जिला स्तरीय समिति के पास कोई शिकायत दर्ज करायी जाती है, तो निजी स्कूलों पर 50 हजार से ढाई लाख तक जुर्माना वसूला जाएगा। वसूला गया जुर्माना शिक्षा विभाग के पास जमा होगा। मंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीएमए पाई बनाम कर्नाटक राज्य मामले में पीआइएल संख्या 2744/2003 और झारखंड हाइकोर्ट की खंडपीठ द्वारा पीआइएल 2537/2002 में 5 अगस्त, 2003 को आए आदेश के अनुपालन में शिक्षक, छात्र और अभिभावकों की शिकायतों के निवारण के लिए अधिनियम बनाया गया था। उस समय शुल्क निर्धारण के लिए कोई मापदंड नहीं था। इस वजह से झारखंड हाइकोर्ट की पीआइएल संख्या 3271/2013 के आलोक में निजी स्कूलों द्वारा अधिक फीस निर्धारण के लिए कमेटी गठित की गई। फीस कलेक्शन को नियंत्रित करने के लिए कमेटी ने राज्य सरकार को उचित कानून बनाने का प्रस्ताव दिया। इस पर झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 पारित हुआ था। विद्यालय स्तर पर शुल्क निर्धारण के लिए गठित कमेटी में बच्चों के अभिभावक के साथ शिक्षक भी शामिल होंगे। प्रावधान के अनुरूप निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनोनीत जनप्रतिनिधि कमेटी के अध्यक्ष होंगे। विद्यालय के प्राचार्य, सचिव, विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनोनीत तीन शिक्षक व शिक्षक संघ द्वारा नामित चार माता-पिता इसके सदस्य होंगे। विद्यालय प्रबंधन को फीस निर्धारण के एजेंडा और बैठक की जानकारी एक सप्ताह पहले देनी होगी। विद्यालय समिति अगर तय समय में शुल्क निर्धारण में विफल रहता है तो प्रबंधन यह प्रस्ताव जिलास्तरीय कमेटी के समक्ष रखेगा। विद्यालय में अगर पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी से अधिक फीस बढ़ोतरी की जाती है, तो भी इसको जिला कमेटी को भेजा जाएगा। वहीं उपायुक्तों की अध्यक्षता में गठित होने वाली समिति में संबंधित सांसद और विधायक भी रहेंगे।

## राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हंगामा



**पटना (आईएएनएस**

बिहार कांग्रेस में गुटबाजी और प्रदेश कार्यालय में हंगामा कोई नई बात नहीं है। ऐसा ही नजारा सोमवार को भी बिहार कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में देखने को मिला जब दो गुट आपस में भिड़ गए और जमकर हाथ-पैर चले। यह हंगामा तब हो रहा था, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी उस समय प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में ही मौजूद थे। दरअसल, सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक दिवसीय बिहार यात्रा के क्रम में पटना पहुंचे। वह पटना के प्रदेश कार्यालय में उपस्थित थे तभी कांग्रेस के दो गुट आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि एक गुट पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का समर्थक था। जबकि, दूसरा गुट एक पूर्व विधायक का समर्थक था। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में सोमवार को दिनभर गहमागहमी रही और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। बताया गया कि बिहार के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के एक समर्थक ने पार्टी के पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के साथ बदतमीजी कर दी।

शेष पेज 11 पर

## कांग्रेस का दलित आदिवासी प्रेम दिखावा : अजय साह



**रांची।** भाजपा ने कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित हालिया प्रेस वार्ता पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कांग्रेस के आदिवासी और दलित प्रेम को दिखावटी और पाखंडी बताते हुए उसे केवल राजनीतिक नौटंकी करार दिया। अजय साह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी और दलित वर्गों में अपनी गिरती पकड़ और कमजोर होती राजनीतिक स्थिति से बौखलाई हुई है, और इसी हताशा में रोज नए-नए शगूफे और बयानबाजी करके सहानुभूति पाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस वर्ग के अधिकारों का दावा कर रही है, उसी वर्ग का हक छीनकर वह मुस्लिम तुष्टिकरण में लगी हुई है। श्री साह ने कहा कि जिस समाज को कांग्रेस ने दशकों तक गरीबी, पिछड़ेपन और शोषण के अंधेरे में रखा। भाजपा के शासनकाल में वही समाज विकास और सम्मान की मुख्यधारा में आया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने न सिर्फ. झारखंड को एक अलग राज्य का दर्जा दिया, बल्कि आदिवासी कल्याण मंत्रालय की भी स्थापना की। भाजपा ही वह पार्टी है जिसने देश को पहली बार एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद पर बैठाया – और उस समय कांग्रेस ने इसका विरोध किया। अजय साह ने कहा कि भाजपा सरकार ने आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण योजना, हर घर जल योजना, जैसे अनेक कार्यक्रमों के जरिए दलितों और आदिवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान देने का काम किया, और इन सभी योजनाओं में झारखंड में भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

### नागरमल मोदी सेवा सदन में निःशुल्क जांच और परामर्श शिविर का आयोजन

# माताओं व नवजातों के स्वास्थ्य की दी गई जानकारी




*निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, परामर्श शिविर और संवाद सत्र का आयोजन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नागरमल मोदी सेवा सदन में मातृ एवं नवजात शिशु के थीम पर निःशुल्क जांच व परामर्श शिविर और संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क जांच शिविर में सैकड़ों नवजात शिशुओं के माता-पिता उपस्थित थे। लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया और आयोजित संवाद सत्र में बच्चों एवं मां के बीमारियों से बचाव के लिए टिप्स भी दिए गए। कहा गया कि गर्भावस्था के दौरान मां को तनाव नहीं लेना चाहिए, इसका सीधा असर उसके होने वाले बच्चे पर पड़ता है। वहीं संस्था की उपाध्यक्ष डॉ रेखा देवी ने कहा कि महिलाएं पूरे परिवार का ध्यान रखती हैं लेकिन अपने स्वास्थय का ध्यान नहीं रखती हैं। अपने और नवजात के स्वास्थ्य का देखभाल ठीक से कर सकें इसके लिए संवाद सत्र और निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

### नागरमल मोदी सेवा सदन में है बेरा टेस्ट की व्यवस्था

बीईआरए टेस्ट को हिंदी में मस्तिष्क तंत्रिका श्रवण परीक्षण कहा जाता है। यह जांचता है कि आपके कान और मस्तिष्क के बीच की श्रवण तंत्रिकाएं ध्वनि (आवाज) के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। यह टेस्ट खासतौर पर नवजात शिशुओं, बच्चों या उन मरीजों में किया जाता है जो सामान्य श्रवण परीक्षण नहीं करवा सकते। मरीज को शांत या नींद की स्थिति में लिटाया जाता है। सिर पर इलेक्ट्रोड (चिपकने वाले तार) लगाए जाते हैं। कानों में सॉफ्ट साउंड भेजे जाते हैं। यह साउंड जब कान से मस्तिष्क तक जाती है, तो उसका इलेक्ट्रिकल रिस्पॉन्स मशीन रिकॉर्ड करती है। टेस्ट से पता चलता है कि बच्चा की श्रवण क्षमता क्या है वह कितनी आवाज सुन पाता है। श्रवण तंत्रिका और मस्तिष्क के बीच की कार्यप्रणाली कैसी है। न्यूरोलॉजिकल समस्या का संकेत और नवजातों में बधिरता की पहचान की जाती है। यह टेस्ट तब कराया जाता है जब नवजात शिशुओं में जन्म के तुरंत बाद रोने में देरी होने पर, संदेह हो कि बच्चा सुन नहीं पा रहा हो या न्यूरोलॉजिकल समस्याएं हों। यह पूरी तरह सुरक्षित और बिना दर्द का परीक्षण है। इसमें कोई चुभन या सुई नहीं लगती। नागरमल मोदी सेवा सदन में बेरा टेस्ट और इसके इलाज की व्यवस्था है।

### दो साल से पहले बच्चों को गाय का दूध नहीं दें : डॉ अभिषेक



सेवा सदन में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक ने कहा कि बच्चों को दो साल से पहले गाय का दूध नहीं देना चाहिए। मां का दूध ही बच्चों के आजीवन विकास और उत्तम स्वास्थ्य का राज होता है। कम से कम 6 महीना तक मां का दूध नवजात को मिलनी चाहिए, मगर अब पाउडर दूध का प्रचलन हो गया है जो गलत है। बच्चे के आने वाले पूरे जीवन पर दूध का प्रभाव पड़ता है, कम उम्र के लोगों की बीमारी में उनके बचपन में पिए दूध की अहम भूमिका होती है। एक आदमी के जीने की क्षमता झारखंड में 65 वर्ष है।

**बच्चे को ज्यादा डाइपर पर रखना खतरनाक :** डॉ अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ्य पर सबका हक है, चाहे गरीब हो या अमीर। आजकल पैदा होते ही बच्चों को डाइपर पहनाया जाता है जो गलत है। ये डाइपर बच्चे के पेशाब को दबा सकता हैं और पसीने को भी रोक सकता है। इससे त्वचा लाल हो जाता है छिल जाता है और इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए डाइपर की जगह सूती कपड़े का उपयोग करना चाहिए।

**खाने समय मोबाइल देखना हानिकारक :** बच्चे खाना नहीं खाते कुछ अभिभावक बच्चों को मोबाइल दे देते हैं इससे बच्चे खाना ठीक से नहीं चबाते हैं जिस कारण ब्रेन से हार्मोन कम निकलते हैं पेट में एंजाइम कम रिलीज होता है और अनपच की समस्या होती है।

### मातृ मृत्यु दर और नवजात मृत्यु दर में कमी लाना है : डॉ अंजू कुमार



नागरमल मोदी सेवा सदन में पिछले 25 वर्षों से कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजू कुमार ने बताया कि डब्ल्यूएचओ की थीम स्वस्थ शुरूआत आशावादी भविष्य है। इस विषय का उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु दर में कमी लाना है। इसके लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को आयोजन किया गया। इसमें जानकारी दी गई कि अनीमिया हाईपरटेंशन या डायबीटीज या बहुत कारणों से प्रेगनेंसी के दौरान या डिलीवरी के दौरान महिलाओं या उनके नवजातों की मौत हो जाती है। इस लिए हेल्थ रिस्क को कम करने की जानकारी दी गई। ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के मरीजों की रूटीन जांच की। वहीं डॉ अंजू कुमार ने सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तो वैक्सीनेशन भी इजाद कर ली गई है। सही समय पर कैंसर का पता लगने पर इलाज संभव है। इससे बीमारी दूर हो सकती है। वैक्सीनेशन की व्यवस्था नागरमल मोदी सेवा सदन में उपलब्ध है।

### मरीजों के ठीक होने से मिलता है हौसला : डॉ जय पलक



एमबीबीएस, एमएस आर्थो डॉक्टर जय पलक ने बताया कि इन दिनों कूल्हे और घुटने के मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया है। कोई भी आसान सर्जरी से नहीं गुजरा है, सर्जरी के बाद खून की कमी, दर्द, दवाई लेने की समस्याएं होती हैं लेकिन आज सभी स्वस्थ हैं और अपने पैरों पर चल सकते हैं। एक दूसरे को देख ठीक देखकर मरीजों को हौसला मिलता है। वहीं सारे मरीजों को ठीक देख डाक्टरों का हौसला बढ़ता है। आर्थो के इलाज की सारी व्यवस्था यहां उपलब्ध है।

### ऐसे कार्यक्रम से समाज में जागरूकता बढ़ेगी : आलोक तुलस्यान



आलोक तुलस्यान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और लोग अपने- अपने परिवार के स्वास्थ्य के प्रति सजग होते हैं और सही समय पर डॉक्टर के पास आकर अपना समुचित इलाज करा पाते हैं। मौके पर नागरमल मोदी सेवा सदन के सभी गणमान्य उपस्थित थे।

## सीएम से मिले केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।

## मुख्यमंत्री से मिले विधायक प्रदीप यादव



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक प्रदीप यादव ने औपचारिक मुलाकात की।

# एसटीपी-एससीएसपी के लिए कानून बनाए केंद्र : कांग्रेस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कांग्रेस विधायक दल के नेता राजेश कच्छप ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग किया कि अगर अनुसूचित जाति जनजाति के उत्थान के लिए केंद्र सरकार काम करना चाहती है तो अनुसूचित जनजाति उप योजना एवं अनुसूचित जाति उप योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार कानून बनाए।

### समुदायों की मजबूती के लिए कानून बनाए केंद्र सरकार : केशव

मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि एसटीपी और एससीएसपी का मूल उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विकास में तेजी लाना है ताकि समाज के बाकी हिस्सों की तुलना में विभिन्न विकास के मापदंडों के अंतर को पाटा जा सके। केंद्र सरकार एससी-एसटी के अधिकारों को वृहद स्वरूप देने के बजाय उनके बजट के प्रावधान में कमी कर रही है वर्तमान बजट में केंद्र सरकार ने एससी एसटी के बजट में 3.4% एवं 2.6% का आवंटन किया है जिससे अनुसूचित जाति को 11.70 लाख करोड़ तथा अनुसूचित जनजाति को 5.57 लाख करोड़ के बजट के समर्थन का नुकसान हुआ है।

### 10000 करोड़ की राशि राज्य को दे केंद्र सरकार : वित्त मंत्री

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा अनुसूचित जाति जनजाति उप योजना के कार्यों के लिए केंद्र सरकार राज्य सरकारों को जवाब देह बना सकती है। वित्तीय वर्ष 2021-22,22-23, 23-24 के 3 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने झारखंड को अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत 3515.11करोड़ एवं अनुसूचित जाति उप योजना में 2475.49 करोड़ उपलब्ध कराया था जबकि यह राशि कम से कम 10000 करोड़ की होनी चाहिए। विगत एक दशक में राज्यों को उस योजना के तहत जो राशि मिलनी चाहिए थी उसमें कटौती की गई, इस मद में बजट के प्रावधान लगातार घटाये जा रहे हैं दलित और आदिवासियों को विकास के लिए उनके अधिकार नहीं मिल रहे हैं।

### राहुल गांधी की कानून बनाने की मांग जायज : डॉ रामेश्वर उरांव

डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि एक राज्य में टीएसपी के पैसे से पुलिस के लिए गोलियां खरीदी गई, दूसरे राज्य में स्टेट ट्रांसपोर्ट का हेड क्वार्टर बनाया गया जिसका कोई मतलब नहीं। राहुल गांधी की कानून बनाने की मांग जायज है ताकि इस फंड का सही ढंग से उपयोग हो सके केंद्र सरकार को जल्द से जल्द कानून बनाना चाहिए ताकि राशि का स्थानांतरण रोका जा सके।

### गवर्नेंस को जिम्मेदार बनाने के लिए कानून जरूरी : राजेश कच्छप

कांग्रेस विधायक दल नेता राजेश कच्छप ने कहा कि टीएसपी एससीएसपी के पैसे से रघुवर सरकार ने ग्लोबल सबमिट कराया एयरपोर्ट का ग्रीन कॉरिडोर बनवाया गया, यह आदिवासी समुदाय के अधिकारों का हनन है। गवर्नेंस को जिम्मेदार बनाने के लिए कानून जरूरी है।

### अशांति फैलाने वालों की निगरानी से बाबूलाल को परेशानी क्यों : झामुमो



**रांची।** झामुमो ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में समाज में अशांति फैलाने वाले या ऐसी मंशा रखने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश से संबंधित बात कही गई है। इसे किसी समाज विशेष से जोड़ना गलत है। समाज में अशांति फैलाने वालों पर निगरानी से बाबूलाल मरांडी को भला क्यों परेशानी हो रही है। दहशतगर्दी फैलाने वालों को हर विषय में यही दिखता है। ये झारखंड है, यहां के लोग भोले-भाले जरूर हैं, लेकिन साम्प्रदायिक मानसिकता को भलीभांति समझते हैं। यही वजह है कि हेमंत सोरेन प्रचंड बहुमत से सरकार में वापस आए हैं। यह सरकार राज्य की सुख, शांति, समृद्धि के लिए दिन-रात काम कर रही है।

### बहुसंख्यक समाज को दहशतगर्द बताना बेहद शर्मनाक : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में रामनवमी के दौरान झारखंड के बहुसंख्यक हिंदू समाज के लिए 'दहशतगर्द' (आतंकवादी) शब्द का प्रयोग बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि किसी भी प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपेक्षा होती है कि वह सभी नागरिकों के प्रति समान व्यवहार और सम्मानजनक भाषा अपनाएं, लेकिन यहां उन्होंने भड़काऊ और विभाजनकारी शब्दों का प्रयोग कर अपनी दुर्भावनापूर्ण सोच को उजागर किया है। कहा कि यह ठीक वैसा ही प्रयास है जैसा कांग्रेस ने पहले मजहबी आतंकवादियों को बचाने के लिए 'हिंदू आतंकवाद' का झूठा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया था। अब उसी राह पर हेमंत सोरेन चलते हुए, एक सोची-समझी रणनीति के तहत, झारखंड में बहुसंख्यक समाज को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के इस नफरती और जिहादी सोच को सफल नहीं होने देगी।

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पोषण पखवाड़े का 7 वां संस्करण मनाएगा

# पोषण पखवाड़ा चार प्रमुख विषयों पर जोर देगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी पोषण पखवाड़े के पहले सप्ताह के दौरान अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगी, ताकि वहां चल रही पहलों का मूल्यांकन किया जा सके। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर पोषण पखवाड़े के उद्घाटन दिवस पर 18 साझेदार मंत्रालयों, राज्य महिला एवं बाल विकास विभागों के अधिकारियों और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वेबकास्ट के जरिये संबोधित करेंगी।



*केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी अरुणाचल प्रदेश का करेंगी दौरा*

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) कुपोषण से निपटने के लिए केंद्र सरकार की चल रही प्रतिबद्धता के तहत 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण मनाएगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख विषयों पर जोर दिया जाएगा। जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी/नागरिक मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, सीएमएएम के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे से निपटने हेतु स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना।

प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल पोषण अभियान कुपोषण से लड़ने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करना है। इस वर्ष का पोषण पखवाड़ा सामग्री, सेवा वितरण, प्रचार-प्रसार और परिणामों को मजबूत करने में सहायक होगा। व्यापक मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के हिस्से के रूप में यह पहल स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और बीमारियों और कुपोषण के खिलाफ प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

पोषण पखवाड़ा के उद्घाटन दिवस पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर 18 भागीदार मंत्रालयों के अधिकारियों, राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वेबकास्ट के जरिये संबोधित करेंगी।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी पखवाड़े के पहले सप्ताह में अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगी, ताकि राज्य में महिलाओं और बच्चों के लिए सहायता को मजबूत करने के उद्देश्य से चल रही पहलों का मूल्यांकन किया जा सके। मंत्री महोदया का यह दौरा कल्याण सेवाओं में सुधार करने और कमजोर वर्गों की सुरक्षा और उनकी सुख-समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों के अनुरूप है।

यह पोषण पखवाड़ा परिणामोन्मुखी होगा। इसका उद्देश्य घर-घर जाकर, सामुदायिक संपर्क कार्यक्रमों, पहचान अभियानों और गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर शिविरों के माध्यम से जमीनी स्तर पर पोषण परिणामों को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाना है। इसका लक्ष्य समुदाय को समग्र पोषण के बारे में शिक्षित करना, स्तनपान और पूरक आहार को बढ़ावा देना तथा पोषण ट्रैकर के लाभार्थी/नागरिक मॉड्यूल को समुदाय के सशक्तिकरण और भागीदारी के साधन के रूप में लोकप्रिय बनाना है।

पोषण अभियान की शुरूआत के बाद से देश भर में छह सफल पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित जन आंदोलन गतिविधियां इस मंत्रालय तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय आदि भागीदार मंत्रालयों की मजबूत सहभागिता रहती है, जो इस अवधि के दौरान विभिन्न आयोजन/अभियान चलाते हैं। पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत देश भर के राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा नियोजित विभिन्न गतिविधियां/कार्यक्रम भी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को प्रदर्शित करेंगे।

व्यापक सामुदायिक सहभागिता के जरिये पोषण पखवाड़ा 2025 प्रत्येक स्तर पर - व्यक्तिगत, सामुदायिक और राष्ट्रीय - पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप सुपोषित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करता रहेगा।



## भाजपा नेता का शिविरों में हुआ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रामनवमी महोत्सव पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने रामनवमी जन्मोत्सव पर रातू रोड गायत्री मंदिर, नयाटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित स्वागत शिविर, महादेव टंगरा रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित स्वागत शिविर, पटेल चौक, हरमू स्थित वाल्मीकि रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित राम जन्मोत्सव कार्यक्रम, सहित विभिन्न पूजा समिति द्वारा आयोजित स्वागत शिविरों में शामिल हुए। जहां समिति के सदस्यों द्वारा उन्हें सम्मान व स्वागत किया गया।

प्राइवेट स्कूल के मनमानी के खिलाफ

## अबुआ साथी में करें शिकायत होगी कारवाई : डीएसई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्राइवेट स्कूल के मनमाने एडमिशन फीस, हर साल रिन्यूल फीस, निर्धारित दुकानों से कॉपी-किताब, ड्रेस, जूता-मोजा लेने के लिए मजबूर करने, प्रतिवर्ष महीने के ट्यूशन फीस में बढ़ोतरी और तीन साल से पहले पुस्तकों के परिवर्तन के खिलाफ झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने मोर्चा खोल दिया है।

उनके गृह जिले में जिला शिक्षा विभाग ने 73 प्राइवेट स्कूलों को किताब बेचने और फीस से जुड़े मुद्दे पर नोटिस भेजा गया है। इसके बावजूद राज्य के लगभग सभी स्कूलों में यह दस्तूर जारी है। नाम नहीं बताने की सूरत में अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में रिन्यूल के पैसे देने पड़े हैं और स्कूल के द्वारा निर्धारित दुकानों से ही सभी चीजे खरीदनी पड़ी है। उनका कहना है कि शिकायत किस जगह करे यह समझ से बाहर है । इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रांची जिला के जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज से सवाल पूछे। श्री राज ने बताया कि अबुआ साथी ऑपेन प्लेटफार्म है जिसका व्हाटसअप नंबर 9430328080 है। इसमें स्कूल के खिलाफ विद्यार्थियों के अभिभावक शिकायत दर्ज करा सकते है, उनके शिकायत पर कारवाई की जाएगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में लिया गया फैसला

# पदमा ओपी बनेगा थाना, देवघर हवाई अड्डा के पास खुलेगा ओपी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का फैसला लिया गया। वहीं एक अन्य फैसले में देवघर हवाई अड्डा के पास नया पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगाई गई।

गौरतलब है कि पदमा में पुलिस आउट पोस्ट काफी अर्से से कार्यरत है। बैठक में बताया गया कि पदमा ओपी का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा है। इसका सृजन बरही थाना से दूर स्थित एनएच 30 के इलाके में विधि व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए किया गया था। लेकिन, अब यह इलाका विस्तृत आबादी वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। इस इलाके में आपराधिक गतिविधियां भी उसी अनुपात में बढ़ी हैं। साथ ही सड़क हादसे में वृद्धि, बढ़ते उद्योग और उग्रवादियों की सक्रियता तथा सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने की कोशिशों के मद्देनजर पदमा ओपी को पूर्ण थाना में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया। पदमा ओपी को थाना में उत्क्रमित करने में अनुमानित दो करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगे।

दूसरी ओर देवघर जिला के कुण्डा थानान्तर्गत देवघर हवाई अड्डा के कारण विमानपत्तन ओपी के सृजन का निर्णय लिया गया। इसके प्रस्ताव में गृह विभाग द्वारा बताया गया कि कुण्डा थाना से देवघर हवाई अड्डा की दूरी सात किमी. एवं मुख्यालय से 12 किमी. होने के कारण थाना का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा हो जाता है। हवाई अड्डा का इलाका दुर्गम होने के कारण कुण्डा थाना से विधि व्यवस्था के संधारण में कठिनाई होती है। वहीं पिछले कुछ दिनों में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ी हैं। इसके मद्देनजर आम लोगों की सुरक्षा के लिए उच्चस्तरीय समिति की बैठक में पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगायी गयी। इस ओपी के सृजन में लगभग चार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, कार्मिक सचिव श्री प्रवीण टोप्पो, ग्रामीण विकास सचिव श्री के श्रीनिवासन, राजस्व सचिव श्री चंद्रशेखर और आइजी हेडक्वार्टर श्री मनोज कौशिक मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरुक



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेस्ट प्रैक्टिसेज के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इसमें इसमें स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विषय स्वस्थ शुरूआत, सहायक भविष्य था। छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षु शिक्षकों ने परिचर्चा, अभिनय एवं स्वास्थ्य संबंधी स्लोगन लेखन के द्वारा स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को जागरूक किया। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल था।

### पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन के गठन का निर्देश



**रांची।** झारखंड अभिभावक संघ (पीटीए) द्वारा 5 अप्रैल को उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री को भेजे गए पत्र का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। उक्त पत्र में संघ ने झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के प्रावधानों के तहत जिला एवं विद्यालय स्तर पर शुल्क कमेटी का गठन करने की अपील की थी, ताकि निजी विद्यालयों के द्वारा शुल्क निर्धारण में होने वाली अनियमितताओं पर रोक लग सके। साथ ही, संघ ने यह भी अनुरोध किया था कि जब तक संबंधित समितियां गठित नहीं होतीं, तब तक केवल शैक्षिक शुल्क ही लिया जाए। उपायुक्त ने जारी निर्देश में यह आदेश दिया गया है कि राजधानी रांची के सभी निजी विद्यालयों में पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन (पीटीए) का गठन किया जाए। झारखंड अभिभावक संघ इस कदम का स्वागत करता है और इसे अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन के बीच बेहतर संवाद और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानता है। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 के तहत प्रत्येक विद्यालय में एक शुल्क समिति का गठन करना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा, जिले स्तर पर एक जिला समिति का गठन भी आवश्यक है, जिसमें उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, और अन्य संबंधित सदस्य शामिल होंगे।

### त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन पर प्रशासन को दी बधाई

**रांची।** केंद्रीय शांति समिति ने राजधानी में त्योहारों के शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर जिला प्रशासन को बधाई दी है। समिति के सदस्य सागर कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से डीसी मंजूनाथ भजंत्री व एसएसपी चन्दन सिन्हा को सम्मानित करने का आग्रह किया है। कहा, पर्व-त्योहार के दौरान रांची में विधि-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने में डीसी और एसएसपी एवं उनके कनीय पदाधिकारियों की मेहनत सराहनीय रही।

# मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने किया कन्या पूजन

## राम नवमी पर सेवा शिविर भी लगाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में किशोर गंज चौक स्थित देवी मंडप में कन्या पूजन किया गया। चैत नवरात्री पर 9 कन्याओं के बीच फल, कॉपी, पेंसिल एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। कन्याएं उपहार पाकर काफी प्रसन्न हुई।

**रामनवमी सेवा शिविर का अयोजन भी किया**

मारवाड़ी युवा मंच, जन सेवा में निरंतर सेवा कार्य करती रहती है। समर्पण शाखा ने रामनवमी पर जन सेवा के तहत निकली शोभा यात्रा में कार्यक्रम का आयोजन किया।

श्रद्धा के पावन त्योहार पर तीन घंटे से अधिक चली इस शिविर में करीब 1000 से अधिक राम भक्तों में शरबत,फल और चना का वितरण किया। प्रांत अध्यक्ष विशाल पाड़िया उपस्थित रहे। मंडल 1 के उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने शाखा अध्यक्ष को तलवार भेंट कर मान बढ़ाया। रांची शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। साथ ही समाज बंधुओं एवं उपस्थित राम भक्तों ने रांची समर्पण शाखा द्वारा इस प्रकार की भव्य सेवा कार्य की बहुत प्रशंसा की। इस कार्य में शाखा के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर अपना योगदान दिया। जनसेवा की प्रभारी दीपिका मोतीका, रश्मि राजगढ़िया संयोजिका कविता सोमानी ने बहुत ही अच्छे तरीके से रामनवमी शिविर की तैयारी की। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला जी, किरण खेतान जी, हमारी बहनें निकिता जालान, कोमल पोद्दार, रितु पोद्दार, दीपिका मोतिका, पूजा लाडिया ,सोनल शर्मा, चंद्रकला, रश्मि राजगढ़िया,कोमल झुनझुनवाला, स्मिता अग्रवाल, पूजा तोदी सौम्या सामोता, अनीता सोमानी, पायल जैन, शशि बंका, नेहा बगड़िया और अन्य सदस्य मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन रांची समर्पण शाखा की सचिव शुभा अग्रवाल ने किया। मौके पर अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सपना सिंघानिया, पायल जैन, दीपिका मोतीका, कविता जालान,सोनम शर्मा,पूजा लाडिया एवं अन्य सदस्य मौजूद रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी

## विसर्जन शोभायात्रा में गूंजे मां के जयकारे

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा, समिति डोरंडा की ओर से सोमवार दोपहर में प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और महिलाएं माता के जयकारे लगाते हुए इसमें शामिल हुईं। वहीं, ताशा पार्टी के सदस्यों ने प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बनाए रखा। इस दौरान मोबाइल भजन विशेष आर्कषण का केंद्र रहा। मोबाइल भजन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। शोभायात्रा झंडा चौक, एजी मोड़ से होकर सेक्टर दो तालाब पहुंची। जहां पर मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन शोभायात्रा का नेतृत्व प्रकाश वर्मा, राकेश पाल, महेश विजय, मनोज वर्मा, मुकेश गुप्ता, प्रमोद चौधरी, अरुण गुप्ता बबलू, हिमांशु शेखर दास, राजकुमार पाल, दिलीप राज पाहवा, संजीव विजय, रामबृज साव,डिंपल नाग और सुरेश राम बाबू भाई ने किया।

वहीं, शोभायात्रा का सेवा शिविर लगाकर पुष्प वर्षा के साथ वर्मन परिवार, सोना चांदी विक्रेता संघ, आर्दश दुर्गा पूजा समिति, महावीर सेवा संघ, श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर, सत्य भारती युवक संघ, सनातन दुर्गा पूजा समिति व वीणा महावीर मंडल की ओर से स्वागत किया गया।

## देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में भूमिका निभाएं युवा: संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएएमटी) में 5 अप्रैल को आयोजित आईएनएई कॉन्क्लेव का पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आत्मनिर्भर प्रौद्योगिकी-इंजीनियरिंग सुरक्षित भविष्य, विषय पर वक्तव्य दिया। छात्रों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे भारत को एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने भारत सरकार की विभिन्न विकास नीतियों का भी उल्लेख किया। वे एनआईएएमटी में केंद्रीय कार्यशाला के लिए भूमि पूजन समारोह में भी शामिल हुए। समारोह की शुरूआत निदेशक प्रो पार्थ प्रोतिम चट्टोपाध्याय के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया और कॉन्क्लेव के उद्देश्य को स्पष्ट किया। एमडीएस इंडोकैन इंक, कनाडा की निदेशक मोहुआ दत्ता ने भी विचार साझा किए। आईआईटी धनबाद के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने आत्मनिर्भरता में तकनीकी नवाचार के महत्व पर जोर दिया और युवा पीढ़ी से विज्ञान और ज्ञान को तकनीक में बदलने की अपील की। डॉ सुब्रोकमल दत्ता ने भारत के तेजी से विकास की आवश्यकता और आर्थिक शक्ति बनने के लिए आवश्यक उपायों का उल्लेख किया। इस दौरान मोहुआ दत्ता ने कनाडा और भारत के बीच सहयोग और एनआईएएमटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के माध्यम से भविष्य की परियोजनाओं पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ वैशाली एस पोद्दार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# बच्चों को आत्महत्या से दूर रखने के लिए परिवार को करीब होने की जरुरत : डॉ मनीषा किरण

- बच्चों के रोल मॉडल बने अभिभावक : डॉ मनीषा किरण
- बच्चों की बातों को नजरंदाज ना करे अभिभावक
- उनकी चाहतों और सपनों की बाते सुनकर कर बच्चों से चर्चा करे
- बच्चों को परिवार में सकारत्मक माहौल दें परिजन

काजल मेहता



डॉ मनीषा किरण

**रांची।** छोटी- छोटी बातों पर आज की तारीख में मासूम बच्चे जान देने को तैयार हो जा रहे हैं, वे अपने ऊपर किसी तरह का दबाव, तनाव और सख्ती नहीं चाहते। कई बच्चों पर परिवार की नकारात्मकता का भी असर पड़ता है तो कई बच्चे परीक्षा के परिणाम से घबरा कर आत्महत्या का रास्ता चुनते हैं। जो बच्चों की नजर में सबसे आसान रास्ता होता है। इसके रोकथाम के तरीकों और परिवार कैसे बच्चों का सहयोग कर सकता है के मुद्दे पर राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रिनपास की साइकोलोजिस्ट विभाग के प्रमुख डॉ मनीषा किरण से बात कि जहां डॉक्टर ने कई पॉइंट्स को बताया जिसके वजह से बच्चे आत्महत्या जैसे विचार लाते हैं, साथ ही उन्होंने बताया इसे कैसे रोका जा सकता है। डॉ मनीषा किरण ने बताया कि रिनपास के द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान के तहत सिखाया जाता है कि बच्चे आत्महत्या जैसे विचार से कैसे दूर रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों के विद्यालयों में जाकर उनके बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डॉ मनीषा ने कहा जब बच्चे अपनी समस्याओं का समाधान नहीं खोज पाते हैं या किसी बात से घबराहट होती है, जिसे किसी से साझा नहीं कर पाते हैं तो बच्चों के मन में आत्महत्या का विचार आता है। उन्होंने कहा इसे रोकना या बच्चों को जागरूक कर पाना इतना आसान नहीं होगा लेकिन फिर भी बच्चों के जीवन को बचाना कर्तव्य है।

परिजनों को बच्चों के व्यवहार में दिखे बदलाव तो सपर्क करें- **9471136697** या टोल फ्री नंबर **14499** और **18003454060** पर

### बच्चों की चाहतें और सपनों की बाते सुनकर कर बच्चों से चर्चा करे अभिभावक

डॉ मनीषा का मानना है कि बच्चे के अंदर का हुनर परिवार को देखना चाहिए। बच्चे क्या करना चाहते हैं उन्हें क्या पसंद है। बच्चे अक्सर अपने माता पिता से बात करना चाहते हैं लेकिन अभिभावक व्यवस्तता के कारण उनकी बातें सुन नहीं पाते जिस से बच्चे और नकारात्मक विचारों के करीब चले जाते हैं और माता पिता समझ भी नहीं पाते हैं।

डॉ ने कहा कि बच्चों पर माता पिता के द्वारा अपनी इच्छाओं को थोपने से भी बच्चे घबरा जाते हैं। वहीं, डॉ मनीषा ने कहा कि परिजन को बच्चों को समझना होगा। उनको दोस्त बनाकर रखना होगा। बताना होगा कि वह उनके साथी हैं। जब भी परेशानी हो, जरूर शेयर करें। इसके लिए बच्चों के साथ समय बीताना होगा। अच्छा और गलत क्या है, बताते रहना होगा। घर के फैसलों में बच्चों को शामिल करना चाहिए।

### बच्चों के बदले व्यवहार को समझे परिवार के सदस्य

डॉ मनीषा ने कहा कि बच्चे जब आत्महत्या जैसे विचारों के करीब होते हैं तो उनकी गतिविधियां बदल जाती है। बात करने के तरीके से परिवार के लोग उनकी विचारों को समझ सकते हैं। जिसे आम भाषा में रेड फ्लैग्स कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में जब आत्महत्या जैसे विचार आते हैं तो उनके व्यवहार में कई बदलाव आते हैं जैसे बच्चे सोना कम कर देते हैं, सामाजिक रूप से अपने आप को दूर रखते हैं, ऐसे में बच्चे नेगेटिव बाते करते हैं, मौत की बाते करते हैं। वहीं, व्यवहार में परिवर्तन आने लगता है, जैसे चिड़चिड़ापन होना, अपने आपके के प्रति ढीलापन, आम व्यवहार में परिवर्तन का मतलब हो सकता है कुछ बुरा और अलग जिसे अभिभावक अक्सर नॉर्मल समझ कर नजरअंदाज कर देते हैं जबकि इसे ही प्राथमिकता समझकर जरूरी ट्रीटमेंट देने की आवश्यकता होती है। साथ ही डॉ ने कहा कि बच्चे के मन में छोटी से छोटी बात घर कर जाती है। चाहे वह परिवार की बात क्यों ना हो। सिर्फ परीक्षाएं ही नहीं बल्कि घर का वातावरण, दोस्तों से लड़ाई, टीचर की डांट, अधूरी इच्छाएं, जिद जैसी अनेकों चीजें हैं जो बच्चों के मन को आहत करती हैं। जिस पर ज्यादा सोचने का नतीजा आत्महत्या बन जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को परिवार में सकारत्मक माहौल मिलना चाहिए।

**बच्चों में बदलाव दिखे तो रिनपास या मानसिक चिकित्सक से करें संपर्क**

डॉ मनीषा किरण ने कहा- यदि बच्चे के व्यवहार में किसी तरह का बदलाव दिखने लगे या बच्चे के मन में आत्महत्या जैसे विचार पनपने लगे तो रिनपास में सम्पर्क कर सकते हैं या फिर किसी भी जिलें के मानसिक चिकित्सक असे संपर्क कर सकते हैं। दिए गए नंबर 9471136697 या टोल फ्री नंबर 14499 और 18003454060 पर संपर्क कर सकते हैं। डॉ मनीषा ने कहा- जरुरी नहीं की बच्चे को रिनपास या मानसिक चिकित्सक के पास लाया जाये बिना बच्चे को लाये भी परिवार के लोग डॉक्टर से बात करके कंसल्ट कर सकते हैं।



## एक नजर

### करकट्टा के राम भक्तों ने निकाली भव्य झांकी

**खलारी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव पर करकट्टा के राम भक्तों द्वारा निकाली गयी झांकी को सराहा गया। करकट्टा महावीर चौक में सभी राम भक्त गाजे-बाजे के साथ इकट्ठा हुए। यहां से जय श्रीराम का जयघोष करते हुए महावीरी झंडा के साथ भक्ति गीतों पर थिरकते झांकी श्री जानकी रमन मंदिर खलारी पहुंची। झांकी को श्रीजानकीरमन मंदिर व पहाड़ी मंदिर में तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न के बाद झांकी वापस करकट्टा बस्ती देवी मंडप पहुंची। जहां खूब आतिशबाजी की। इस मौके पर गौरव सिंह, सन्नी सिंह, अनमोल सिंह, किशन कुमार, अमित कुमार, रितेश साहू, दीप्तम कर, हर्ष प्रजापति, कृष कुमार, सुरज गंझू, प्रदीप पांडेय, हर्ष पांडेय उपस्थित थे।

### झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी ने पंचायत कमेटी का किया गठन

**सिल्ली।** सोमवार के दिन झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी द्वारा हालमाद एवं हाकेदाग पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें हालमाद पंचायत से अध्यक्ष सच्चिदानंद मांझी, सचिव चितरंजन महतो , उपाध्यक्ष दिनेश बेदिया, कोषाध्यक्ष मनोरंजन महतो हाकेदाग पंचायत से अध्यक्ष परमेश्वर बेदिया, सचिव भृगुराम महतो, कोषाध्यक्ष रघुनाथ बेदिया को सर्वसम्मति से चुना गया। पंचायत गठन कार्यक्रम में झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया , संगठन सचिव अजीत कुमार महतो, प्रखंड सदस्य दिलीप महतो, किसान मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो, युवा मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष फलहारी महतो, पंचायत समिति पिस्का अनिल मांझी,पंचायत समिति सदस्य हाकेदाग सह प्रखंड उपाध्यक्ष लखीराम बेदिया, किसान मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फागू बेदिया, लोधा बेदिया, मुख्तार आलम सुखदेव बेदिया तथा दोनों पंचायत के सक्रिय सदस्य गण उपस्थित रहे।

### लापुंग के ककरिया बजरंगबली मंदिर का पुनर्निर्माण करने का निर्णय

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया के बजरंगबली मंदिर का पुनर्निर्माण किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल सहित ककरिया के सभी श्रद्धालु ग्रामीणों ने मिलकर बजरंगबली मंदिर को ध्वस्त कर नवनिर्माण करने का निर्णय लेते हुए ध्वस्तीकरण के कार्य का शुभारंभ किया गया। तब तक बजरंगबली की पूजा अर्चना की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। यह जानकारी विपिन कुमार जायसवाल ने दी उन्होंने बताया कि सीताराम पाठक, गौरव पाठक, विपिन कुमार जायसवाल, रोहित कुमार, राहुल कुमार देवेंद्र वर्मा शिवनारायण वर्मा विक्रम सिंह, विनोद गुप्ता, सुमित कुमार, समीर कुमार गुप्ता मनीष कुमार सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति में निर्णय लेकर ध्वस्तीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया।

ककरिया का ऐतिहासिक 105 वां शिव मंडा पूजा का शुभारंभ

## शिव मंडा पूजा भगवान शिव के प्रति समर्पण है : खुदा राम



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के ककरिया का ऐतिहासिक 105 वीं तीन दिवसीय शिव मंडा महोत्सव का पहले दिन सोमवार को लोटन सेवा के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। लोटन सेवा के दौरान ककरिया के सभी सरना सनातन परिवार ने पवित्र तन मन और हृदय से लोटन सेवा के दौरान भगताओं का आशिर्वाद लिया। संपूर्ण गांव और पूरा समाज शिव मंडा पूजा के दौरान पूरी तरह से सात्विक आहार आचार विचार से एकजुट होकर शिव मंडा के दौरान अपनी आस्था और भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर समाजसेवी सह भाजपा नेता खुदा राम ने कहा कि शिव मंडा पूजा आदिवासियों एवं सदानों की भगवान शिव के प्रति हजारों साल पुरानी आस्था और समर्पण का अद्भुत प्रतीक के रुप में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन देखा जाता है। इसका इतिहास में भी उल्लेख किया गया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्य पटभक्ता महेंद्र लोहरा एवं शिवनंदन लोहरा ने भगताओं का नेतृत्व करते हुए पहले सोमवार को सुबह 10 बजे शिव मंडा टांड़ में स्थित भगवान शंकर की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद पारंपरिक रूप से कनकी नदी में पवित्र स्नान किया। 11 बजे 40 भक्ताओं का समूह पटभक्ता महेंद्र लोहरा एवं शिवनंदन लोहरा के नेतृत्व में लोटन सेवा के पूर्व पूरे गांव के बच्चों को अपने पैरों के स्पर्श से आशिर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर बच्चों सहित पूरा गांव दंडवत होकर अपने सिर पर भक्ताओं के पैरों से आशिर्वाद प्राप्त किया। यह अद्भुत दृश्य शिव के प्रति भक्ति के नजारा के रूप में देखा गया। सभी 40 भक्ताओं के पैरों से आशिर्वाद प्राप्त करने की होड़ सी मच गई। तत्पश्चात शुरू हुआ ऐतिहासिक शिवमंडा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष सह आयोजक वन बिहारी साहु, प्रदीप साहु, शुभम कुमार, रंजन कुमार, राहुल कुमार, बसंती देवी, लतिका देवी, तनु देवी, प्रियंका देवी ने सामूहिक रूप से पटभक्ताओं का विधिवत पूजा अर्चना कर उनका नगर प्रवेश कराया।

### गाजे बाजे के साथ विसर्जित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा

**खलारी।** खलारी से सटे चंडी स्थान परिसर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए विसर्जन कर दिया गया। इससे पहले श्रद्धा व भक्तिभाव से सुबह में मां का पूजन किया गया। अंतिम दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। सुहागिनों ने विदा होती मां दुर्गा की प्रतिमा का खोइछा भरा व एक दूसरे को सिन्दुर लगाया। वहीं करकट्टा देवी मंडप प्रांगण में श्री चंडी बासंतिक नवरात्र महोत्सव सह चंडी महायज्ञ के समापन के बाद आचार्य, ब्राह्मणों व कथाकार को आदर पूर्वक विदाई दी गई। विदाई के समय लोगों की आंखें नम हो गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### जंगली हाथी के हमले में बुजुर्ग किसान की मौत, इलाके में दहशत



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के जरिया पंचायत अंतर्गत टेंगरिया गांव में रविवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के 50 वर्षीय बुजुर्ग किसान सुरेंद्र सिंह की मौत जंगली हाथी के हमले में हो गई। यह हादसा रविवार रात को हुआ, जब सुरेंद्र सिंह किसी कार्य से बाहर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुरेंद्र सिंह पर अचानक एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया और उन्हें कुचल दिया। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें बचाने का प्रयास किया और उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी सांसे थम चुकी थीं। इस हादसे के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है।

### अंतर जिला महिला क्रिकेट के लिए टीम गठित

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला महिला क्रिकेट प्रतियोगिता( 2024-25 ) के लिए रांची जिला टीम का गठन कि गई है। रांची का पहला मैच बुधवार को चाईबासा में होगा। टीम मंगलवार को चाईबासा के लिए रवाना होगी। खिलाड़ी सुबह 8 बजे खादगढ़ा बस स्टैंड नंबर : 9 कांटा टोली में मैनेजर गिन्नी गीता कुजूर को रिपोर्ट करेंगे। टीम के खिलाड़ियों में ईसा केशरी ( कप्तान ), कुमारी मेघा, प्रिया कुमारी, मानसी सिंह, कुमारी पलक, गुर्लिन कौर, प्रीती तिवारी, पल्लवी कुमारी, सम्मी कुमारी, अंजुम बानो, आरती कुमारी, प्रियंश्री कुमारी, प्रतीक्षा पांडेय, आकांक्षा टोप्पो व विजया लक्ष्मी शामिल हैं। मैनेजर में गिन्नी गीता कुजूर व कोच में शब्बीर हुसैन शामिल हैं।

### मलखंब टीम चयन प्रतियोगिता आज



**रांची।** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन एवं खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में खेलों इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड बालक-बालिका मलखंब टीम का चयन प्रतियोगिता मंगलवार को आयोजित की गई। इस खुली चयन प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से संबंधित सभी जिला ईकाई के अतिरिक्त पूरे राज्य से कोई भी इच्छुक खिलाड़ी रंगीन आधार कार्ड लेकर सीधे प्रवेश कर सकते हैं। चयनित झारखंड टीम 5 से 8 मई तक बोधगया में आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 के तहत मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची के प्रांगण में अपराह्न तीन बजे शाम 6 बजे तक आयोजित की गई है। यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

### जेएपी सीए 10 विकेट से जीता

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमी फाइनल गोल चक्कर ग्राउंड में बुट्टी सीएए बनाम जेएपी सीए के बीच खेला गया। बुट्टी सीए ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बुट्टी सीए ने 31.3 ओवर में 10 विकेट पर 134/ रन बनाया। यशराज ने सर्वाधिक 54 रन बनाया। गेंदबाजी में अंश ने 4, शिवांक झा ने 3 व ओमदीप ने 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जेएपी सीए ने 16.2 ओवर में बिना विकेट खोए 135 रन बनाया। शिवांक झा ने 97 व श्रेयश ने 25 रन बनाया। जेएपी सीए 10 विकेट से जीता।

### यंग तरुण संगम ने 3 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में यंग तरुण संगम बनाम आरएसए के बीच खेला गया। आरएसए की टीम ने 30 ओवर में चार विकेट पर 214 रन बनाया। खालिद ने 65, अफ्फान ने 65 व वसीम ने 35 रन बनाया। सुमित ने 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी यंग तरुण संगम ने 28.4 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाया। सुरेंद्र ने 46, सुमित ने 33, निखिल ने 30, सिद्धार्थ ने 31, विकास ने 19 व प्रशांत ने 13 रन बनाया। वसीम ने 2 विकेट, साकिब ने 2 विकेट, एमडी अली ने 1 विकेट, कुणाल ने 1 विकेट, सूर्यांशु 1 विकेट लिया। यंग तरुण संगम ने 3 विकेट से जीत दर्ज की।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में सरहुल मिलन आज

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में सरहुल मिलन मंगलवार को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में 11 बजे से आरंभ होगा। इस उत्सव में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा पारंपरिक नृत्य, गीत, नाटक, वाद्य वादन और आदिवासी संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी जाएंगी।

### खूंटी में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण रहा त्योहार

**खूंटी।** मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्मोत्सव पर आज खूंटी जिले के शहरी क्षेत्र में धूमधाम से सामूहिक जुलूस निकाला गया. इसके साथ ही विभिन्न अखाड़ों द्वारा जगह-जगह भव्य झांकियां भी प्रदर्शित की गयीं. झांकियों में भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और भगवान हनुमान को आकर्षक परिधान में प्रमुखता से दर्शाया गया तथा धनुष-बाण के साथ भगवान राम की झांकी देखने लायक रही. रामनवमी के अवसर पर पूरा शहर राममय हो गया है.

लापुंग के महुगांव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## हमें अपनी लोक संस्कृति बचाने की जरूरत : सन्नी

- केंद्र सरकार का सांस्कृतिक मंत्रालय संस्कृति को बढ़ाने-बचाने के लिए प्रशिक्षण देता है और धनराशि भी



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के महुगांव में बजरंगबली मंदिर के समीप रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वाधान में सोमवार को देर शाम रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। इस मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हमारे झारखंड की परंपरा रही है। हमें अपनी लोक संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य सहित लोक कलाओं को न सिर्फ बचाने बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी हमारी अपनी पुरानी परंपरा संस्कृति और रीति रिवाज को उसी रुप में सौंपने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सांस्कृतिक मंत्रालय लोक संस्कृति लोक कलाओं को बढ़ाने के लिए न सिर्फ धनराशि देती है बल्कि बच्चों खास कर स्कूली छात्र-छात्राओं को इसके प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करती है। हमें ऐसी योजनाओं का भी लाभ उठाना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम लापुंग ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय रही है। हमें ऐसी कार्यक्रमों के साथ-साथ शिक्षा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। वहीं मुख्य धारा से जुड़े करमा उरांव ने कहा कि लापुंग सहित पूरे क्षेत्र को विकसित करने के लिए हमें मिलजुल कर सामूहिक रूप से प्रयास करने की जरूरत है। सरकार को ग्रामीणों की समस्याओं और उसके निराकरण पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीपनारायण सिंह 'दीपक'ने कहा कि महुगांव में सरना सनातन हम सभी मिलजुल कर रहते हैं। हमारी आपसी एकता ही हमारी मजबुती है। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकारों खासकर रूपेश बडाईक, दिलीप गोप, सुहाना देवी, प्रीति बरला, बसंती देवी मंजू देवी और फूल कुमारी ने अपनी गीतों से हजारों लोगों का मन मोह लिया। वहीं नृत्यांगना ने भी खूब लुभायी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनवमी पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपनारायण सिंह 'दीपक', महासंरक्षक शंकर साहु, श्रवण सिंह, उत्तम कुमार, कमेश साहु, हीरालाल साहु, कमल साहु, राजेश मेहता, पप्पू सिंह, आबिंद साहु सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विधानसभा में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

## जनजातीय समाज प्रकृति की पूजा करते हैं : राजेश कच्छप



**रांची।** झारखंड विधानसभा परिसर में सभा सचिवालय के पदाधिकारी व कर्मचारी की ओर से सरहुल/बाहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सरहुल मिलन समारोह विधि विधान के साथ शुरू हुआ। विधायक राजेश कच्छप ने मौके पर कहा कि जनजातीय समाज प्रकृति की पूजा करते हैं । हमारे ईष्ट देव भी प्रकृति के रूप में पूजे जाते हैं। सूरज की रोशनी और धरा की सृजनशीलता के मिलन से पेड़ पौधों में नए फूलों,फलों का लगना नए ऋतु के आगमन पर फसलों का लहलहाना इन सभी अवसरों को सम्मिलित रूप से प्रकृति पूजक जनजातीय समाज उत्सव के रूप में मनाते है ।इसी रूप में सरहुल /बाहा पर्व जनजातीय समाज का एक बड़ा उत्सव है ।माननीय मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरी दुनिया पर्यावरण के संरक्षण में बड़ी बड़ी योजनाएं बना रही है सरहुल /बाहा पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण की ओर प्रेरित करती है । इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएँ जनजातीय समाज के विभिन्न शैलियों पर अपनी नृत्यों संगीत का प्रदर्शन भी किए।माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा श्री रबीन्द्रनाथ महतो अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं होने पर सरहुल /बाहा मिलन समारोह के अवसर पर आयोजन समिति सहित सभी पदाधिकारी कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री महावीर मंडल ग्रामीण अध्यक्ष ने इटकी वासियों का जताया आभार

## ईद, सरहुल और रामनवमी में मिसाल बना इटकी



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी** इटकी में ईद, सरहुल और रामनवमी आपसी सौहार्द और भाइचारे के साथ संपन्न हुआ। हिन्दू, मुस्लिम और आदिवासी तीनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे के त्योहार में शामिल होकर एकता का परिचय दिया। विशेषकर रामनवमी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीण अध्यक्ष अजीत केसरी की अगुवाई में जमियत उल मोमिनीन, इस्लाह उल इराकीन, इस्लाही तन्जीम एवं सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के सदर सेक्रेट्री शोभायात्रा के साथ साथ चले। हमीदा पारा मेडिकल, इटकी टेंट हाउस, मुस्लिम अधिकार मंच सहित इटकी के अन्य सामाजिक संगठनों ने जगह जगह शर्बत, पानी और चना का स्टॉल लगा कर रामभक्तों का स्वागत किया। गुलजार रोड होते हुए जब शोभायात्रा गुजरने लगी तो मोहल्ले के लोगों ने राम सीता के वेश में सजे नन्हें मुन्ने बच्चों की तस्वीरें ली। शमीमाबाद के अंजुम जमाल, मुस्लिम अधिकार मंच के अफसर इमाम, उप प्रमुख परवेज राजा, आजसू के मुर्तजा आलम ने रामभक्तों के खेल की सराहना की एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रदेश कांग्रेस के आरिफ रजा ने इटकी एवं आसापास के सभी महावीर मंडलों एवं रामभक्तों को शुभकामनाएं दी।

### नेशनल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में मुरी के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन

**मुरी।** साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित नेशनल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के 32 बच्चो ने स्वर्ण पदक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। जिसमें कक्षा प्रथम से बारहवी तक के बच्चो ने भाग लिया था।

विद्यालय प्रांगण में आज सभी विजेता बच्चो को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के परीक्षा छात्र छात्राओ के स्वर्णिम विकास में सहायक होते हैं। उन्हें खुद को बेहतर साबित करने का मौका भी मिलता है। स्कूल के प्रधानाचार्य सी. एल. प्रजापति ने कहे की जितना अधिक आप प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेंगे, उतनी ही अधिक आप अपने छिपी प्रतिभा को निखारेंगे और आपको अधिक सफलता मिलेगी । स्कूल के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी विजेताओं को बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य की लिए शुभकामनाएं भी दिए एवं सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिए।

## 3 महीने का स्टॉक बचे तब अगले आर्डर की प्रक्रिया करें : प्रो (डॉ) हीरेन्द्र बिरुआ



**रांची।** रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रो ( डॉ ) हीरेन्द्र बिरुआ ने स्टोर पदाधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक की और दवाओं के अनुपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली बैठक के दौरान उन्होंने स्टोर पदाधिकारियों ( जनरल, सर्जिकल एवं केमिकल ) को क्रय समिति द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करते हुए 6 महीने की दवाइयां और सर्जिकल सामान का भंडार स्टोर में मंगवाते हुए उपलब्ध रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि स्टोर में उपलब्ध स्टॉक की नियमित निगरानी करते रहे और जब स्टोर में 3 महीने का स्टॉक बच जाए तब अगले आर्डर की प्रक्रिया शुरू कर दें, इस से दवाइयों एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता विभागों में बनी रहेगी। इसके अलावा, नेक्स्टजेन अस्पताल के स्टोर को एक रंग-कोडित सीमा प्रणाली विकसित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि आवश्यक स्टॉक की निगरानी की जा सके और बाद में उसे पुनः भरा जा सके। इस मुद्दे को राष्ट्रीय नवीन मेल ने कई बार उठाया था लेकिन अब जाकर रिम्स प्रशासन की नींद खुली है।

## डालसा और खलारी पुलिस के सहयोग से भटकती महिला को दिलाया गया आश्रय



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी थाना क्षेत्र के धमधमिया कालोनी में पिछले दो दिनों से लावारिस स्थिति में भटक रही एक अज्ञात महिला को बेहतर संरक्षण के लिए बिजुपाड़ा के माहेर आश्रम में शेल्टर दिलाया है। इस कार्य में खलारी थाना पुलिस, स्थानीय लोग व डालसा रांची चाइल्ड प्रोटेक्शन के मुन्नू शर्मा की अहम भूमिका रही। मुन्नू शर्मा ने बताया कि दो दोनों तक धमधमिया के सामाजिक कार्यकर्ता शशि उरांव द्वारा अपने घर में उक्त महिला को शरण दिया गया था। जिसकी सूचना उन्हें दी गई थी। इसके बाद खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो की पहल पर तत्काल वाहन उपलब्ध करा कर माहेर आश्रम में शेल्टर दिलाया गया। मुन्नू शर्मा ने बताया कि सचिव, डालसा रांची का निर्देश प्राप्त होते ही संज्ञान लेते हुए महिला के हित में यह कार्य किया गया है। इसके पूर्व में भी कई असहाय मानसिक रूप से बीमार महिलाओं को डालसा का सहारा मिलता रहा है। ज्ञात हो कि पांच दिन पूर्व यह महिला भटकते हुए खलारी केडी के अंबेडकर चौक पहुंच गई थी। वहां भी 2 दिनों तक महिला को रात्रि आश्रय व भोजन की व्यवस्था केडी के समाजसेवी लोगों द्वारा किया गया था। लेकिन महिला अचानक फिर कहीं निकल गई थी। काफी खोजबीन के बाद कुछ पता नही चल सका था।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण

**मांडर।** मांडर प्रखंड कार्यालय में सोमवार को राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच 322 स्मार्ट फोन का वितरण किया। इसमें मांडर प्रखंड की 167 और चान्हो प्रखंड की 155 सेविकाओं के नाम शामिल है। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि स्मार्ट फोन सरकार की तरफ से कोई तौहफा नहीं , बल्कि आंगनबाड़ी सेविकाओं की जरूरत है। इस स्मार्ट फोन के माध्यम से वो महिला , बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं को समय रहते धरातल पर उतार पाएंगी। चाहे वो पोषण ट्रैकिंग से जुड़ा काम हो या मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से जुड़ा निबंधन कार्य हो। अब वो स्मार्ट फोन की मदद से लाभुकों को इसका लाभ आसानी से दिला पाएगी । झारखंड सरकार को केंद्र की तरफ से अलग अलग योजना के मद में मिलने वाली राशि में 5 हजार करोड़ की कटौती की गई है । ये अच्छा संकेत नहीं है।

मोदी सरकार मुसलमानों पर जुल्म ढा रही है: डॉ इरफान अंसारी

## उर्दू अकादमी और मदरसा बोर्ड का गठन जल्द : हफीजुल अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** फूकबंदी मदरसा में आयोजित वार्षिक महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी और जल संसाधन मंत्री हफीजुल अंसारी शामिल हुए। इस ऐतिहासिक अवसर पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम, सामाजिक कार्यकर्ता और आम जनमानस की भारी उपस्थिति रही। मंच से डॉक्टर इरफान अंसारी ने भाजपा और मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। डॉक्टर अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा की मोदी सरकार जिस तरह से मुसलमानों पर बेवजह जुल्म ढा रही है, वह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि इस कौम की लड़ाई हम लोग मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे बतौर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री लगातार मुसलमानों की आवाज उठा रहे हैं और हर मंच से उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि बहुत जल्द उर्दू अकादमी और मदरसा बोर्ड का गठन किया जाएगा, जिससे हमारी आने वाली नस्लों को उनका शैक्षणिक हक मिलेगा और हमारी जबान और तहजीब को हिफाजत मिलेगी।

जितना पढ़ोगे, उतना सीखोगे और उतना ही आगे बढ़ोगे

## नए सत्र में छात्र-छात्राओं का विद्यालय में हुआ स्वागत




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** आदर्श उच्च विद्यालय शांति नगर खलारी में नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ हुआ। विद्यालय पहुंचे सभी नए एवं पुराने अध्यनरत छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया। छात्रों से कहा गया कि 'जितना पढ़ोगे, उतना सीखोगे और उतना ही आगे बढ़ोगे'। नई शिक्षा नीति के अनुसार नए सत्र में बदलाव भी किया जाएगा। इससे छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहयोग मिलेगा। बताया गया कि नर्सरी के बच्चों के लिए डिजिटल क्लासेस की व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। प्रधानाध्यापक फादर आस्कर टोप्पो ने छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय के विकास एवं छात्र-छात्राओं के विकास के लिए आपसी सहभागिता और समन्वय नीति के साथ नई शिक्षा नीति के आधार पर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि विद्यालय में पढ़ने वाले खलारी कोयलांचल के बच्चे एक बेहतर शिक्षा को प्राप्त कर सके। विद्यालय के प्रबंधक फादर हिलारियुस तिग्गा ने कहा कि विकसित राष्ट्र के की राह के लिए शिक्षा अति आवश्यक है।

## एक नजर

### रेलीगढ़ा में नवदिवसीय महायज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक नव दिवसीय महायज्ञ के समापन पर सोमवार को अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। पहले रेलीगढ़ा विधिवत कन्या पूजन कर भंडारा की शुरूआत किया। इसके बाद बतौर मुख्य अतिथि रेलीगढ़ा पीओ एएन सिंह, गिद्दी ए पीओ आरके सिन्हा ने प्रसाद का वितरण कर भंडारा की शुरूआत किया। भंडारा कार्यक्रम लगभग 2 बजे शुरू हुआ और देर रात्रि तक चलता रहा। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप रजक, प्रेमचन्द शर्मा, जगदीश सिंह, मुन्ना शर्मा, अनिल नायक, संतोष राउत, अजय कुमार, विकास सिंह, उत्तम वर्मा, श्यामसुंदर पांडेय, ऋषि दास, नमिता देवी, उषा देवी, सुकेश दुबे सहित अनेको महिला पुरुष, युवक और युवतियों ने भंडारा को सफल बनाने में योगदान किया।

### नगर परिषद रामगढ़ विधायक प्रतिनिधि बने पवन यादव

**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ विधायक प्रतिनिधि पोचरा निवासी पवन यादव बनाए गए हैं। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी ने इस बाबत चिट्ठी सौंप कर उन्हें जिम्मेवारी दी है। साथ ही जनता के हित में कार्य करने का भरोसा जताया। पत्र की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक रामगढ़, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी रामगढ़ को भी प्रेषित की गई है। इधर विधायक प्रतिनिधि मनोनीत होने पर पवन यादव ने विधायक को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ जिम्मेवारी मिली है। पूरी ईमानदारी से इसका पालन करुंगा। मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संपूर्ण नगर परिषद के सभी वार्ड में विकास की गंगा बहेगी। जनता के हित में सदैव खड़ा रहूंगा। इधर पवन यादव के विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने से समर्थकों में खुशी की लहर है।

### केदला में शॉट सर्किट से कार जल कर राख

**रामगढ़।** सीसीएल की केदला वाशरी में कार्यरत केदला नगर हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी सीसीएलकर्मी राकेश तुरी का हुंडई कार रविवार की रात शॉट सर्किट से जल कर स्वाहा हो गया। घटना के संबंध में मुखिया पूजा कुमारी ने बताया कि रात्रि लगभग 1:30 बजे खड़ी कार के इंजन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। कॉलोनी वासियों ने मुझे इसकी सुचना दी। मैने वेस्ट बोकारो दमकल विभाग को सुचना दिया। जब तक दमकल वाहन पहुंचा तब तक गाड़ी पुरी तरह जल कर खत्म हो गया। गाड़ी मालिक राकेश तुरी केदला बस्ती का रहने वाला है। मुखिया ने कहा कि अगर कॉलोनी में रहने वाले लोगों के घरो में पानी होता तो गाड़ी में आग लगते ही उसे बुझा दिया जाता। लेकिन इन दिनों सीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण केदला नगर में लागों के घरों में 8-10 पर एक घंटा पानी दिया जा रहा है।

## गांव -गांव हुआ राममय, लगे जयश्री राम के नारे

# बरही में निकली एक से बढ़कर एक झाकियां



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

महारामनवमी के अवसर पर प्रखंड के प्रत्येक पंचायत का हर एक गांव पूरी तरह राममय था. हर ओर नगाड़े की धुन और जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे. नवमी की देर संध्या होते ही बरही के विभिन्न मार्गों पर महाबीरी पताका के साथ जुलूस निकला तो पूरे शहरवासी के मुख से जयश्रीराम के नारे गूंजने लगे. नगाड़ों के गूंज के बीच लोगों के पारंपरिक लाठियों का खेल देखते ही बन रहा था जो लगभग रात्रि 8 बजे तक चला. रात्रि 10 बजे से झांकियों और शोभायात्रा का दौर प्रारंभ हुआ जो मंगलवार की सुबह चंद घंटों के लिए विराम लिया. संध्या 4 बजे से एक बार फिर नगाड़े की गूंज और जयश्रीराम के नारों के बीच प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि करीब 11 बजे समाप्त हुआ. इस दौरान लोगों को रामभक्तों के पारंपरिक अस्त्र शस्त्र संचालन के बीच एक से बढ़कर एक नृत्य देखने को मिला. धनबाद रोड भगवती मंदिर का समुद्र मंथन, महावीर मंडल का छावा मूवी पर आधारित झांकी, अंबेदकरनगर के श्रीराम अखाड़ा का सीता हरण और रावणवध, मल्लाह टोली के एकांकी, हजारीबाग रोड हनुमान सेना का संभा जी महाराज पर आधारित झांकी लोगो को खूब लुभाया. झांकी और जुलूस देखने के लिए आस पास गांवो से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे.

> *लोगों को रामभक्तों के पारंपरिक अस्त्र शस्त्र संचालन के बीच एक से बढ़कर एक नृत्य देखने को मिला. धनबाद रोड भगवती मंदिर का समुद्र मंथन, महावीर मंडल का छावा मूवी पर आधारित झांकी मिली*

### मुस्तैद रही प्रशासन व समिति के सदस्य

महारामनवमी जुलूस शांति और सौहार्द से संपन्न करवाने के लिए स्थानीय प्रशासन और महासमिति के पदाधिकारी पूरी तरह मुस्तैद थे. बरही चौक पर दोनो की ओर से शिविर लगाए गए थे. एसडीओ जोहान टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, डॉ प्रकाश ज्ञानी, इंस्पेक्टर आभाष कुमार आदि सहित प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में केंद्रीय, जिला और स्थानीय पुलिस जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में लगे रहे. जिन्हे महासमिति की ओर से भगवा पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया. वस्त्र वही महासमिति के अध्यक्ष भगवान केसरी और संरक्षक रमेश ठाकुर आदि सहित कई लोग जुलूस की देखरेख में लगे रहे और शांतिपूर्ण जुलूस संपन्न करवाने में अपनी भूमिका निभाई. इस दौरान स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव भी जुलूस में शामिल होकर रामभक्तों का हौसला बढ़ाने का काम किया. उन्होंने सभी अखाड़े वाले को शांति और सौहार्द के साथ रामनवमी मनाने की अपील किया.

### मारवाड़ी युवा मंच ने रामनवमी जुलूस में चना एवं शर्बत बांटी

**रामगढ़।** रामनवमी के पावन पर्व मारवाड़ी युवा मंच, रामगढ़ कैंट शाखा की ओर से रामनवमी जुलूस में रामभक्तों के बीच चना एवं शर्बत वितरण का चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सामने आयोजित किया गया। इस दौरान सैकडों श्रद्धालुओं के बीच बांटा गया। यह कार्यक्रम मंच के सामाजिक कार्यों की श्रृंखला का हिस्सा था। मंच ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करके भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण व्यक्त किया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष धीरज बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष आशीष अग्रवाल,सचिव श्रींजय मेवाड़, कोषाध्यक्ष आशुतोष बेरलिया, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल और मंच के सदस्यों ने भाग लिया। जबकि, इस कार्यक्रम के संयोजक युवा पंकज अग्रवाल, रौनक अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, संतोष गोकुलका एवं साकेत चौधरी ने सारी व्यवस्था संभालते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए।

## न्यूज | बॉक्स

### गिद्दी सी, होसिर और बलसगरा में रामनवमी जुलूस निकले

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी, होसिर और बलसगरा आदि गांवों में रविवार को रामनवमी का भव्य जूलूस निकला गया। गिद्दी ए में जुलूस की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि अरगड्डा क्षेत्र के जीएम एसके झा, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, गिद्दी पीओ आरके सिन्हा आदि ने तलवारबाजी करके शुरू किया। यह गिद्दी ए में हनुमान चौक से रामनवमी का जूलूस शुरू होकर गिद्दी मेनगेट शिव मंदिर, गिद्दी थाना शिव मंदिर, काली मंदिर, बड़ा शिव मंदिर होते हुए फुटबॉल मैंदान पहुंचा। जहां जुलूस में शामिल युवाओं आदि ने लाठी और तलवार बाजी की करतब दिखाया। इसके बाद जुलूस गिद्दी दुर्गा मंडप होते हुए गिद्दी अस्पताल चौक पहुंचा जहां संकट मोचन कमेटी के सदस्यों ने जुलूस का स्वागत किया। इसके बाद जुलूस आगे बढ़ते हुए गिद्दी चीप हाउस शिव मंदिर, डिसपेंसरी शिव मंदिर से गोल्डन क्लब के रास्ते वापस हनुमान चौक पहुंच कर समाप्त हुआ। रेलीगढ़ा में शिवमंदिर परिसर से जूलूस निकल कर पूरे कॉलोनी में घुमा। गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी, होसिर और बलसगरा आदि गांवों में भी रामनवमी जूलूस निकला। इस अवसर पर यूनियन नेता अरुण कुमार सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, जिप सदस्य सर्वेश सिंह, उपप्रमुख सुमन देवी, मुखिया हीरालाल गंझू, उषा देवी, शशिभुषण सिंह, मनोज सिंह, विजय प्रसाद, राजेश सिंह, उदय सिंह, संत कुमार सिन्हा, महादेव महली, सरिता देवी आदि उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न जुलूस के साथ आकर्षक झांकी भी निकाली गई। इसके पहले कॉलोनी और गांवों में घर घर में श्रद्धापूर्वक धूमधाम से रामनवमी का पर्व मनाया गया।

### आर्ष कन्या गुरुकुल का तलवारबाजी और लाठी से करतब देख गदगद हुए लोग



**हजारीबाग।** जिले में महिला सशक्तिकरण का अद्भुत नजारा रामनवमी के दौरान देखने को मिला. जहां महिलाओं ने हाथ में तलवार और लाठी के साथ करतब दिखाया. परंपरा के अनुसार आर्य समाज द्वारा संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल की ओर से रामनवमी का शौर्य शोभायात्रा निकाली गयी. इस दौरान आर्ष कन्या गुरुकुल की ब्रहमचारी और ब्रहमचारिणियों ने शानदार तलवारबाजी, लाठी और अन्य साहसिक खेलों का प्रदर्शन कर लोगों को आकर्षित किया. लाठी के साथ-साथ बालक और बालिकाओं का बैंड दस्ता भी चल रहा था. जुलूस में रथ और घोड़े भी शामिल किए गए थे. रथ पर आर्य समाज के प्रतिनिधि सवार थे. आर्ष कन्या गुरुकुल में पिछली एक माह से रामनवमी को लेकर तैयारी चल रही थी. गुरुकुल की छोटी-छोटी बच्चियों को परंपरागत हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था. प्रशिक्षण पूरा होने पर जब ब्रह्मचारिणियों ने सड़क पर अपना प्रदर्शन दिखाया तो सभी आश्चर्यचकित हो गए. इस आयोजन के पीछे का मकसद समाज को यह संदेश देना था कि बेटियां भी बेटों से काम नहीं हैं. गुरुकुल के आचार्य ने कहा कि हर बेटी को रानी लक्ष्मीबाई बनने की जरूरत है. बेटियां तैयार हो रही हैं, कल देश की रक्षा भी करेंगी.

### स्थायी व चलंत झांकी बनी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र

**रामगढ़।** रामनवमी को लेकर शहर राममय हो गया है। पूरे शहर को महावीरी झंडा से पाट दिया गया। शहर के सभी मंदिरों में आकर्षक रूप से सजावट की गई है। विद्युत परिधानों से मंदिर पट गए है। रामनवमी के तहत शहर में 12 स्थायी एवं 6 चलंत झांकी प्रस्तुत की गई है। इसमें रामगढ़ युवा संघ, गोला रोड, श्रीसत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर, झंडा चौक, गोलपार, किला मंदिर, मेन रोड़, रांची रोड़ में स्थायी झांकी प्रस्तुत की गई है। जबकि, दुसाध मुहल्ला, सौदागर मुहल्ला, गोलपार, शिवाजी रोड़ से चलंत झांकी प्रस्तुत की गई। चलंत झांकियां देर रात शहर में निकली। रामगढ़ थाना क्षेत्र में लाईसेंसी करीब 30 अखाड़ा है। इसमें दुसाध मुहल्ला बिहारी राम पासवान, कुंवर टोला झूनर विश्वकर्मा, गोलपार अवध बिहारी सिंह, अरगड्डा दीवाकर प्रसाद सिंह, नईसराय अरविंद कुमार जायसवाल, पंचमुखी हनुमान मंदिर लोहार टोला विजय जायसवाल, तेजपाल महतो मुर्रामकला, टिंकू कुमार हेसला, रविंद्र नाथ महतो लोहार टोला, ईश्वर सिंह नईसराय मोड़, कुंवर महतो मुर्रामकला, कार्तिक महतो सिरका, हरिचरण महतो, नेमचंद्र प्रसाद सौदागर मुहल्ला, जितेंद्र कैंथ किला मंदिर शिवाजी रोड़, महावीर बेदिया हेसला, टेकलाल महतो हुहुआ, प्रयाग महतो कांकेबार, चंदन पासवान दुसाध टोला, गणेश महतो कोठार, संतोष राम स्टाफ क्वाटर कैंटोमेंट, विजय कुमार पाठक झंडा चौक एवं विनोद कुमार कोयरीटोला सहित अन्य लाईसेंसधारी प्रमुख है। देर शाम विभिन्न अखाड़ों से जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल खिलाड़ी अस्त्र-शस्त्र का हैरंतअंगेज प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। साथ ही जयश्री राम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो रहा था।

## उपायुक्त ने ग्रामीणों संग की बैठक

# पतरातू पावर प्लांट शीघ्र चालू करने की तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा, बलकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान सर्वे, भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं संबंधित ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा पीवीयूएनएल के अधिकारियों को पतरातू प्रखंड अंतर्गत रसदा, बलकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम में ग्रामीणों के लिए आईटीआई प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अंचल अधिकारी पतरातू सहित अन्य उपस्थित थे।

## दो चोरियों के बाद पहुंची पुलिस

# स्कूल में लगातार दो दिन चोरी



### प्रधानाध्यापक ने थाना प्रभारी से शीघ्र यथोचित कार्रवाई करने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

थाना क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में बीते रविवार को प्रधानाध्यापक कक्ष समेत छह कमरे का ताला तोड़कर हजारों की संपत्ति चोरी होने का मामला प्रकाश में आया था, जिसे विभिन्न अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। इस बाबत प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने थाना में आवेदन देकर संबंधित मामले पर जांच करते हुए अज्ञात चोर को पकड़ने की गुहार लगाई थी। लेकिन ठीक उसके दूसरे दिन अर्थात सोमवार को पुनः उक्त विद्यालय के कॉमन रूम का ताला तोड़ा गया, तीन पंखे की चोरी की हुई और अंदर रखी हुई सामग्रियों को क्षतिग्रस्त किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक ने इसकी सूचना थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता को देते हुए मामले को गंभीरता से संज्ञान लेकर यथोचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है ।साथ ही उन्होंने चोरी किए गए सामग्री को बरामद करने का आग्रह किया है। विदित हो कि पहले दिन के चोरी में ताला तोड़कर एलईडी स्क्रीन पैनल टीवी के तीन बैटरी, पांच वाटर फिल्टर, प्लस टू कार्यलय से बैंक के दो पासबुक, प्रधानाध्यापक कक्ष के अलमीरा तोड़कर कई जरूरी कागजातों की चोरी एवं कई कागजातों को क्षतिग्रस्त कर किया गया था। सोमवार को पुनः ताला टूटने की सूचना जब थाना प्रभारी को मिली तो वे फौरन घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया ।

## हवन, पूणार्हुति के साथ महायज्ञ का हुआ समापन

# महायज्ञ के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

गौरिया करमा पंचायत के करमा ग्राम स्थित देवी मंडप में आयोजित महायज्ञ सोमवार को नौवें दिन हर्षोल्लास हवन, पूजन पूणार्हुति और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर हवन कुंड में आहुति देने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही. पूणार्हुति को लेकर महायज्ञ समिति की ओर से विशेष व्यवस्था किए गए थे. हवनोपरांत भंडारा प्रारंभ हुआ. जिसमें प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी भीड़ लगी रही. जो देर रात तक चलता रहा. इस दौरान महायज्ञ समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ श्रद्धालुओं को भंडारा का प्रसाद वितरण करने में लगे रहे.

**पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित :** महायज्ञ विसर्जन के पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा सहित महायज्ञ समिति के संरक्षक दुलार प्रसाद यादव, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, कोषाध्यक्ष आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. जिसमे सैकड़ो कि संख्या में श्रोता मौजूद थे. जिसका देर रात तक उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया.

## दंगल प्रतियोगिता के विजेता बने बाबा नागेंद्र दास, उप विजेता रॉबिन पहलवान

# प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक विरासत के संरक्षण का संदेश देना है : प्रशांत प्रधान

> *फाइनल मुकाबले में नेपाल, लखनऊ, राजस्थान और झारखंड से आए पहलवानों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

रामनवमी के पावन अवसर पर हजारीबाग के बड़ा अखाड़ा प्रांगण में रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन का समापन समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान संरक्षक राजकुमार यादव कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान एवं अन्य समिति पदाधिकारि व सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने मंच पर उपस्थित होकर देशभर से आए पहलवानों का उत्साहवर्धन किया और उनके खेल भावना की सराहना की। रामनवमी संरक्षण समिति वर्षों से इस परंपरागत आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करती आ रही है। समिति द्वारा हर वर्ष अष्टमी और नवमी के दिन कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से नामचीन पहलवान हिस्सा लेते हैं। इस वर्ष भी अष्टमी के दिन प्रतियोगिता के पहले चरण का आयोजन किया गया, जिसमें कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इन मुकाबलों में विजयी रहे प्रतिभागी रविवार को फाइनल में भिड़े। फाइनल मुकाबले में नेपाल, लखनऊ, राजस्थान और झारखंड से आए पहलवानों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने अपने दमखम और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों की तालियों की गूंज चारों ओर सुनाई दी। आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के आयोजनों से न सिर्फ पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलता है, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति रुचि भी बढ़ती है।

## धनवार व कोरियाडीह में निकाला गया भव्य जुलूस, सुरक्षा रही चाक चौबंद

# श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशियों का महापर्व है रामनवमी : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार व कोरियाडीह के ग्रामीण इलाकों में रविवार को रामनवमी पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों ने पूजा अर्चना की, लोगों ने अपने-अपने घरों में ध्वजारोहण कर पूजा अर्चना किया। कोरियाडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण हनुमान मंदिर, व धनवार शिव मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की। वहीं दोपहर में पूरे गाजेझबाजे व झांकियां के साथ राम भक्तों द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल राम भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए। वहीं मौके पर उपस्थित पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के इस पावन अवसर पर आस्था के समागम का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान श्री राम आप सभी की मनोकामनाएं पूरी करें, यही मंगल कामना है। उन्होंने कहा कि पूरी श्रद्धा,भक्ति, उत्साह, उमंग, और खुशी के साथ हम रामनवमी महापर्व मना रहे हैं। यह भगवान श्री राम के प्रति हमारी असीम, श्रद्धा, एवं आस्था का परिचायक है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस शिव मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना करते हैं। हम मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें, रामनवमी महापर्व यही संदेश देता है। इस मौके पर स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साहू, विनोद कुशवाहा, सुरेश प्रसाद कुशवाहा सहित सभी राम भक्त मौजूद थे।

# गोला में आकर्षक झांकियों के साथ निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। गोला**

गोला सहित कुसुमडीह, मगनपुर, बेटुलकलां, बरलंगा, चाड़ी, रकुवा, सुतरी, हेसापोड़ा, बरियातु, साड़म व ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गया। गोला शहर में देर शाम तक रामनवमी का आकर्षक जुलूस निकाला गया। जुलूस में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर लोग झूम उठे। झांकी में भगवान श्रीराम के दरबार के साथ भगवान राम की जीवनी पर आधारित कई अन्य आकर्षक झांकियां निकाली गई। डीजे व बैंड बाजे के साथ निकली भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष व युवक युवतियां शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल लोगों के हाथों में ध्वज के साथ लाठी, डंडा, तलवार व अन्य पारंपरिक हथियार पकड़े हुए थे। युवक युवती हाथों में पारंपरिक हथियार लहराते हुए जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। जिससे पूरा माहौल राममय हो गया। शोभायात्रा में झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं। आयोजक ब्रजेश सिंह, योगेंद्र नायक सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा की तैयारी विगत एक सप्ताह से की जा रही थी। जिसके बाद रविवार रामनवमी पर्व पर धूमधाम से श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल अधिकांश महिला पुरुष भगवा कुर्ता पहनकर व गले व सिर पर भगवा पट्टा लगाए नजर आए। सभी के माथे पर तिलक लगा हुआ था। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों में रामनवमी को लेकर गजब का उत्साह नजर आया।

### रामनवमी शोभायात्रा का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया भव्य स्वागत, जुलूस में हुए शामिल

रामनवमी जुलूस का मुसलमानों ने किया स्वागत-कुसुमडीह व सोसोकलां गांव में रामनवमी शोभायात्रा का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भव्य स्वागत किया।

# 1990 से हजारीबाग में 'राम ग्यारहवीं जुलूस' निकलना प्रारंभ हुआ था : विजय केसरी

> *तीन दिनों तक लगातार चलने वाले इस रामनवमी के जुलूस में विभिन्न धर्मावलंबियों के लोग खुले हृदय से शामिल हुए*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

रामनवमी जुलूस के शोधकर्ता सह श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के पूर्व महामंत्री विजय केसरी ने कहा कि हजारीबाग में शांतिप्रिय ढंग से रामनवमी का जुलूस संपन्न हो, इस निमित्त विधि व्यवस्था को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन की पहल पर 1990 से 'राम ग्यारहवीं जुलूस' निकलना प्रारंभ हुआ था। हजारीबाग जिला प्रशासन की यह पहल कालांतर में शांति स्थापना की दृष्टि से काफी सफल रहा था। इस वर्ष यह 'राम ग्यारहवीं जुलूस' 35 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।?इस बार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जयंती पर हजारीबाग जिले में निकलने वाले रामनवमी जुलूस का राम ग्यारहवीं के दिन अर्थात 8 अप्रैल की संध्या तक समाप्त होगा। ध्यातव्य है कि तीन दिनों तक लगातार चलने वाले इस रामनवमी के जुलूस में विभिन्न धर्मावलंबियों के लोग खुले हृदय से शामिल होकर आपसी भाईचारे का एक मिशाल प्रस्तुत कर जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि 1918 में शुरू हुआ यह जुलूस तब सिर्फ नवमी को दिन में ही निकल कर संध्या तक समाप्त हो जाया करता था, लेकिन 1948 के लगभग वासंतिक दुर्गा पूजा के जुलूस के साथ रामनवमी के जुलूस का दसवीं जुलूस के रूप में विस्तार हुआ था। बाद के कालखंड में रामनवमी जुलूस के बढ़ते आकार, लाखों की संख्या में शामिल होते राम भक्त गण, झांकियों की संख्या में लगातार वृद्धि एवं विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की पहल पर 1990 से यह जुलूस ग्यारहवीं की सुबह में जामा मस्जिद मार्ग से गुजरने लगा। पूरे जुलूस को गुजरने में लगभग 12 से 14 घंटे लग ही जाते हैं । रामनवमी के इस जुलूस को शांति प्रिय ढंग से गुजारने की दिशा में जिला प्रशासन का यह प्रयोग काफी सफल सिद्ध हुआ। रामनवमी का यह जुलूस सुबह-सुबह जामा मस्जिद मार्ग से गुजरने के दौरान बीते 34 वर्षों में किसी भी तरह की कोई अशांति नहीं हुई।

## कुंए में गिरने से व्यक्ति की मौत समय पर नही मिला एंबुलेंस



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के कोनमेजरा सियादोहर में एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय प्रदीप कुल्लु, पिता पीटर कुल्लु की मौत हो गई। प्रदीप सड़क किनारे स्थित एक पुराने कुँए में अचानक गिर गए और गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने की वजह से परिजन और ग्रामीण काफी परेशान हुए। मजबूरी में उन्होंने निजी एम्बुलेंस का सहारा लिया और प्रदीप को सदर अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि 108 एम्बुलेंस समय पर पहुँचती, तो शायद प्रदीप की जान बच सकती थी। यह घटना 108 एम्बुलेंस सेवा की बड़ी लापरवाही को उजागर करती है, जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने के लिए बनाई गई है। सरकारी व्यवस्था में ऐसी लापरवाही न केवल आमजन का विश्वास तोड़ती है, बल्कि अनमोल जानों को भी छीन लेती है। लोगों ने प्रशासन से माँग की है कि 108 सेवा की निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो।

## मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन को सिमडेगा में दिया जा रहा बढ़ावा

**सिमडेगा।** झारखंड के आदिवासी बहुल जलाशयों में स्कैम्पी मत्स्य पालन को स्थायी बनाने की दिशा में आईसीएआर-सीआईएफआरआई द्वारा डीओएफ, झारखंड के सहयोग से पहल जारी है। सितंबर 2023 से सिमडेगा के केलाघाघ, गुमला के मसारिया और हजारीबाग के घाघरा जलाशयों में यह परियोजना सक्रिय है।इधर सिमडेगा केलाघाघ जलाशय में हितधारकों की बैठक हुई, जिसमें स्कैम्पी स्टॉक की वर्तमान स्थिति और समस्याओं की समीक्षा की गई। अगस्त 2024 में डाले गए स्कैम्पी 30-35 ग्राम के हो चुके हैं, जिन्हें 125-150 ग्राम तक पहुंचने तक पालन किया जा रहा है। मछुआरे सतर्कता से फीडिंग प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं और शिकारी मछलियों को हटाने का कार्य भी जारी है।

### उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में कारामंडल से संबंधित हुई समीक्षा बैठक

# कारामंडल में बंद कैदियों को मिले मूलभूत सुविधाओं का लाभ : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कारा मंडल से संबंधित बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान कारा मंडल में आधारभूत संरचनाओं सहित अन्य संबद्ध की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधी विषयों पर चर्चा किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अर्ध निर्मित बंदी बैरक, कारा में चिकित्सीय सुविधा, सुरक्षा अंकेक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, बंदियों के लिए शैक्षणिक व्यवस्था, कारा में जल एवं विद्युत व्यवस्था एवं योगा अभ्यास करने सहित अन्य संबंधित विषय पर प्रस्तावित पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया गया।

उन्होंने पूर्व से अर्ध निर्मित बंदी बैरक आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे डिमोलिश कर नए इंस्ट्रूमेंट तैयार कर प्रस्ताव भेजने की बात कही। तथा एजेंसी पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कारा में बंदियों के स्वास्थ्य के नियमित जांच एवं चिकित्सक प्रबंधन हेतु समुचित व्यवस्था के तहत डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला बंदियों एवं उनके साथ रहने वाले बच्चों के नियमित जांच एवं इलाज हेतु स्त्री रोग एवं शिशु रोग विशेषज्ञ हेतु डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भी प्रतिनियुक्ति करने हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया। कारा में टेलिमेडिसीन, पैथोलॉजिकल जांच सहित थाईरॉयड जांच की सुविधा अविलंब बहाल करने हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया।

कारा में बंदियों की व्यावसायिक प्रशिक्षण करने हेतु आरसेटी डायरेक्टर एवं परियोजना निदेशक आत्मा को मशरूम, स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट की खेती उत्पादन के लिए प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे कारा में जल एवं विद्युत की व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को सभी विद्युत तारों को दुरुस्त करने एवं सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मति की बात कहीं। साथ ही बंदियों को प्रतिदिन योगासन कराने के लिए एक योगा शिक्षक को रखने का निर्देश दिये। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, कारा अधीक्षक अजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



### डीसी ने जनता दरबार में आम जनों की समस्याओं का किया समाधान

**सिमडेगा।** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी का शोभायात्रा शांति पूर्ण ढंग से निकाला गया।विभिन्न गांव से आए लोगों ने बोलबा में पहुंच कर दुर्गा मंदिर से लेकर थाना परिसर तक जुलूस गया। जुलूस का नेतृत्व थाना प्रभारी संतोष कुमार राय खुद जुलूस में शामिल होकर जुलूस की बिधि व्यवस्था देख रहे थे।इसके बाद गंझू डांड में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसके पूर्व में मुख्य अतिथि में थाना प्रभारी संतोष कुमार राय , सीओ सुधांशु पाठक को बैच पहना कर स्वागत किया गया ।इसके बाद एक लाठी का ,तलवार का करतब और सामूहिक रूप से कार्यक्रम पेश किया गया।इसके बाद सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया सुरजन बड़ाइक,चंद्रशेखर सिंह,परमानंद बड़ाइक ,अजय जायसवाल आदि का सहयोग रहा।वही मौके पर पुलिस आजेंद्र सिंह, सी ई सिद्धेश्वर पासवान ,टकबर सिंह ,मुखिया बिनोद बड़ाइक आदि उपस्थित थे।

### कोलेबिरा प्रखंड सभागार में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई गुरु गोष्ठी



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड सभागार परिसर में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरुण कुमार पांडे की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया।गुरु गोष्ठी में कोलेबिरा प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। गोष्ठी में पठान पठान, मध्यान भोजन, विद्यालय विकास, साइकिल वितरण आदि विषयों पर चर्चा की गई, बैठक में मुख्य रूप से मध्यान भोजन बनाने में एलपीजी गैस का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावे विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति उनके पठन-पाठन कार्यों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो , बीपीओ नीलिमा कुजूर , अभियंता अब्दुल रशीद, उमाशंकर प्रसाद ,सुचित्रा प्रसाद , बालमुकुंद सिंह, विजयंत गुप्ता, मुकुट गुड़िया, शंकर लकड़ा, केदार कुमार मोहंती, नकुल प्रसाद के अलावे प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### उकौली में तारक हनुमान मंदिर स्थापना दिवस के मौके पर निकाली गई कलश यात्रा



**बानो।** बानो प्रखंड के उकौली में तारक हनुमान मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने भाग लिया।कलश यात्रा तारक मंदिर स्थित यज्ञ स्थल से आरंभ होकर जलाशय पहुची।जहां वैदिक मंत्रोच्यार के साथ कलश मे जल भरा गया इसके बाद कलश यात्रा विभिन्न मार्ग होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची।इस दौराण जय श्री राम,जय हुनमान के नारों से क्षेत्र गुंजयमान रहा।इसके साथ ही दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आरंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अभिमन्यु सिंह सह धर्म पत्नी सहवैत देली व पंडित श्यामु ने पुजा अनुष्ठान कराया।इसके बाद को अधिवास व नामकरण के साथ अखंड हरि कीर्तन आरंभ किया जयेगा।मंगलवार को पुर्णाहुति व नगरभ्रमण व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।।इस अवसर पर रमानंद सिंह, आनंद महतो, मदन महतो, रामेश्वर सिंह, गुणेंद्र सिंह, राजेश सिंह, सुरेश महतो, भुषण महतो, घनंजय सिंह, सुखेश्वर सिंह, वैशाखु महतो, गोपाल सिंह, राधा सिंह, रामेश्वर सिंह के अलावा समिति सदस्य उपस्थित थे।

### रामनवमी पर रायकेरा में 20 किमी लंबी शोभायात्रा, पारंपरिक खेलों में दिखा उत्साह



**बानो।** रामनवमी के पावन अवसर पर रायकेरा गांव में भव्य शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे शुरू हुई शोभायात्रा बिरहुली करजटोली, कोहीपाट, हुरदा, पटातिरील, गेरदा होते हुए गेनमेर तक निकाली गई, जिसकी लंबाई लगभग 20 किमी रही। शोभायात्रा में सजाई गई पिकअप वैन, झांकियों से सजे ट्रैक्टर व सैकड़ों बाइकों के साथ 300 से अधिक लोग शामिल हुए।राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के वेश में क्रमशः गायत्री कुमारी, सुनीता कुमारी, गंगा कुमारी व सोनू आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम स्थल हनुमान मंदिर परिसर में तीरंदाजी, भाला फेंक, गुलेल निशान, तलवार भांज एवं लाठी प्रदर्शन जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ। विजेता प्रतिभागियों को श्री रामनवमी पूजा समिति द्वारा तलवार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। संचालन हिंदू जागरण मंच के शिवशरण सिंह ने किया।मौके पर गिरदा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह, गुरुदत्त , मदन रामलगन , ओमीन सिंह, कृष्णा सिंह, योगेन्द्र सूरज , लक्ष्मी देवी, सोमारी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच पर समिति अध्यक्ष सुमन , सचिव अर्जुन जी एवं कोषाध्यक्ष धनंजय मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ,पार्टी के स्थापना दिवस पर चर्चा हुई

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ. पार्टी की स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी के ऐतिहासिक जनादेश ने देश स्तर पर यह स्पष्ट कर दिया है कि लोग बीजेपी की अच्छी शासन व्यवस्था को मान्यता दे रहे हैं। पार्टी के द्वारा सिमडेगा विधानसभा के लिए दुर्ग विजय सिंह देव, ओम प्रकाश साहू, अनूप केशरी और अनिरुद्ध सिंह को प्रवक्ता प्रतिनियुक्त किया गया।

## श्री राम सीता के जीवन को जानें, समझें व उनके बताए मार्ग पर चलें : राजेश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**





**पाकरटांड।** पाकरटांड के पालेडीह गांव में रविवार की रात सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री रामरेखा धाम पालेडीह के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह एवं अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता, पंचायत के मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू पूर्व मुखिया अजीत लकड़ा,कैरेबेडा मुखिया विनीता खाखा,पूर्व मुखिया तेज लकड़ा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में शामिल जन समूह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह ने श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया।

कहा कि आज पूरे देश में राम जन्मोत्सव मन रहा है। हमारा सौभाग्य है कि इस गांव के रामरेखा धाम में भगवान प्रभु श्री राम का चरण पड़ा था। युग तेजी से बदल रहा है ऐसी परिस्थिति में हमें राम को जानने और समझने की जरूरत है। एक ओर श्री राम माता पिता और गुरु के आज्ञापालक हैं तो सीता उनकी छाया।

इनके जीवन आदर्शों को आत्मसात करना ही रामनवमी पर्व की सार्थकता होगी। मंगल सिंह भोगता ने ग्रामीणों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और शांति पूर्ण तरीके से रीझ रंग का आनंद लेने की अपील की। लक्ष्मीकांत बड़ाईक के वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बिंदेश्वरी देवी, बीरबल नायक, रितिका देवी के गीतों पर दर्शक झूम रहे थे। डांसर पिंकी के डांस ने युवा श्रोताओं में जोश भरने का काम किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य लोग शामिल हुए।

## सिंदूर खेला में उमड़ा महिलाओं का उत्साह

**सिमडेगा।** सलडेगा चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित सिंदूर खेला कार्यक्रम में सोमवार को महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। परंपरा अनुसार, सबसे पहले माता दुर्गा की प्रतिमा पर सिंदूर अर्पित किया गया, इसके बाद सभी महिलाओं ने एक-दूसरे के मांग में सिंदूर भरते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की।सिंदूर खेला के इस आयोजन में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर शामिल हुईं और धार्मिक गीत के थाप पर जमकर नाचीं। मौके पर महिलाओं ने कहा कि मां दुर्गा को सिंदूर भेंट कर एक दूसरे को मांग भरने से अखंड सौभाग्य की आशीर्वाद प्राप्त होती है जिसको देखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।चैती दुर्गा पूजा के अंतिम दिन आयोजित यह आयोजन सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक एकता और पारंपरिक आस्था का प्रतीक रहा। महिलाओं ने इसे मां दुर्गा का आशीर्वाद मानते हुए पूरे श्रद्धा भाव से मनाया। पूरे गांव में इस अवसर पर उल्लास और भक्ति का वातावरण रहा।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला योजना शाखा द्वारा संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला योजना शाखा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया।बैठक में उपायुक्त द्वारा अनाबद्ध निधि एवं सीएसआर तकनीकी विभाग अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में अधतन स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लिए तैयार की गई योजनाओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने जिले में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली, उन्होंने सभी संचालित योजनाओं में गति लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत सभी योजनाओं को ससमय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त द्वारा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें तथा जो कार्य अपूर्ण है उनमें आवश्यक गति लाकर पूर्ण करायें। अगर किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो तत्काल सूचना देना सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण, भवन निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल, एनआरपी व कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में डब्ल्यूएचओ का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है।संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने विश्व स्वास्थ दिवस के थीम "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य" जिसके उद्देश्य माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ पर विस्तार पूर्वक बताया। जिसके साथ ही समाज में जागरूकता लाने पर बल दिया।जीएनएम की प्राचार्या एरेन बेक कहा कि कॉलेज में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों और समुदाय के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है।एएनएम की प्राचार्या निशि डुंगडुंग ने विश्व स्वास्थ दिवस पर प्रकाश डालते हुए दैनिक दिनचर्या में परिवर्तन लाने का संदेश दिया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना था। इससे छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त करने और समुदाय के साथ जुड़ने का अवसर मिला।व्याख्याता कविता कुमारी ने भी विश्व स्वास्थ दिवस के आवश्यकता, उद्देश्यों और लक्ष्य पर कार्य करने पर प्रकाश डाला। मौके पर संस्थान के समन्वयक रविकांत मिश्रा, ट्यूटर आई वी सुप्रभा, वंदना धनवार, तनुप्रिया साहू, अल्बिना टोपनो, वार्डन माटिल्डा तिर्की, प्रिया कुमारी, लीलावती साहू, बिनीता कुमारी सहित संस्थान की सभी छात्राएं शामिल रहीं।

## रामनवमी के मौके पर कोनमेंजरा में अखाड़े का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर धवाईपानी कोनमेंजरा के श्री महावीर मंदिर प्रांगण में, श्री रामनवमी प्रबंधक समिति के तत्वावधान में रामनवमी अखाड़े का आयोजन किया गया।जहाँ पंचायत के विभिन्न अखाड़ों से भक्त महावीरी पताकों के साथ गुंजायमान नारे लगाते हुए पहुंचे और वहां महावीरी पताकों का मिलान हुआ।उन्होंने सभी को रामनवमी की शुभकामनायें देते हुए उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया, उन्होंने कहा आज श्रीराम नवमी का यह पावन पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की शिक्षाओं और आदर्शों को अपने व्यक्तित्व में उतारने के लिए संकल्प लेने का दिन है,धर्म के सर्वोच्च स्वरूप, मानवता के आदर्श अराध्य श्रीराम के शिक्षाओं को ग्रहण कर ही रामराज्य की कल्पना को साकार करें और समाज को संगठित कर धर्म की पताका इस देश में लहराते रहे. कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत कुमार ने भी सम्बोधित किया।

## जिले में कहीं भी बाल मजदूरी ना कराईं जाए : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य व जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पहले मिशन वात्सल्य के तहत बालिकाओं व बालकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बाल कल्याण समिति से मिशन वात्सल्य में किए गए कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने समिति के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बाल मजदूरी पर रोक लगाने हेतु जिले के विभिन्न होटल एवं ढ़ाबाओं में औचक निरीक्षण करें, किसी भी होटल में बाल मजदूरी कार्य करते हुए पाए जाते हैं तो मलिक पर कानूनी कार्रवाई करें। साथ ही जितने भी बाल मजदूरी बच्चे रेस्क्यू किए गए हैं। उसे बच्चों को शिक्षा एवं योजना से जोड़ने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने मिशन वात्सल्य के जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्यों को जिले एवं प्रखंड की भ्रमण कर बाल मजदूरी की सभी जगह पर जांच करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा जिले में कहीं भी बाल मजदूरी ना कराईं जाएं इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने बाल सुरक्षा समितियों की महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों को उनका अधिकार दिलाने और उनके साथ होने वाली किसी भी प्रकार की उपेक्षा या हिंसा को रोकने के लिए हर स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित बालक व बालिका गृह के बच्चों व बच्चियों को मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जाना। वहां के बच्चों का कैटिगरीज वाइज डाटा पोर्टल पर एंट्री करने की बात कही। तथा एक बच्चे की फिजिकल चैलेंज है उसका बड़े अस्पतालों में इलाज कराने हेतु सिविल सर्जन एवं विभाग के अधिकारियों से सामान्य स्थापित करने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने बच्चों की खेलने की सामग्री, बच्चों का बाल समिति गठन, पुस्तकालय आदि की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी, श्रम अधीक्षक सहित सभी कर्मी गण उपस्थित थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**






**सिमडेगा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिमडेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल, सिमडेगा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ और विधिक अधिकारों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में डिप्टी एलएडीसीएस चीफ बृखभान अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का मतलब विश्व के लोगों को स्वस्थ रखने का उद्देश्य उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कैसे आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी को समय पर इलाज नहीं मिल रहा या सरकारी अस्पताल से जुड़ी कोई समस्या है, तो वे विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क कर सकते हैं, जो न्यायालय के माध्यम से उन्हें उचित सहायता दिलाने का प्रयास करता है। उन्होंने विधिक अधिकारों की जानकारी देना भी महत्वपूर्ण बताया, जिससे नागरिक अपने हक को समझ सकें और उसके लिए आवाज उठा सकें।उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा का अधिकार का एकमात्र उद्देश्य है कि न्याय सबके लिए है ।कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. आनंद खाखा ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने तंबाकू सेवन के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और लोगों से इसे छोड़ने की अपील की। उन्होंने योग को दैनिक जीवन में शामिल करने की सलाह दी और कहा कि यह मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसके साथ ही उन्होंने खुद को स्वस्थ रखने के कई उपयोगी टिप्स दिए, जिसमें संतुलित व पोषण युक्त भोजन, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद पर विशेष बल दिया। डॉ. खाखा ने "100 दिन टीबी अभियान" की भी संक्षिप्त जानकारी दी, जो सिमडेगा जिले में चलाया जा रहा है और इसका उद्देश्य टीबी मरीजों की पहचान कर उनका निशुल्क इलाज सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर एएनएम ट्रेनिंग स्कूल, सिमडेगा की छात्राएं एवं पारा लीगल वॉलंटियर्स भी मौजूद थे, जिन्होंने पोस्टर, स्लोगन और संवाद के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया।

## एक नजर

### धनबाद में करंट लगने से मजदूर की मौत, फैक्ट्री में काम करते वक्त हुआ हादसा

**धनबाद।** जिले के कुमारधुबी ओपी क्षेत्र की पंचमोहली पंचायत अंतर्गत बरडंगाल स्थित एक फैक्ट्री में सोमवार की सुबह करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई है. मृतक की पहचान जूनकुंदर निवासी ललन भुइंया के रूप में की गई है. हादसे के बाद आनन-फानन में मजदूर को स्थानीय नर्सिंग होम में लाया गया था. जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया. इधर, घटना की सूचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस नर्सिंग होम पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना के संबंध में मृतक के पिता जूनकुंदर निवासी कुलेजन भुइयां ने बताया कि बेटा रोजाना की तरह सुबह काम करने फैक्ट्री गया था. उन्हें कुछ देर पूर्व सूचना मिली कि उनका बेटा अस्पताल में भर्ती है.

### बोकारो में भव्यता के साथ निकाली गई शोभायात्रा, रामधुन पर नाचते नजर आए श्रद्धालु

**बोकारो।** भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. रामनवमी के मौके पर बोकारो में विभिन्न जगहों पर आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई. इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए. जुलूस और झांकी देखने के लिए सड़कों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी.बोकारो के रेलवे फाटक के पास से शोभायात्रा की शुरूआत हुई. इस मौके पर बोकारो विधायक श्वेता सिंह, पूर्व विधायक बिरंची नारायण जुलूस में शामिल हुए. शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी भी शामिल रही. जिसमें भगवान शिव, मां पार्वती, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और बजरंगबली की झांकी आकर्षण का केंद्र रही. राम भक्त राम धुन पर झूमते नजर आए.

# अगलगी की घटना से प्रकृति का भारी नुकसान, पेड़ - पौधे जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
इन दिनों जंगलों में हो रही आगलगी की घटना काफी बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही आगलगी की घटना से प्रकृति का भारी नुकसान हुआ है। महुआ चुनने के लिए जंगलों में लगाए गए आग के कारण कई पेड़ पौधे जलकर खाक हो गए तो कई हरे - भरे पेड़ पूरी तरह सुख गए। यह मामला केवल तिसरी प्रखंड का नहीं है बल्कि जिले के कई ग्रामीण इलाकों में यही हाल है। खैर बात करते हैं तिसरी प्रखंड की, प्रखंड क्षेत्र के कई इलाकों में महुआ चुनने के लिए लगाए जाने वाले आग ने प्रकृति का भारी नुकसान किया है। महुआ के पेड़ के नीचे लगाया गया आग धीरे धीरे फैलते हुए आस - पास के पेड़ - पौधों और जंगलों को अपनी चपेट में ले लिया। बीते दिनों सलगाडीह के जंगलों में हुई आगलगी की घटना के बाद


किसुन यादव जिला प्रतिनिधि जिला परिषद


रिंकू बरनवाल प्रखंड अध्यक्ष जेएमएम


सोनू हेंमब्रम, भाजपा नेता


प्रमुख राजकुमार यादव


तिसरी - चंदौरी मुख्य मार्ग स्थित बरहमसिया में भी यह घटना हुई। जिसमें अन्य जंगली पेड़ों के साथ - साथ वन विभाग द्वारा सड़क किनारे लगाए गए सैकड़ों पेड़ों में कई पेड़ जलकर खाक हो गए तो कई पेड़ पूरी तरह सुख गए। इसके अलावे तिसरी के गेस्ट हॉउस के पीछे स्थित बंद पड़े नर्सरी में भी आगलगी से कई पेड़ जल गए हैं। आगलगी की घटना के लिए किए जा रहे प्रचार - प्रसार का लोगों पर कोई असर नहीं हो रहा है। घटना इतनी बढ़ गई है कि वन विभाग भी इसकी चपेट में आ गया। बीते दिनों तिसरी बीट कार्यालय में रखी जब्त की गई लकड़ियां भी जल चुकी है। हालांकि विभाग ने समय रहते पानी टैंकर मंगवाकर आग पर काबू पाया फिर भी 3 ट्रैक्टर लकड़ियां जलकर खाक हो गई।

## जनप्रतिनिधियों ने की जंगलों में आग न लगाने की अपील

इसको लेकर अब तिसरी के जनपतिनिधियों ने भी आवाज उठाना शुरू कर दिया है। प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव,जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत, जिप सदस्य प्रतिनिधि किशुन यादव, तिसरी के मुखिया किशोरी साव, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल और भाजपा नेता सोनू हेमब्रम ने लोगों से जंगलों में आग न लगाने की अपील की। सभी ने एक स्वर में कहा कि थोड़े से महुआ के लालच में लोग प्रकृति का बड़ा नुकसान कर रहे हैं। जिसका परिणाम आने वाले दिनों में हम सब को भुगतना पड़ेगा। सब जानते हैं कि पेड़ - पौधों से ही हमें ऑक्सीजन मिलता है,जंगलों में आग लगाने से कई पेड़ - पौधे जल जाते हैं, इतना ही नहीं जमीन के लिए जरूरी किट - मकौड़े, पशु - पंक्षी भी इसकी इसकी चपेट में आकर मारे जाते हैं। इससे प्रकृति के साथ - साथ सभी प्राणियों के लिए पुरे विश्व के लिए नुकसानदायक है। अभी अप्रैल का महीना शुरू ही हुआ है तब गर्मी का प्रकोप झेला नहीं जा रहा। आने वाले दिनों में जब गर्मी अपने शबाब पर होगी तब इस बात का एहसास होगा कि यह पेड़ - पौधे हमारे लिए कितने जरूरी हैं।

## न्यूज बॉक्स

### रामनवमी पर करतब दिखा रहे थे पिता पुत्र, पिता की दिल का दौरा पड़ने से निधन



**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मधवाडीह पंचायत के मधवाडीह गांव में रविवार को रामनवमी के दिन अखाड़ा में पिता पुत्र लाठी खेल रहे थे खेलने के दौरान पिता को अचानक दिल का दौरा पड़ने से गिर गए ओर मंदिर परिसर क्षेत्र के अंदर ही मौत हो गई अचानक मौत से शोक की लहर फेल गई।मौत की दर्दनाक खबर सामने आई है। बताया गया कि मधवाडीह गांव निवासी सुखदेव प्रसाद यादव 55 वर्षीय रामनवमी के मौके पर आयोजित अखाड़े में अपने छोटे बेटे विकाश प्रसाद यादव के साथ लाठी खेल रहे थे। खेल समाप्त होने के दौरान अचानक वे किनारे जाते हुए गिर पड़े और बेहोश हो गए। अखाड़े में मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते उससे पहले ही उन्होंने मौके पर ही अपना दम तोड़ दिया। आनन-फानन में अस्पताल ले जाने की तैयारी हो रही थी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सुखदेव यादव की निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है।बता दें कि सोशल मीडिया में 56 सेकेंड का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें साफ दिख रहा है कि दो व्यक्ति रामनवमी के अखाड़े में लाठी खेल रहे हैं. कुछ देर बाद एक व्यक्ति लाठी का खेल समाप्त कर किनारे जाता है और वह व्यक्ति अचानक गिर पड़ता है.उसके बाद अखाड़े में शामिल अन्य व्यक्ति उनके पास जाता है ओर उसे उठाने की कोशिश करता है लेकिन तब तक उनकी निधन हो जाती है।

**घर से माइंस पहुंचा सीसीएल गार्ड लापता**

## 85 घंटे बाद भी सुराग नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सीसीएल गिरिडीह कोलियरी में कार्यरत सुरक्षा गार्ड रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है. गार्ड जीतू पासवान तीन दिनों से गायब है. जीतू को अंतिम बार विगत शुक्रवार की रात 9 से 10 बजे माइंस में अवस्थित कार्य क्षेत्र में देखा गया था. जीतू के घर वापस नहीं आने से परिजन परेशान हैं. वहीं प्रबंधन की तरफ से जीतू की खोजबीन की जा रही है. जीतू की पत्नी चंदा देवी बताती हैं कि बिते शुक्रवार की शाम 7:30 बजे उनके पति यह कहकर पपरवाटांड स्थित कंपनी के क्वार्टर से निकल कर ड्यूटी जा रहे थे. फिर रात 8:30 उन्होंने अपने पति को फोन लगाया तो उनका मोबाइल बंद था. उनके इंचार्ज मो. मुस्तकीम से फोन पर बात की तो उन्होंने माइंस में पता करने के बाद बताया कि ड्यूटी आया है. यह भी बताया कि गाड़ी वर्कशॉप के पास खड़ी है और वह माइंस गया है. रात 11 बजे फिर फोन किया और जीतू के संदर्भ में पूछताछ की. चंदा देवी ने बताया कि दूसरे दिन सुबह 6 बजे के आसपास फोन किया तो कहा गया कि जीतू ड्यूटी में नहीं था. चंदा देवी ने कहा कि जिस तरह मेरे पति ड्यूटी गए थे उसी तरह वापस चाहिए.

**रामनवमी पर छाया रहा 'छावा' का जादू**

# झांकियां देख मंत्रमुग्ध हुए लोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भारी उत्साह और उल्लास के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया. जिले के लगभग सभी पंचायतों के अलावा शहरी इलाके में शनिवार देर रात अखाड़े लगे. शहर में लोग अखाड़ों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते रहे. लोगों ने परंपरागत हथियारों का प्रदर्शन करते हुए हैरतअंगेज करतब दिखाए. रविवार रात विभिन्न समितियों द्वारा झांकी निकाली गई. झांकियों में सबसे आकर्षण का केंद्र 'छावा' की झांकी रही. जिसमें दिखाया गया है कि कैसे छत्रपति संभाजी महाराज को बंधक बनाकर उन्हें औरंगजेब ने पीड़ा दी. इसके अलावा भगवान राम, जानकी और लक्ष्मण के साथ हनुमान की झांकी भी लोगों को आकर्षित करती रही.भगवान भोलेनाथ और उनकी टोली की झांकी ने भी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया. इस दौरान बब्बर शेर गीत पर भी लोग झूमते रहे. यहां पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन के तत्वावधान में और माता अहिल्याबाई होलकर वाहिनी के बैनर तले बच्चियों ने शाम को भी प्रदर्शन किया. वहीं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

### रंगारंग कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री

इधर, स्थानीय विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार भी देर रात तक शहर में डटे रहे. वह अलग-अलग स्थानों पर बने कई मंच पर भी पहुंचे. जहां उन्हें सम्मानित किया गया. इस दौरान मंत्री ने लोगों को रामनवमी की बधाई दी. दूसरी तरफ सुरक्षा के मद्देनजर अखाड़ा समाप्त होने तक जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी डॉ. विमल कुमार, एसडीएम श्रीकांत विस्पुते, डीएसपी नीरज सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएसपी आबिद खान समेत दर्जनाधिक पदाधिकारी और जवान भी डटे रहे.

**शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ आयोजन**

## रामनवमी पर बिरनी प्रखंड में धूमधाम से बलिया में हुई विशेष पूजा-अर्चना



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बलिया गांव में विशेष आयोजन किया गया, जहां सरदारों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। रामनवमी के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा और धार्मिक कार्यक्रमों में भारी संख्या में स्थानीय लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय पुलिस और प्रशासन का अहम योगदान रहा। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडे, आशीष राय,गौरव पाण्डेय, उत्कर्ष पाण्डेय,पुलिस बल के जवान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना की और पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

## निरसा के चिरकुंडा में युवक की निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस




**धनबाद।** जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर दी गई. घटना कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन के पीछे की है. जहां रामनवमी की रात करीब 35 वर्षीय युवक कुंदन रवानी की कुछ लोगों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी. कुंदन रवानी भी पहले हत्या के एक मामले में जेल में बंद था और कुछ महीने पहले ही जेल से छूटा था. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की घेराबंदी कर दी. वहीं पुलिस घटना से संबंधित एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार, रामनवमी की रात कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन के पीछे बने हनुमान मंदिर के पास लोग रामनवमी के अवसर पर प्रसाद, खिचड़ी और वाद्य यंत्रों का आनंद ले रहे थे. इसी दौरान कुंदन रवानी वहां पहुंचा और कार्यक्रम में शामिल हुआ. कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कुछ लोगों ने योजना बनाकर उसकी हत्या कर दी. पुलिस ने घायल अवस्था में कुंदन को स्थानीय निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के खून के निशान वाले इलाके की घेराबंदी कर दी है, ताकि फोरेंसिक टीम जांच कर सके. पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस घटना के बारे में जानकारी जुटा रही है.

**पूजन, हवन भंडारा एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न**

## माता की कृपा प्राप्त होने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं : मिथलेश तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में 7 अप्रैल को पूजन, हवन, भंडारा एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया. इस मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने यजमान सीता राम सिंह के हाथों पूजन और हवन विधि पूर्वक संपन्न करवाया. इस मौके पर उन्होंने कहा की जिस किसी को माता दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है उसके जीवन के सभी प्रकार के संकट दूर हो जाते हैं. इसलिए माता की नियमित रूप से विधि पूर्वक पूजा अर्चना करनी चाहिए. पूजन के उपरांत हवन का आयोजन किया गया. पूजा के उपरांत मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया. भंडारे में मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं के बीच खीर के प्रसाद का वितरण किया. जिसे ग्रहण करने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे. भंडारे को सफल बनाने में जय कुमार सिंह, दीपनारायण सिंह, अवधेश सिंह, संतोष मुंडा, ब्रजेश सिंह, आदित्य, कृष, भास्कर आदि ने योगदान दिया.

**जिला प्रशासन के प्रयास से रामनवमी का जुलूस शांति पूर्वक हुआ समापन**

# मुस्लिम समुदायों ने जुलूस पर पुष्प वर्षा कर एकता की मिसाल पेश की



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामनवमी त्योहार के अवसर पर रामगढ़ जिला अन्तर्गत कुल 217 (लाईसेंसी 145 एवं गैर लाईसेंसी 72) अखाड़ों द्वारा रामनवमी जुलूस निकाला गया। रामनवमी त्योहार को लेकर हिन्दू समुदाय में हर्षोल्लास देखा गया। काफी भारी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चों ने जुलूस में भाग लिया। रामगढ़ के शहरी क्षेत्रों के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी संख्या में भीड़ देखी गई। उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा रामगढ़ थाना अंतर्गत 38, रजरप्पा थाना अंतर्गत 38 एवं गोला थाना अंतर्गत 31 कुल 107 अखाड़ों के द्वारा निकाले गये जुलूस को 7 अप्रैल को समय सुबह 04:30 बजे तक सड़क पर स्वयं उपस्थित रहकर शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाया गया। रामगढ़ जिला अन्तर्गत हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय द्वारा आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए अनुठी मिसाल पेश किया गया। रामगढ़ थाना अंतर्गत सौदागर मोहल्ला, गोलपार, नईसराय एवं कुजू ओपी अंतर्गत कुजू चौक एवं श्रीराम चौक में मुस्लिम समुदाय द्वारा रामनवमी त्योहार के अवसर पर मंच तैयार किया गया। मंच पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ स्वयं उपस्थित रहे तथा उनके समक्ष मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस में शामिल हिन्दू समुदाय के सभी अखाड़ों के व्यक्तियों पर पुष्प की बारीश की गई तथा एक जागृत समाज का संदेश दिया गया।

### 3 अप्रैल को शांति समिति की हुई थी बैठक

3 अप्रैल को नगर भवन रामगढ़ में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रामनवमी त्योहार को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के समिति अध्यक्ष, सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए थे। बैठक में सभी उपस्थित व्यक्तिगण से रामनवमी त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का अपील की गई थी, जिससे प्रोत्साहित होकर मुस्लिम एवं हिन्दू समुदाय के द्वारा आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए अनुठी मिसाल पेश की थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला के हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों द्वारा जो आपसी भाईचारे का अनुठी मिसाल पेश किया गया यह एक सिख है वैसे असामाजिक एवं शरारती तत्वों के लिये जो समाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का काम करते है। साथ ही हिदायत दिया गया कि अगामी पर्व / त्योहार में दो समुदायों के बीच खलल पैदा करने, समाजिक सौहार्द बिगाड़ने तथा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उसके विरूद्ध कड़ी कानुनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रामगढ़ जिला में बनाये गये विभिन्न मंचो से पूरे हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का अपील की गई।

# श्रीश्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलशयात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के झुरझुरी में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य निकाली गई। कलशयात्रा में 1001 महिला और कन्याओं ने सिर पर पवित्र कलश उठाया। कलशयात्रा यज्ञ मंडप से निकल कर यादव टोला होते हुए बरसोती नदी के उत्तरवाहिनी पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र कलश में श्रद्धालुओं ने जल भरा। नदी से वापस आकर कलशधारियों ने यज्ञशाला में कलश स्थापित किया। यज्ञ समिति अध्यक्ष सह मुखिया सुमन कुमार ने बताया कि नौ दिवसीय महायज्ञ में कथावाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी जी प्रयागराज और यज्ञाचार्य पंडित गौतम शास्त्री जी वाराणसी के द्वारा यज्ञ का समापन कराया जा रहा है। कलशयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया सुमन कुमार, पूर्व मुखिया सावित्री देवी, पंसस मंजू देवी, उपमुखिया प्रियंका कुमारी, भीम प्रसाद, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार, उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, सचिव परमेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, समाजसेवी विनोद कुमार, विनोद प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, शिक्षक तेज नारायण, लालमोहन प्रसाद, रामेश्वर महतो, वीरेंद्र कुमार शर्मा, कुलदीप, ऋतुराज, चंद्रिका प्रसाद, राजकुमार चौधरी, सिकंदर कुमार, मुनीलाल प्रसाद, मुकेश कुमार, यमुना प्रसाद, कुंवर यादव समेत आदि श्रद्धालु शामिल थे।

**प्रखंड प्रमुख ने फीता काटकर किया विधिवत उद्घाटन**

## विद्यालय में गरीब वर्ग के 10 प्रतिशत बच्चों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
तिसरी प्रखंड के पंदनाटांड में सोमवार को पंचशील विद्यापीठ विद्यालय का उद्घाटन हुआ. प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव ने विधिवत फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया. इस दौरान मुख्य रूप से जिप सदस्य रामकुमार राउत, जिप सदस्य प्रतिनिधि किशुन यादव,तिसरी के मुखिया किशोरी साव,भाजपा नेता सोनू हेमब्रम,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, गुमगी मुखिया प्रतिनिधि महेश राउत उपस्थित थे. बताया गया कि सीबीएसई पैटर्न पर आधारित इस इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई करवाई जाएगी. इस संबंध में विद्यालय के डायरेक्टर प्रमोद प्रसाद ने बताया कि बच्चों को यहां शिक्षा के साथ - साथ सामाजिक शिष्टाचार भी सिखाया जायेगा. नामांकित बच्चों में गरीब वर्ग के 10 % बच्चों को मुफ्त पढ़ाया जायेगा. इसके अलावे अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी. उद्घाटन कार्यक्रम में सुरेन्द्र बर्णवाल, सुरेन्द्र सिंह, सुनील बर्णवाल,मुमताज अंसारी, राजू दास समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे.

### देवघर में जल्द खुलेगा क्रिटिकल केयर यूनिट, सभी अत्याधुनिक संसाधनों से होगा लैस

**देवघर।** जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग सदर अस्पताल को और भी बेहतर और उच्चतम गुणवत्ता वाला बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है. इसी के मद्देनजर इस वर्ष सदर अस्पताल परिसर में क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया जाएगा. क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण के संबंध में देवघर जिले के सिविल सर्जन डॉ. वाईके चौधरी का कहना है कि 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाया जा रहा है. जिसमें गंभीर रूप से बीमार या घायल मरीजों का इलाज किया जाएगा. खासकर उन मरीजों को इस यूनिट में भर्ती किया जाएगा जो सड़क दुर्घटना के शिकार हुए हैं या जिनके सिर में गंभीर चोट लगी है. सिविल सर्जन ने बताया कि करीब 20 करोड़ की लागत से सिविल सर्जन कार्यालय के पीछे क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है. 25 हजार वर्ग फीट में बन रहे इस क्रिटिकल केयर यूनिट से देवघर जिले और आसपास के स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा.

झारखण्ड सरकार
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।**
**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0– 03/2025–26**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना वर्ष 2025–26 अंतर्गत मत्स्य निदेशालय का पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में राँची जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य बीज की निकासी एवं बिक्री हेतु फिश फ्राई कैचिंग जाल वितरण किया जाना है। उक्त की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम :– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. अग्रधन राशि :– 25,000/–(पच्चीस हजार) रू0 काजिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा ,राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.04.2025 को 02:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थानः– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 16.04.2025 को 04:00 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR 349856 Fish(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

भगवत्प्राप्ति के बिना आप स्वतंत्र नहीं हैं। आपकां जीवन आवेगों, मानसिक उतार-चढ़ाव, मनोवृत्तियों, आदतों और वातावरण के अधीन है। एक सद्गुरु के उपदेश का पालन और उनके अनुशासन को स्वीकार कर आप इंद्रियों की दासता से धीरे-धीरे छुटकारा पा लेंगे। - श्री श्री परमहंस योगानंद


संपादकीय

## कचरे की मात्रा और शुल्क में संतुलन

अगले 25 वर्षों में कचरे की मात्रा दोगुनी होने की आशंका है। जलवायु परिवर्तन पर चिंता के दौरान यह माना जाता रहा है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि के लिए जिम्मेदार मीथेन गैस के सृजन का तीसरा सबसे बड़ा कारक कचरा ही है। बढ़ते शहरीकरण के चलते हर सप्ताह पेरिस के समकक्ष एक नया शहर दुनिया में पैदा हो जाता है और उसके बनने के साथ-साथ कचरा उत्पादन में भारी बढ़ोतरी होती है। शहर बनने की प्रक्रिया में जहां एक ओर निर्माण एवं विध्वंस संबंधी कचरे से लैंडफिल पर कूड़े के पहाड़ बन जाते हैं, वहीं दूसरी ओर वायु प्रदूषण भी होता है। हाल के वर्षों में कचरा उत्पादन को कम करने के लगभग सभी प्रयास प्लास्टिक में कमी लाने तक लक्षित रहे। कचरे की समस्या के निदान के लिए एक वस्तु विशेष के प्रवाह मात्र पर ध्यान केंद्रित कर देना संभवतः सही दृष्टिकोण नहीं है, क्योंकि कचरे को समग्रता से समझे बिना निराकरण दुष्कर है। भारत के परिप्रेक्ष्य में शून्य कचरा का लक्ष्य अब भी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। इसके लिए सर्वाधिक दोषी है वर्तमान कचरा प्रबंधन प्रणाली। प्रचलित कचरा प्रबंधन प्रणाली में कचरे की कितनी भी मात्रा पैदा करें या किसी भी प्रकार का कचरा पैदा करें-देय शुल्क समान ही रहता है। कुछ प्रांतों में तो अब भी कचरे के बाबत उपयोग संबंधी शुल्क वसूला नहीं जाता है। कचरा उत्पादकों को कचरे से होने वाली समस्या का एहसास ही नहीं होता है। कचरा संग्रहण की व्यवस्था सैद्धांतिक रूप से ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 की अनुपालना में होती है, लेकिन उसे संग्रहीत करने के लिए उपयुक्त प्रकार के संसाधन प्रायः किसी भी नगरीय निकाय या उसके द्वारा नियुक्त एजेंसी के पास नहीं होते। नतीजतन संपूर्ण अपशिष्ट मिश्रित कचरे के रूप में ही एक से दूसरे स्थान पर भेज दिया जाता है।शून्य कचरे की परिकल्पना कचरा उत्पादकों को उत्तरदायी बनाए बिना असंभव है, क्योंकि जब तक कचरे के उत्पादन को नियंत्रित नहीं किया जाएगा, तब तक इसके अंबार लगते रहेंगे। कचरा उत्पादन का सारा दारोमदार उपभोक्ता का ही होता है। भारत में कचरा प्रबंधन की अवधारणा के शुरुआती दौर में अन्य देशों की तरह पॉल्यूटर पे सिद्धांत को लागू करने की चर्चा होती थी और उपभोक्ता को उत्तरदायित्व का बोध कराने के लिए शुल्क अदायगी इसका महत्वपूर्ण अंग था। किंतु कालांतर में कचरा प्रबंधन की संपूर्ण व्यवस्था राज्यों द्वारा प्रदत्त अनुदान या अन्य राशि से होने लग गई। उपभोक्ता ने स्वयं को व्यवस्था में मात्र कूड़ा पैदा करने वाले तक सीमित कर लिया। यदि तेजी से कचरे की मात्रा को कम करने का लक्ष्य हासिल करना है, तो कचरा उत्पादकों पर वजन आधारित शुल्क अदायगी को लागू करना प्रथम कदम होना चाहिए। अन्यथा वर्तमान व्यवस्था एवं समाज के रहते शून्य कचरा तो दूर, पहले की तरह ही कचरे के विशाल पहाड़ बनते जाएंगे। किसी भी वस्तु को खरीदने से पहले उसके पर्यावरणीय प्रभाव पर विचार किया जाए एवं अनावश्यक खरीद को नकारा जाए। हमारे व्यवहार में बदलाव आते ही कचरे की मात्रा कम हो जाएगी।

*भारत के परिप्रेक्ष्य में शून्य कचरा का लक्ष्य अब भी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है।*

# जजों की संपत्ति का प्रकटीकरण पारदर्शिता की ओर कदम



न्यायपालिका पर जनता का भरोसा लोकतंत्र का अहम आधार है। न्यायिक प्रणाली में किसी संदेह की गुंजाइश नहीं रहे, इसके लिये न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता, जबावदेही एवं निष्पक्षता की जरूरत है, इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालतों तक के न्यायाधीशों को संपत्ति सार्वजनिक करने जैसे कदम उठाए जाने की अपेक्षा आजादी के अमृतकाल में तीव्रता से की जा रही थी, ताकि न्यायपालिका की पारदर्शिता को लेकर उठने वाले संदेह दूर हो सकें, यह मुद्दा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों के बाद गंभीर सार्वजनिक विमर्श का बन गया था। जनचर्चाओं एवं आदर्श राष्ट्र-निर्माण की अपेक्षाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, वह सही दिशा में उठाया गया उचित एवं प्रासंगिक कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा। देश में न्यायालयों को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। न्याय करने वाले न्यायाधीशों पर संदेह के बादल मंडराना न्याय-प्रक्रिया पर भरोसा कम करने का एक बड़ा कारण बनता रहा है। अब जनता की अपने पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा पूरी होते हुए दिखाई देना एक रोशनी बना है, जिससे न्याय प्रक्रिया के प्रति विश्वास ज्यादा मजबूत होगा। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं, स्वैच्छिक था। पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है। सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं? इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जुड़े हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी तथ्य को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है। एक तरह से यह व्यवस्था न्यायाधीशों को लगातार संदेहों के घेरे में रखती रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा का निर्णय न्यायपालिका में पारदर्शिता कायम करने वाला एक सराहनीय कदम होगा। जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग के पीछे बड़ा तर्क भी यही दिया जाता रहा है कि जब तक जजों की संपत्ति सार्वजनिक नहीं होगी, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर ठोस कार्रवाई संभव नहीं हो सकेगी। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज, सरल पारदर्शी एवं समानतामूलक होने के साथ आम आदमी के भरोसे वाली होनी चाहिए। इसके लिये भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए। भारतीयकरण के लिये ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जबावदेही आवश्यक मूल्य है।

आज की बात



ललित गर्ग

सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि कतितय कारणों से सरकार इस मामले में आगे नहीं बढ़ी। इसका एक बड़ा कारण सरकार पर यह आरोप लगना भी बना कि सरकार न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल दे रही है। लेकिन न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी जरूरी है। लेकिन सम्पत्ति की घोषणा के मामले में उन्हें अतिरिक्त सुविधा देना या उनके लिये अतिरिक्त सुविधा का होना, संदेह का कारण बनता रहा है। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। यूं तो न्यायपालिका के कामकाज में कई तरह की गड़बड़ियां देखने को मिलती हैं। संपत्ति की घोषणा जैसे कई स्तरों पर न्यायिक सुधार के प्रयास आगे बढ़ाने की जरूरत नये भारत, सशक्त भारत एवं आदर्श भारत के लिये जरूरी है। अब अगर सर्वोच्च अदालत के जज खुद को भी उन कसौटियों पर कसने में नहीं हिचक रहे हैं जिन्हें वे दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है।

न्यायिक पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से, सुप्रीम कोर्ट के सभी 30 मौजूदा न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम न्यायपालिका में पारदर्शिता की कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद हुआ है, खासकर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े विवाद के बाद। जिन न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी घोषणाएं प्रस्तुत कर दी हैं, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। इसे फैसले को न्याय के प्रति जनता के भरोसे को और मजबूत करने के लिहाज से सही एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो सुखद होने के साथ-साथ श्रेयस्कर न्याय-प्रक्रिया का द्योतक है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इस नवीनतम प्रस्ताव के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने का निर्णय लेकर जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत के अनेक पड़ोसी देश बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि में न्यायाधीश अपनी संपत्तियों की घोषणा करते हैं। कई देशों में यह स्वैच्छिक है तो कुछ जगह अनिवार्य भी है।

न्यायपालिका ही फरियाद का अंतिम पड़ाव कहा जाता है। ऐसे में न केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि न्यायपालिका के सभी स्तरों पर न्यायाधीश अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करें तो इससे जनता को उनके प्रति विश्वास बढ़ेगा। अब तक का अनुभव बताता है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर भी जजों में संपत्ति को सार्वजनिक करने की प्रवृत्ति काफी कम है। मार्च 2025 तक, उच्च न्यायालयों के कुल 763 में से सिर्फ 49 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है। न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अभी इस दिशा में और प्रयासों की जरूरत है। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई ऐसी पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## दफ्तर का लंचबॉक्स युद्ध

सरकारी दफ्तर में दो चीजें सबसे ज्यादा जरूरी होती हैं-एक फाइल और दूसरी चाय। अगर किसी का काम रुकवाना हो, तो फाइल गायब कर दो और अगर किसी का दिमाग बंद करवाना हो, तो चाय बंद कर दो। लेकिन कुछ महानुभावों ने इन दोनों के अलावा तीसरी चीज को भी अत्यंत आवश्यक बना दिया था-लंचबॉक्स। जब से ऑफिस बना था, तब से सरकारी कर्मचारी लंचबॉक्स के प्रति जितने समर्पित थे, उतने शायद देश के प्रति भी नहीं थे।

दोपहर के ठीक बारह बजते ही एक अजीब सी खलबली मच जाती। टेबलों पर फाइलें धरी रह जातीं और हाथों में टिफिन बॉक्स झूलने लगते। बाबूजी हों या अफसर, सबका ध्यान बस इस बात पर रहता कि किसका टिफिन आज सबसे स्वादिष्ट है। जिन्हें काम करना आता था, वे टिफिन से दूर रहते और जिन्हें टिफिन खोलना आता था, उन्हें काम से दूर रखा जाता। आलम यह था कि लंचबॉक्स की यह अद्भुत परंपरा किसी गुप्त समाज की मीटिंग से कम नहीं थी।

पिछले हफ्ते ऑफिस के शर्मा जी की पत्नी मायके गईं, तो उनकी हालत किसी बेरोजगार युवा से भी खराब हो गई। मजबूरी में उन्होंने कैंटीन का सहारा लिया, लेकिन वहाँ की दाल देखकर ऐसा लगा जैसे इसे बनाने वाले का सरकार से पुराना बैर रहा हो। "अरे भाई, ये दाल बनाई है या किसी की आत्मा बुलाने के लिए मंत्रोच्चार किया है?" शर्मा जी की आँखों में आँसू थे। लेकिन असली हंगामा तब हुआ जब वर्मा जी के टिफिन से महक उठी। सुगंध ऐसी कि अफसर से लेकर चपरासी तक सबकी आँखें चमक उठीं। "ये तो वही खुशबू है जो आखिरी बार दादी के हाथों बने आलू के पराठों में आई थी!" दफ्तर में एक मूक क्रांति हो चुकी थी। शर्मा जी, जो अभी तक मायूसी में थे, अचानक चीते जैसी फुर्ती से लपके। "अरे वर्मा जी, थोड़ा स्वाद तो चखाओ!" लेकिन वर्मा जी को अपनी पत्नी के हाथों बने भोजन पर किसी विश्व बैंक की तरह नियंत्रण था। टिफिन डिप्लोमेसी का खेल शुरू हो चुका था। कोई अपनी बीवी की रसोई कला का बखान कर रहा था, तो कोई "मेरे घर का अचार, तुम्हारे घर की सब्जी" वाली नीति अपनाने में जुटा था। ऑफिस में अब काम की चर्चा कम और रेसिपी की चर्चा ज्यादा होने लगी। अफसरों को भी समझ नहीं आ रहा था कि इस लंचबैठक को कैसे नियंत्रित किया जाए। फाइलें एक कोने में पड़ी रह गईं और भोजन की राजनीति अपने चरम पर थी। इधर शुक्ला जी, जो अपनी डायबिटीज की वजह से सालों से फीकी सब्जी खा रहे थे, उन्होंने वर्मा जी के टिफिन की सुगंध सूंघी और उनकी आत्मा ने विद्रोह कर दिया। "भई, यह अन्याय है!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

# क्या मोदी विरोधी बनेंगे पार्टी अध्यक्ष?

इन दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मामला फिर से सुर्खियों में है। हाल के दिनों में वक्फ बिल निपट गया, रामनवमी का उत्सव भी गुजर गया और आगामी तेरह अप्रैल को खरमास भी समाप्त हो जाएगा। अब लगता है भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित वह सस्पेंस समाप्त हो जाएगा जिसे लेकर पिछले कई महीनों से कयास लगाए जा रहे हैं। इस सस्पेंस की गंभीरता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इस मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और भाजपा के चाणक्य समझे जाने वाले अमित शाह जैसे दो कद्दावर नेताओं के बीच गत दो अप्रैल को लोकसभा में मीठी नोकझोंक तक हो गई। यह नोकझोंक किसी गली मुहल्ले में नहीं बल्कि लोकसभा में आसन के सामने हुए। जब संसद की बैठक में कोई तथ्य सामने आ रहे हों तो यह माना जाता है कि यह देश के सीमांत चौपालों से होकर ही वहाँ तक पहुँच रहे हैं। लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि ऐसे किसी मामले में देश के उन चौपालों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जहाँ पहले से ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चर्चा जोरों पर है। इसे हल्के में इसलिए भी नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि इन चौपालों के अनुसार खरमास की समाप्ति के साथ भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री संजय जोशी का गत अठारह साल से चला आ रहा वनवास अब खत्म होने वाला है! इस चर्चा को गत 22 से 23 मार्च तक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा बेंगलुरु में आयोजित तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। इस बैठक के बाद जो अवधारणा बन गई है उसके अनुसार अब भाजपा में अध्यक्ष पद के लिए कोई डमी नाम या अन्य बहाने चलने वाला नहीं हैं। वस्तुतः इस अवधारणा की बुनियाद तभी सामने आ गये थे जब भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने "भाजपा को अब संघ की जरूरत नहीं है" जैसा तीखा बयान देकर यह जता दिया था कि उनके पीछे कोई न कोई "ताकत" जरूर काम कर रही है। इस बीच गत तीस मार्च को पीएम बनने के बाद पहली बार नागपुर की यात्रा पर हो आए। उनके इस दौरे में संघ प्रमुख मोहन भागवत और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत किन मुद्दों पर हुई यह किसी को मालूम नहीं परन्तु कहीं से इस खबर का खंडन भी नहीं सामने नहीं आया कि इन दोनों के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में संजय जोशी की ताजपोशी को लेकर अब लगभग सहमति बन चुकी है। निसंदेह अभी यह सिर्फ एक कयास मात्र है परन्तु इस बात को कोई धरातल नहीं मिलता यदि प्रधानमंत्री के नागपुर दौरे के दौरान मोदी और जोशी के बीच कोई मुलाकात नहीं हुई होती। उल्लेखनीय है कि संजय जोशी और प्रधानमंत्री श्री मोदी में से दोनों के दोनों संघ की पृष्ठभूमि से हैं और पुराने मित्र रहे हैं। अविवाहित संजय जोशी उस समय सबसे अधिक चर्चा में आए जब साल 2005 में एक फर्जी सीडी के माध्यम से उनको एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिखाया गया। इस प्रकरण ने संजय जोशी की राजनीति को लगभग खत्म करके रख दिया था परन्तु बाद के वर्षों में सीडी फर्जी साबित हुई और जोशी की पार्टी में वापसी भी हो गई। जोशी समर्थकों की मानें तो इस सीडी के पीछे वही ताकतें काम कर रही थी जिन्होंने मोदी के लिए शीर्ष का राह आसान बनाया। इस आरोप में कितनी सच्चाई है यह किसी को मालूम नहीं परन्तु संघ की पहल के बाद दो पुराने, घनिष्ठ व कद्दावर मित्र यदि दोबारा मिलकर विगत दो दशकों से चले आ रहे कड़वाहट को दूर कर लेते हैं तो इसे न अचरज कह सकते हैं और न अटकल। वैसे भी यह बात पुरानी हो चुकी है और रिटायरमेंट की ओर बढ़ रहे श्री मोदी अब संजय जोशी के मुकाबले बहुत आगे निकल चुके हैं। दूसरी तरफ, बेजोड़ संगठनकर्ता के तौर पर अपनी प्रतिष्ठा कायम करने वाले श्री जोशी की सांगठनिक क्षमता में लेसमात्र की कोई कमी नहीं आई है और अपनी व्यवहार कुशलता के कारण आज भी उन्हें सांगठनिक मामलों में बेताज बादशाह माना जाता है। गत 2014 के बाद से भाजपा लगातार तीन चुनाव जीत चुकी है परन्तु यह भी क्षकोई छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि विश्व के सबसे बड़ा राजनैतिक दल होने के बावजूद सांगठनिक दृष्टि से पार्टी की स्थिति बहुत दुरूस्त नहीं है। ऐसे में श्री जोशी की कार्यक्षमता के कारण आज इस कयास को बल मिल रहा है कि बदली हुई परिस्थिति में श्री मोदी व श्री जोशी के बीच के समीकरणों में भी अच्छा खासा बदलाव आया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



केदारनाथ दास

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

वो ही स्वर, वो ही समझ, और वही अंदाज।
फिर भी क्यों भटकी लगे, है युग की आवाज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# ट्रंप टैरिफ टेरर से हिला शेयर मार्केट पर भारत को तिनके का सहारा

विश्व के शेयर मार्केट में आए भूचाल से भारत भी अछूता नहीं है और कई शीर्ष कंपनियों को करोड़ों-अरबों का नुकसान हुआ है हालांकि क्रूड तथा मेटल के मूल्यों के बड़ी गिरावट आई है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत सकारात्मक है। ट्रंप टेरर ने अमेरिका सहित पूरे विश्व के शेयर मार्केट में भूकंप ही ला दिया है। शेयर मार्केट में अरबों डॉलर का मार्केट पूंजीकरण घट गया। मार्केट तकनीकी रूप से बड़ी मंदी में जाने का संकेत देने लगे हैं।सामान्यतया मार्केट में बड़ी गिरावट आने पर जिन निर्णयों, कदमों के आधार पर गिरावट आती थी, उनपर पुनर्विचार होता था,कुछ संशोधन होते थे परंतु इस बार अभी तो ट्रंप जी की ओर से ऐसा कोई संकेत नहीं मिल रहा। उल्टे वो अपने टैरिफ शस्त्र को सही ठहराने में ही लगे हैं । ऐसे में विश्व को राष्ट्रों को ट्रंप टेरर में ही जीना पड़ेगा,अच्छा करने का परिस्थितियों को ठीक करने का यथासंभव मार्ग निकालना पड़ेगा।

वियतनान के टैरिफ पर अमेरिका से समझौते करने का समाचार है। कुछ अन्य राष्ट्र भी इसका अनुसरण कर सकते हैं परंतु चीन जैसे प्रमुख राष्ट्र ने तो उत्तर में अमेरिका पर ही 34 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। यूरोपियन यूनियन भी झुकने को तैयार नहीं है। अतः टैरिफ की ही अर्थव्यवस्था में रहने की स्थिति बन गई है। वैश्विक व्यापार को आरंभिक धक्का पहुंचना तो निश्चित है।वैसे अगली दो तिमाहियों से स्थिति अधिक स्पष्ट होगी। चूंकि शेयर मार्केट बड़े संवेदनशील होते हैं, अतः इतने बड़े नकारात्मक घटनाक्रम में वो धराशाई हो गए। निवेश के दृष्टिकोण से अब यह देखना होगा कि कोने से शेयर अत्यन्त आकर्षण मूल्यांकन पर उपलब्ध हैं। उनमें विभिन्न स्तरों पर निवेश किया जा सकता है, साथ की उन क्षेत्रों का भी चयन करना होगा जिनपर अमेरिकी टैरिफ का अधिक दुष्प्रभाव नहीं पड़ रहा होअथवा अछूते हों। अभी कुछ समय के लिए मार्केट में तीव्र उतार चढ़ाव बना रहेगा। अतः लघु अवधि के छोटे छोटे लाभों के लिए ट्रेड करना ही उपयुक्त लग रहा है। भारत का अमेरिका को निर्यात अपेक्षाकृत कम ही है। भारतीय अर्थव्यवस्था को भी कोई विशेष झटका नहीं लगने वाला है।

परंतु शेयर मार्केट में गिरावट की आंधी में सभी शेयर मार्केट प्रभावित हो ही जाते हैं। एक दिन विश्व ट्रंप टैरिफ के अंतर्गत कैसे चलना है, यह सीख ही लेगा एवं तब पुनः संसार थोड़ी बहुत सामंजस्य के साथ सामान्य रूप से चलाना प्रारम्भ कर देगा। स्मरण रखिए, ये ट्रंप टैरिफ है,कोई परमाणु बम नहीं। सरकारी बैंक, पीएसयू , तेल गैस वितरण कंपनियों के शेयरों में विभिन्न भावों पर निवेश किया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



शशांक भारद्वाज
सीनियर वी पी
चॉइस ब्रोकिंग



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



**किरेन रिजिजू और सीएम उमर अब्दुल्ला** ने श्रीनगर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन का लिया आनंद

# किरेन रिजिजू ने सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ ट्यूलिप गार्डन की सैर से भड़की महबूबा मुफ्ती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को श्रीनगर के खूबसूरत ट्यूलिप गार्डन में एक साथ शांतिपूर्ण सुबह की सैर का आनंद लिया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। सोशल मीडिया पर किरेन रिजिजू ने लिखा, "श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में ट्यूलिप गार्डन के जीवंत रंगों के बीच माननीय सीएम उमर अब्दुल्ला जी के साथ एक ताज़ा सुबह की सैर और डॉ फारूक अब्दुल्ला साहब से मिलकर भी खुशी हुई।" रिजिजू ने अपने अनुभव साझा किए, जिसमें उन्होंने आश्चर्यजनक प्राकृतिक परिवेश और उनके बीच हुई सार्थक बातचीत का वर्णन किया, जिसने इसे एक यादगार और विशेष सुबह बना दिया। पोस्ट में लिखा है, "प्रकृति अपने सबसे बेहतरीन रूप में है और गर्मजोशी और दूरदर्शिता से भरी बातचीत, यह वास्तव में एक विशेष सुबह है।" हालांकि, इसको लेकर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भड़क गई हैं। उन्होंने कहा कि आज जो कुछ हुआ, उससे मैं बहुत दुखी हूँ। कश्मीर के लोगों ने आज जो कुछ देखा, वह बहुत दर्दनाक है। मुजफ्फरनगर में नमाज के दौरान काली पट्टी बांधने पर मुसलमानों पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आज देश में मुसलमानों की यही हालत है। पूर्व सीएम ने कहा कि एनआरसी लाने के बाद मुसलमानों को यह साबित करना पड़ेगा कि वे देश के मूल निवासी हैं, अब उन्हें अपनी कब्रों के बारे में भी साबित करना होगा।

### गर्मी एक बार फिर झुलसाने को तैयार

# पारा जाएगा 41 के पार, चेतावनी जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अप्रैल के महीने में ही मई, जून जैसी गर्मी का आभास लोगों को होने लगा है और यही वजह है कि अप्रैल के पहले हफ्ते में ही पारा 41 डिग्री के पार जाने को तैयार है। मौसम विभाग ने हीट वेव का अलर्ट जारी कर रखा है और बताया जा रहा है कि दिल्ली एनसीआर में लोगों का सामना चार से पांच दिनों तक लगातार हीट वेव से होगा। अधिकतम तापमान के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली समेत गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ, मथुरा और आगरा तक इस हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। आने वाले इस सप्ताह में अधिकतम पारे में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। लू के थपेड़े से एनसीआर के लोगों का सामना होगा। मौसम विभाग के मुताबिक 7 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। लेकिन इसके अगले दिन ही न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। 8 अप्रैल को मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 9 अप्रैल को आसमान में कुछ बादल छाए रहेंगे जिनके चलते अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री पहुंचने की संभावना जताई गई है।

**मौसम विभाग के मुताबिक**

दिल्ली समेत गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ, मथुरा और आगरा तक इस हीट वेव का असर देखने को मिलेगा।



## बिहार को राहुल-तेजस्वी नहीं नीतीश कुमार चाहिए: राजीव रंजन



**पटना।** जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बिहार दौरे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता उनकी पदयात्रा से एक चीज तो समझ गई है कि बिहार को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव नहीं चाहिए। बिहार की जनता को एक बार फिर से नीतीश कुमार की सरकार चाहिए। जहां युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सम्मान मिलता है। राहुल गांधी बेगूसराय में 'पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा में शामिल हुए। लेकिन, राहुल गांधी एक किलोमीटर ही चले और यात्रा समाप्त हो गई। महज 24 मिनट में राहुल की इस यात्रा समाप्त हुई। राहुल की इस यात्रा पर जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने सोमवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा, "देखिए, राहुल गांधी दिल्ली से चलकर आए थे। बिहार के लोगों को पलायन और रोजगार देने के लिए आए। लेकिन, पदयात्रा 24 मिनट में ही खत्म हो गई। राहुल एक किलोमीटर भी नहीं चल पाए। मैं समझता हूं कि वह पलायन रोकने और रोजगार देने के लिए बिहार की जनता को गुमराह करने के लिए आए थे।"

## राणा सांगा पर टिप्पणी अखिलेश को पड़ेगी भारी : संगीत सोम

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम सोमवार को सहारनपुर की एमपी-एमएलए अदालत में पेश हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की मुगलिया सरकार ने उन पर मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने कहा कि राणा सांगा पर टिप्पणी करना अखिलेश को बहुत भारी पड़ेगा। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी पड़ेगी। संगीत सोम ने सोमवार को कहा कि सांसद रामजी लाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि यह बयान अखिलेश यादव का है। लाल जी सुमन का तो नाम उछाला जा रहा है। अखिलेश यादव को यह बयान बहुत भारी पड़ेगा। प्रत्येक सनातनी अखिलेश यादव को सबक सिखा के रहेगा। इसके लिए माफी अखिलेश यादव को मांगनी पड़ेगी। उल्लेनखनीय है कि अखिलेश यादव ने सोमवाल को सपा पार्टी कार्यक्रम में कहा है कि सांसद लालजी सुमन के साथ कोई घटना होती है तो इसके लिए मुख्यमंत्री योगी जिम्मेदार होंगे। संगीत सोम ने कहा कि जब यूपी में "मुगलिया सरकार" थी, यानी अखिलेश यादव की सरकार, तब पुलिस से एके 47 छीन ली गई थी।

## सभी भाषाओं में सबसे मीठी भाषा है मैथिली : डीआईजी

**सहरसा।** जिले.के नवहट्टा प्रखंड स्थित बाराही गांव में चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। चैत्र नवरात्र महोत्सव बाराही के उद्घाटन में पहुंचे डीआईजी मनोज कुमार ने आयोजन समिति द्वारा आयोजित मैथिली सांझ संगीत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मैथिली भाषा को दुनिया की सबसे मधुर भाषा बताते हुए इसे संरक्षण व संवर्धन के सदप्रयास को लेकर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। मैथिली उद्घोषक किसलय कृष्ण के संचालन में प्रस्तुत कार्यक्रम को संस्कृति व संस्कार को संजोने के लिए प्रासंगिक बताते हुए बाराही ग्रामीणों की जमकर तारीफ किया। पूर्व एडीएम अजय कुमार उर्फ दिलीप झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मैथिली साहित्यकार केदार कानन,आशीषचमन,शिक्षाविद डा रजनीश रंजन, पंडित तरुण कुमार झा, संजय वशिष्ठ को शांति मिशन संस्थान के निदेशक विभुति भुषण झा सहित ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। साहित्यकार केदार कानन ने इस तरह के आयोजन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि नयी पीढ़ी तक भाषा को जीवित रखना जरुरी है ।

# दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है भारत : सीएम योगी

एजेंसी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी प्रौद्योगिकी संस्थान अपनी जिम्मेदारी को परिसर तक सीमित नहीं रख सकता। समाज और राष्ट्र के प्रति भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। आज तकनीकी से मानव जीवन में काफी आसानी हो रही है, लेकिन महंगी तकनीकी का इस्तेमाल कर पाना सबके लिए संभव नहीं है। ऐसे में प्रौद्योगिकी संस्थानों को जीवनोपयोगी तकनीकी का किफायती और टिकाऊ मॉडल विकसित करने की जिम्मेदारी उठाने के लिए आगे आना होगा।

सीएम योगी ने सोमवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 91 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 13 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि जब तकनीकी महंगी होगी तो आम लोगों की पहुंच से दूर हो जाएगी। आज जन सरोकार से जुड़े विषयों जैसे आवास, पर्यावरण, स्वच्छता आदि के लिए सस्ती और टिकाऊ तकनीकी समय की मांग है। ऐसी तकनीकी आनी चाहिए, जिससे आम जन सस्ता और टिकाऊ आवास बना सके। सरकार ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए 1.20 लाख रुपए देती है, क्या हम ऐसी तकनीकी अपने स्तर पर विकसित कर सकते हैं कि इसी धनराशि के अंदर ही गरीब अपना मकान बना सके? यह मकान नौ माह की बजाय तीन माह में ही बन सके?



**मुख्यमंत्री योगी** ने कहा कि सस्ती और टिकाऊ तकनीकी की आवश्यकता इसलिए भी है कि सरकार कोई भी पैसा अपने जेब से नहीं देती है

उन्होंने ईंट-भट्ठे के कारण भूमि की उर्वरता और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि ईंट का विकल्प खोजने के लिए नई तकनीकी खोजने तथा सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए देसी पद्धतियों में समय के अनुरूप नवाचार करने की अपेक्षा जताई।

यह पैसा समाज के लोगों से ही प्राप्त होता है। सरकार को कर (टैक्स) माध्यम से जो पैसा प्राप्त होता है, उसे बजट बनाकर अलग-अलग विभागों के माध्यम से जनता के ही उपयोग के लिए खर्च किया जाता है। 'ईज ऑफ लिविंग' के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर व्यक्ति तक सस्ती और टिकाऊ तकनीकी की पहुंच आवश्यक है। यह भी ध्यान रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से संचालित न हों। तकनीकी ने जीवन में बहुत परिवर्तन लाया है। लोगों के जीवन को बहुत आसान बनाया है। शासन की सुविधा और शासन द्वारा अपनाई गई तकनीक एक व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन कर सकते हैं, इसके कई प्रमाण हैं।

## उत्तराखंड में भूकंप से पहले चेतावनी देगा भूदेव ऐप

**देहरादून।** उत्तराखंड में अब भूकंप आने से पहले लोगों को चेतावनी मिल सकेगी। इसके लिए उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भूदेव ऐप लॉन्च किया है। दावा है कि ये ऐप 5 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप से पहले ही अलर्ट जारी कर देगा। यह जानकारी राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड, जो भूकंप के जोन-04 और जोन-05 में आता है, वहां इस तरह की अर्ली वार्निंग सिस्टम की सख्त जरूरत थी। इसे मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि यह सिस्टम उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) और आईआईटी रुड़की ने मिलकर विकसित किया है। यह देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां भूकंप की अग्रिम चेतावनी देने वाला सिस्टम शुरू किया गया है। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की थी। भूदेव ऐप को लोग अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे ही 5 या उससे अधिक तीव्रता का भूकंप आएगा, ऐप के जरिए अलर्ट मैसेज भेजा जाएगा।

# बेगूसराय पहुंचे राहुल गांधी, 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा में हुए शामिल

एजेंसी

**बेगूसराय।** बिहार में विधानसभा चुनाव के भले ही अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है, लेकिन कांग्रेस ने अभी से ही अपनी खोई जमीन की तलाश शुरू कर दी है। कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। सोमवार को भी वह बिहार पहुंचे और बेगूसराय में 'पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं।

बेगूसराय में राहुल गांधी के पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ गया है। पदयात्रा में राहुल गांधी के साथ हजारों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और समर्थक चल रहे हैं। समर्थक राहुल गांधी के ऊपर फूलों की बारिश करते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी की अपील पर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सफेद टी-शर्ट पहनकर पदयात्रा में भाग लिया।




बेगूसराय के आईटीआई मैदान से "पलायन रोको रोजगार दो" पदयात्रा शुरू की गई। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भी भीड़ नजर आ रही है। इधर, कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आज 'पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा' में कदमताल कर यात्रा के संदेश को मजबूती के साथ बुलंद किया। बिहार के युवाओं को पलायन नहीं, उन्हें खुद के प्रदेश में रोजगार मिले- ये हमारी यात्रा का लक्ष्य है। ये यात्रा बिहार के संघर्ष की आवाज और उम्मीद है। हम वर्षों से अन्याय झेल रहे राज्य के नौजवानों को 'न्याय का हक' दिलाकर रहेंगे।"

## पिता ने पुत्र को मारी गोली

**फिरोजाबाद।** जसराना थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार देर रात शराब के नशे में एक पिता ने पुत्र को गोली मार दी। पुलिस घटना में आरोपित की तलाश कर रही है। जसराना क्षेत्र के गांव नगला हरिसिंह निवासी पूरन सिंह बीती देर रात शराब के नशे में धुत होकर घर लौटा। उसने पत्नी दर्शन देवी के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। मां को बचाने के लिए बेटा पुष्पेंद्र बीच में पहुंच गया। आरोप है कि इससे गुस्साएं पिता पूरन ने तमंचे से बेटे पर फायरिंग कर दिया। गोली लगने से बेटा पुष्पेंद्र घायल हो गया। इस बीच मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजन घायल को तत्काल उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है।

## भारत माता की जय कहने वाले मुसलमानों का संघ की शाखा में स्वागत है: मोहन भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस शाखा में हर किसी का स्वागत है बशर्ते व्यक्ति खुद को भारतीय मानता हो और भारत माता के प्रति सम्मान रखता हो। उन्होंने कहा कि शाखाएं उन सभी का स्वागत करेंगी जो 'भारत माता की जय' नारे और 'भगवा झंडा' का सम्मान करते हैं। हम आपको बता दें कि मोहन भागवत इस समय वाराणसी के दौरे पर हैं। रविवार को संघ प्रमुख वाराणसी शहर के मलदहिया के लाजपत नगर पार्क में आरएसएस की शाखा में शामिल होने पहुंचे। स्वयंसेवकों ने उनसे सवाल पूछा कि क्या वह अपने मुस्लिम पड़ोसियों को भी शाखा ला सकते हैं? इसका जवाब देते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो कोई भी भारत माता की जय कहता है, उसका देश भर की शाखाओं में स्वागत है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शाखा उन लोगों के लिए नहीं है जो खुद को औरंगजेब का वंशज मानते हैं। उन्होंने कहा कि शाखा में जाति, धर्म या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारतीयों की धार्मिक प्रथाएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उनकी संस्कृति एक ही है। उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मों, संप्रदायों और जातियों के लोगों का शाखाओं में स्वागत है। हम आपको यह भी बता दें कि लाजपत नगर में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से पहले भागवत ने शनिवार शाम को काशी के वैदिक विद्वानों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि देशभर में प्रतिदिन लगने वाली संघ की शाखाओं में विभिन्न आयु वर्ग के स्वयंसेवक एकत्र होते हैं। इस दौरान आरएसएस का ध्वज फहराया जाता है, प्रार्थना गीत गाया जाता है और शारीरिक व्यायाम आदि किये जाते हैं तथा बाद में चर्चा सत्र भी होता है।



## आज का राशिफल

**मेष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृष :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मिथुन :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**कर्क :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग

**सिंह :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ।

**कन्या :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृश्चिक :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

**धनु :** कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

**मकर :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**कुंभ :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

### शिक्षा घोटाला में बर्खास्त शिक्षकों से ममता की मुलाकात

# जब तक जिंदा हूं, नहीं छीनने दूंगी नौकरी: सीएम

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के 25,000 से अधिक बर्खास्त शिक्षकों से मुलाकात की। यह मुलाकात सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद हुई, जिसमें 2016 की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को धोखाधड़ी और अनियमितताओं से प्रभावित बताते हुए सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। ममता ने इस मामले को "शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की साजिश" करार दिया और न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल उठाए। सीएम बनर्जी ने कहा, "मैं पश्चिम बंगाल में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के साथ खड़ी हूं, उनका सम्मान वापस दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगी। जब तक मैं ज़िंदा हूं, किसी को भी आपकी नौकरियां नहीं छीनने दूंगी।" शिक्षकों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, "कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के शिक्षक उच्च शिक्षा के प्रवेश द्वार हैं। फिर भी उन्हें चोर और अक्षम कहा जा रहा है। यह अधिकार किसने दिया? यह खेल कौन खेल रहा है?" पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा, "जो फैसला आया है उसे सकारात्मक तरीके से नहीं लिया जा सकता। मैं जो कह रही हूं, उसके लिए मुझे जेल में डाला जा सकता है लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक उन लोगों की सूची नहीं दी है जो पात्र हैं और जिनकी नौकरी चली गई है। सुप्रीम कोर्ट ने ये नहीं कहा कि कौन पात्र है और कौन अपात्र। जो लोग योग्य हैं, उनके लिए रोजगार सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।" उन्होंने कोर्ट के फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा, "यह फैसला सकारात्मक नहीं है। सरकार को यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए थी कि वह तथ्यों की जांच कर पात्र लोगों के रोजगार को सुनिश्चित करे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।" ममता ने भावुक अंदाज में कहा, "आपके दुख ने हमारे दिल को पत्थर कर दिया है, लेकिन हम इंसान हैं। मेरे लिए यह जरूरी नहीं कि लोग किस विचारधारा से हैं, मेरा कर्तव्य है कि उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करूं। इसके लिए मुझे जेल भी जाना पड़े तो परवाह नहीं।




### ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार बढ़ रहा : दिलीप घोष

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर तीखा हमला बोला है। घोष ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल में भ्रष्टाचार और अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक ममता सत्ता में रहेंगी, बंगाल का सुधार संभव नहीं है। घोष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इधर-उधर भटकने के बजाय सीधे ममता बनर्जी और उनकी सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाएं। दिलीप घोष ने कहा, "ममता बनर्जी की देखरेख में बंगाल में भ्रष्टाचार और अनैतिक काम चरम पर हैं।

## वक्फ बिल में संशोधन भेदभावपूर्ण और आर्टिकल 25 का उल्लंघन : एमआर शमशाद



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। एआईएमपीएलबी के वकील एडवोकेट एमआर शमशाद ने सोमवार को कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शुरू से वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ रहा है। जेपीसी में भी पेश होकर अपनी बात रखी थी। हम इस संशोधन का विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये संशोधन भेदभावपूर्ण है और संवधिान के आर्टिकल 25 का उल्लंघन करता है। इसके साथ ही इस एक्ट के जरिए धार्मिक मामले में भी छेड़छाड़ की गई है। सेंट्रल वक्फ काउंसिल वक्फ की मॉनिटरिंग करती है, उसमें मुस्लिम व्यक्ति रखे जाते हैं, लेकिन इस एक्ट के जरिए इसे भी प्रभावित किया गया है। शमशाद ने कहा कि इस संशोधन के जरिए वक्फ से जुड़ी पूरी योजना को चाहे धार्मिक नजरिए से देखा जाए या 1995 में स्थापित और बाद में संशोधित किए गए वैधानिक प्रावधानों से, सभी को प्रभावित किया गया है। धार्मिक और वैधानिक दोनों ही पहलू प्रभावित हुए हैं। ये सभी मुद्दे उठाए गए हैं और इस मामले को अदालत में उठाया जाएगा। अब हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि क्या आदेश पारित होता है।

# बेंगलुरु ने मुंबई को 222 रनों का दिया लक्ष्य, विराट ने बनाए 67 रन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस को 222 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 7 ओवर में दो विकेट पर 59 रन बना लिए हैं। विल जैक्स और सूर्यकुमार यादव नाबाद हैं। रायन रिकेल्टन और रोहित शर्मा 17-17 रन बनाकर आउट हुए। रिकेल्टन को जोश हेजलवुड और रोहित यश दयाल ने पवेलियन भेजा। बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली (67 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (64 रन) ने अर्धशतक जमाए। जितेश शर्मा ने नाबाद 40 और देवदत्त पडिक्कल ने 37 रन का योगदान दिया। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट विग्नेश पुथुर को मिला।



**टीमों की प्लेइंग-11**

- **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रायन रिकेल्टन (विकेटकीपर), विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह और विग्नेश पुथुर। इम्पैक्ट प्लेयर : रोहित शर्मा।
- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, लियम लिविंगस्टन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल। इम्पैक्ट प्लेयर : सुयश शर्मा।

## खिलाड़ियों के हटने के बावजूद भारत बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए तैयार



**निंगबो (आईएएनएस)।** चीन के निंगबो में मंगलवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत हो रही है, जिसमें भारत के अनुभवी और उभरते हुए सितारे शामिल हैं। वे अपने महाद्वीपीय अभियान की शुरुआत मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के साथ करेंगे। हालांकि, भारतीय टीम में कुछ बड़े नाम नहीं होंगे, जिनमें महिला युगल में विश्व की 9वें नंबर की जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के अलावा मौजूदा पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जैसे नाम शामिल हैं। इस झटके के बावजूद, भारतीय चुनौती की अगुआई लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु की तिकड़ी करेगी - जो हाल के महीनों में लगातार खराब प्रदर्शन से उबरने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। भारत के शीर्ष दो पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य (विश्व नंबर 18) और प्रणय (विश्व नंबर 17) एकल ड्रॉ में शीर्ष पर हैं। 2021 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता सेन अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के ली चिया-हाओ के खिलाफ करेंगे, जो इस सीजन की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट थे।

### अश्विन के यूट्यूब चैनल पर विवाद

## सीएसके को लेकर एनलिस्ट के कमेंट पर भारी बवाल...

**एजेंसी । चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को क्रिकेट की दुनिया का सबसे तेज दिमागों में से एक माना जाता है। अश्विन ने अपनी इसी सोच का इस्तेमाल करते हुए अप्रैल 2020 में एक यूट्यूब चैनल शुरू किया था, जो धीरे-धीरे काफी लोकप्रिय हो गया। इस चैनल के जरिए अश्विन क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से जुड़ी गहरी और हल्के-फुल्के अंदाज में विश्लेषणात्मक टिप्पणियां करते हैं और अपने वीडियोज़ में मेहमानों को भी शामिल करते हैं। हालांकि, हाल ही में चैनल के एक नियमित विश्लेषक के बयान ने अश्विन को मुश्किल में डाल दिया है। जिसके कारण रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर अब चेन्नई सुपर किंग्स के इस सीजन के बचे हुए मैचों की कवरेज नहीं की जाएगी। अहमद को प्लेइंग इलेवन में शामिल करना जरूरी नहीं है।



### ईशांत शर्मा पर आईपीएल नियम तोड़ने का आरोप

## बीसीसीआई ने मैच फीस का 25% जुर्माना लगाया, एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



गुजरात टाइटंस के गेंदबाज ईशांत शर्मा पर आईपीएल के नियमों को तोड़ने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाने साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। ईशांत शर्मा पर यह कार्रवाई गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए मैच के दौरान हुई। ईशांत शर्मा को आर्टिकल 2.2 के तहत दोषी पाया गया है। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। आईपीएल के बयान में कहा गया- ईशांत शर्मा ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया।

## इंग्लैंड के सफेद-बॉल कप्तान के रूप में हैरी ब्रूक की हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की पुरुष सफेद-बॉल टीमों का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। ब्रूक ने जोस बटलर की जगह ली है, जिन्होंने पाकिस्तान में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के बाद इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया था। पिछले साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के दौरान ब्रूक चोटिल बटलर की जगह इंग्लैंड के कप्तान बने थे। ब्रूक ने न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी की थी। ब्रूक ने कप्तानी मिलने पर कहा, "इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में नामित होना वास्तव में सम्मान की बात है। जब से मैं व्हार्फडेल में बर्ले में क्रिकेट खेलता था, तब से मैं यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व करने, इंग्लैंड के लिए खेलने और शायद एक दिन टीम का नेतृत्व करने का सपना देखता था।अब मुझे वह मौका मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने परिवार और कोचों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मुझ पर उनके विश्वास ने बहुत कुछ बदल दिया है और मैं उनके बिना इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाता। ब्रूक ने सोमवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा, "इस देश में बहुत प्रतिभा है।

## बेंगलुरु एफसी ने एफसी गोवा से हारने के बावजूद फाइनल में जगह बनाई

**फातोर्दा (आईएएनएस)**



एफसी गोवा ने रविवार को अपने घरेलू मैदान फातोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हरा दिया लेकिन ब्लूज ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बेंगलुरू एफसी के पक्ष में गोल अंतर 3-2 रहा, क्योंकि उसने अपने घर में खेले गए डबल-लेग सेमीफाइनल के पहले मैच में गौर्स को 2-0 से हराया था। अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को निर्णायक गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। जीत के बावजूद गौर्स के बाहर होने से स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्क्वेज जरूर निराश होंगे, क्योंकि गोल अंतर के आधार पर उनकी टीम का सफर इस सीजन में समाप्त हो गया है। वहीं, आज ब्लूज भले ही मैच हारे लेकिन वे अपने घरेलू प्रदर्शन के आधार पर फाइनल में पहुंच गए हैं और इससे स्पेनिश हैड कोच जेरार्ड जारागोजा निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे। मैच का पहला गोल 49वें मिनट में आया, जब स्थानापन्न स्पेनिश मिडफील्डर बोर्जा हेरारा ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 (कुल गोल अंतर 1-2) कर दिया। पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर मिली फ्री-किक पर बोर्जा हेरारा ने करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया जबकि बेंगलुरू एफसी के अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत संधू बचाव करने में नाकाम रहे।

## तीसरे वनडे में पाक को धीमी ओवर गति में मिला जुर्माना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पाकिस्तान पर माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ओवर गति के लिए जुर्माना न्यूजीलैंड के हाथों वनडे सीरीज में 3-0 से हार के बाद लगाया गया है, इससे पहले दौरे के टी20 चरण में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। यह पांच पुरुष वनडे मैचों में चौथी बार है जब मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को कहा कि मैच रेफरी के एलीट पैनल के जेफ क्रो ने पाकिस्तान पर यह जुर्माना लगाया है, क्योंकि पाकिस्तान को निर्धारित समय सीमा के भीतर एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा, "खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। मैदानी अंपायर क्रिस ब्राउन और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर माइकल गॉफ और चौथे अंपायर वेन नाइट्स द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद रिजवान ने अपराध स्वीकार कर लिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## अदाणी के कोलंबो टर्मिनल से परिचालन शुरू भारत-श्रीलंका समुद्री संबंधों में ऐतिहासिक क्षण

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**




अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने सोमवार को जानकारी दी कि उसने श्रीलंका में कोलंबो बंदरगाह पर स्थित कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) में परिचालन शुरू कर दिया है। सीडब्ल्यूआईटी प्रोजेक्ट 800 मिलियन डॉलर के निवेश का प्रतिनिधित्व करता है। 1,400 मीटर की लंबाई और 20 मीटर की गहराई के साथ टर्मिनल सालाना लगभग 3.2 मिलियन ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स (टीईयू) को संभालने में सक्षम है। अदाणी पोर्ट्स ने एक बयान में कहा कि यह कोलंबो में पहला गहरे पानी का टर्मिनल है, जो पूरी तरह से स्वचालित है, जिसे कार्गो हैंडलिंग क्षमताओं को बढ़ाने, जहाज के टर्नअराउंड समय में सुधार करने और दक्षिण एशिया में एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में बंदरगाह की स्थिति को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। एक ऐतिहासिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित, सीडब्ल्यूआईटी का संचालन भारत के सबसे बड़े बंदरगाह संचालक, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड, श्रीलंका के लीडिंग समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी के एक संघ द्वारा किया जाता है, जो 35 साल के बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) समझौते के तहत है। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, "सीडब्ल्यूआईटी में परिचालन की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच क्षेत्रीय सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, "यह टर्मिनल न केवल हिंद महासागर में व्यापार के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि इसका उद्घाटन श्रीलंका के लिए भी एक गौरवपूर्ण क्षण है, जो इसे वैश्विक समुद्री मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करता है।

सीडब्ल्यूआईटी प्रोजेक्ट स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन करेगा और द्वीप राष्ट्र के लिए अपार आर्थिक मूल्य पैदा करेगा।

### यूपी 'डीबीटी' और 'डिजिटल पेमेंट' में सबसे आगे, 8 माह में 1,024 करोड़ रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत और दूरदर्शी सोच ने यूपी को डिजिटल लेनदेन और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) में पूरे देश में अग्रणी स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। जहां 2017-18 में राज्य में 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं 2024-25 में दिसंबर तक यह आंकड़ा 1,024.41 करोड़ तक पहुंच गया। इतने कम समय में इतनी बड़ी छलांग लगाना यूपी की ताकत को दिखाता है। आज यूपी डिजिटल लेनदेन में नंबर वन है और खास बात यह है कि ज्यादातर ट्रांजेक्शन यूपीआई से हो रहे हैं। योगी सरकार ने डिजिटल क्रांति को हर घर तक पहुंचाने का सपना सच कर दिखाया है।

## आखिरी कारोबारी घंटे में संभला भारतीय शेयर बाजार निफ्टी 22,100 के ऊपर बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**



- **कारोबार के अंत में सेंसेक्स 2,226.79 अंक या 2.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,137.90 और निफ्टी 742.85 अंक या 3.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,161.60 पर बंद हुआ।**

कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, राहत की बात यह है कि आखिरी कारोबारी घंटे में बाजार में रिकवरी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 2,226.79 अंक या 2.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,137.90 और निफ्टी 742.85 अंक या 3.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,161.60 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, सेंसेक्स ने 71,425 का न्यूनतम स्तर और 73,403 का उच्चतम स्तर छुआ। निफ्टी ने 21,743 का न्यूनतम स्तर और 22,254 का उच्चतम स्तर छुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में बड़ी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,836.50 अंक या 3.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,809.45 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 608.05 अंक या 3.88 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,067 पर था। भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई और यह 22.79 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी और इन्फ्रा में सबसे अधिक गिरावट हुई। सेंसेक्स पैक में 30 में से 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। टाटा स्टील, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एमएंडएम, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक , रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे। एचयूएल ही मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। गिरावट के कारण, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्टेड सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 13.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक घटकर 389.87 लाख करोड़ रुपये हो गया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख, विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और अन्य बड़े देशों में ट्रेड वार की आंशका के चलते शेयर बाजार में बड़ी गिरावट हुई।

## ट्रम्पिया टैरिफ से आई फोन का दाम हो जाएगा 2 लाख रु.

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनियाभर के देशों पर नए टैरिफ लगाने से अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए कीमतें काफी ज्यादा बढ़ने की आशंका हैं, जिससे दुनियाभर में आलोचना के साथ-साथ और ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने दुनियाभर के सभी देशों पर सारे इंपोर्ट पर 10 प्रतिशत का बेस टैरिफ लगाया है। और मुख्य ट्रेडिंग पार्टनर्स पर हाई ड्यूटीज लगाई हैं। इस फैसले के आते ही दुनियाभर के स्टॉक मार्केट में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। दुनियाभर के नेताओं की नजरें अब टैरिफ पर हैं जिन्होंने पहले ही दशकों के ट्रेड लिबरलाइजेशन के लिए रिवर्स टैरिफ की चेतावनी दी थी। चीन, जापान और यूरोपीय यूनियन ने अमेरिका के टैरिफ पर जवाबी कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है।अमेरिकी उपभोक्ताओं पर तत्काल प्रभाव एक बड़ी चिंता का विषय है। टैरिफ से कैनबिस और रनिंग शूज़ से लेकर एप्पल के आईफोन तक तमाम वस्तुओं की लागत बढ़ने का अनुमान है। रोजेन ब्लाट सेकुरिटि के अनुसार, अगर एप्पल अतिरिक्त लागत का बोझ खरीदारों पर डालता है, तो एक हाई-एंड आईफोन की कीमत लगभग 2,300 डॉलर तक बढ़ सकती है।दुनियाभर में कारोबारी कंपनियां पहले ही प्रतिक्रिया दे रही हैं। ऑटोमेकर स्टेलेंटिस ने कनाडा और मैक्सिको में अस्थायी छंटनी और प्लांट बंद करने की घोषणा की, जबकि जनरल मोटर्स ने संकेत दिया कि वह अमेरिकी उत्पादन में वृद्धि करेगी।कनाडा के प्रधान मंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग ना करने का संकेत है। कनाडा ने जवाबी कदम उठाए जाने की घोषणा की है, और चीन और यूरोपीय संघ दोनों ने जवाबी कार्रवाई का वादा किया है। चीन ने यूएस से आने वाले सामान पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने अमेरिका में यूरोपीय निवेश को निलंबित करने का आह्वान किया।अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि ट्रंप के इस टैरिफ अटैक से महंगाई में इजाफा हो सकता है और एक औसत यूएस परिवार को करीब हजारों डॉलर की चपत लग सकती है। जैसा कि हमने बताया टैरिफ के लागू होने के बाद से ही दुनियाभर के बाजारों डाउ , एसएंडपी 500 व नासडाक में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।ट्रंप के प्रशासनिक अधिकारियों का तर्क है कि यूएस मैन्युफैक्चरिंग को बचाने और नए एक्सपोर्ट मार्केट्स को बुलाने के लिए टैरिफ की जरूरत है। लेकिन आलोचकों का कहना है कि इससे कंज्यूमर प्राइस पर प्रभाव पड़ने और ग्लोबल ट्रेड वॉर की संभावना है। अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस ने जोर देते हुए कहा कि खासतौर पर इस्पात और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण के राष्ट्रीय सुरक्षा निहितार्थ पर जोर दिया।बेस टैरिफ के लागू होने के बाद बाकी टैरिफ 9 अप्रैल से लागू होंगे। ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ ने कंज्यूमर और कारोबारियों को अनिश्चितता की स्थिति में छोड़ दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि टैरिफ प्लान में अंतर्राष्ट्रीय बातचीत के लिए एक ठोस ढांचे की कमी है।टैरिफ से जापान और दक्षिण कोरिया समेत अमेरिकी सहयोगियों के अलग होने का भी जोखिम है जिन पर पर्याप्त शुल्क लगता है। कनाडा और मेक्सिको से माल पर मौजूदा टैरिफ और ऑटो इंपोर्ट्स पर नए टैरिफ से स्थिति और जटिल हो गई है।

## रामनवमी पूजा समिति ने उत्कृष्ट झांकी प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को पुरस्कृत किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** रामनवमी पूजा समिति ने कई अखाड़ों से आए झांकियां को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार नवजीवन संघ धनखेरी ,द्वितीय पुरस्कार लिंगेश्वर महादेव अखाड़ा जय प्रकाश नगर,एवं तृतीय पुरस्कार देवी मंडप को दिया गया। देर रात तक सभी अखाड़ों ने अपना प्रदर्शन किया। मंच पर आए अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, रांची के मशहूर चिकित्सक डॉ. अभिषेक रामाधीन, आजसू नेता संतोष सहाय को मोमेंटो, तलवार व पगड़ी देकर सम्मानित किया। प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी, अंचलाधिकारी सबिता कुमारी, बीडीओ सोमनाथ बंकिरा समेत अतिथियों को मोमेंटो, तलवार व पट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। देर रात तक महासमिति द्वारा भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया था। भक्ति जागरण निर्भय पांडेय एंड ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति जागरण के माध्यम से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महासमिति के अध्यक्ष ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी अखाड़ा द्वारा शांतिपूर्ण झांकी प्रदर्शन कर साधुवाद का परिचय दिया है। अगले वर्ष और भी आकर्षक कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महासमिति के सारे सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। मौके पर रामकुमार सिंह, जुगेशर दांगी, अनिल सिंह, राम दहीन सिंह, कोठारी सिंह, मनोज सिंह जगदीश यादव, आशीष दांगी समेत कई अन्य मौजूद थे।

### नामांकन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना आवश्यक : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में नए सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत नामांकन व पारगमन से संबधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन, उनका ठहराव और उन्हें गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना आवश्यक है। उपायुक्त ने जिला के संचालित सभी सरकारी व गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन व पारगमन 20 अप्रैल तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रधानाध्यपक, सीआरपी, बीआरपी, बीईईडी बीपीओ को



जिम्मेवारी से कार्य करने, स्कूल टैगिंग, मवि से उच्च विद्यालय, वर्गवार प्राथमिक कक्षाओं से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कर उनके ठहराव, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेवारी दी। उन्होंने सभी सीआरपी को अपने पोषक क्षेत्र के विद्यालयों में स्वयं रुचि लेते हुए शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित कराने व कक्षावार प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कार्यशाला में यूडीआईएसएई, आधार, बैंक खाता, मध्यान भोजन योजना पर भी विस्तृत चर्चा की गयी. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू समेंत कई अधिकारी मौजूद थे।

## रामनवमी पर श्री राम युवा मंडल ने किया भंडारा

**मेदिनीनगर।** श्री राम युवा मंडल, शिवाला रोड द्वारा रामनवमी के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान रथ निकालने वाले विभिन्न संघों के अध्यक्षों व सदस्यों को सम्मानित किया गया। मंडल के आशुतोष तिवारी ने बताया कि संस्था धार्मिक व सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहती है। कार्यक्रम की सफलता में अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष सुधाकर राज, संयोजक रोशन शाह, सचिव आलेख गुप्ता सहित पूरी टीम का सहयोग रहा।

## जोड़ ग्राम में धूमधाम से मनी रामनवमी गूंजे जय श्रीराम के नारे

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के जोड़ ग्राम में रामनवमी का पर्व पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिष्ठित ग्रामीणों के सम्मान से हुई, जिसके बाद पीएम क्लब द्वारा गोल यात्रा निकाली गई। सैकड़ों ग्रामीणों की भागीदारी वाले इस गोल में तलवार, फरसा व अन्य पारंपरिक प्रतीकों के साथ रामभक्त शामिल हुए। पूरे गांव में जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया।

## नव शक्ति संघ ने पूरे किए 41 साल पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई रामनवमी

**मेदिनीनगर।** नव शक्ति संघ, नई मोहल्ला ने इस वर्ष अपनी स्थापना के 41 वर्ष पूरे कर लिए। वर्ष 1984 में मोहल्लावासियों के सहयोग से कुछ युवाओं ने मिलकर पहली बार दुर्गा पूजा का आयोजन किया था। समय के साथ कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन नव शक्ति संघ ने हर वर्ष दुर्गा पूजा और रामनवमी जैसे पारंपरिक पर्वों का आयोजन निरंतर जारी रखा। संघ के संस्थापक सदस्यों में सतीश कुमार, संतोष पांडेय, स्व. मनोज सिन्हा, प्रदीप अकेला, सत्येंद्र कुमार 'सतन' सहित मोहल्ले के कई युवाओं का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## पेज एक के शेष

### वर्ष 2025-26...

सदियों से इन समुदायों ने अपने श्रम, संघर्ष और साहस से समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखा है। आज यह प्रासंगिक है कि हम उनके गौरवशाली अतीत को न केवल संरक्षित करें, बल्कि उनके आत्मसम्मान और अधिकारों को और अधिक सशक्त करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परंपरागत आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देकर हम उनके स्वाभिमान को मजबूत कर सकते हैं।

### याचिकाओं पर सुनवाई...

इसी तरह, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख अकबरुद्दीन ओवैसी ने शीर्ष अदालत का रुख किया। वहीं केंद्र सरकार ने कहा कि इस कानून से करोड़ों गरीब मुसलमानों को फायदा होगा और यह किसी भी तरह से किसी भी मुसलमान को नुकसान नहीं पहुंचाता है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह कानून वक्फ संपत्तियों में हस्तक्षेप नहीं करता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ह्यसबका साथ और सबका विकासह्ण के दृष्टिकोण के साथ काम करती है। संसद के दोनों सदनों से बजट सत्र में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी होने के साथ ही वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम भी बदलकर यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, इम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) अधिनियम, 1995 हो गया है।

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर...

जो हर दो से तीन सप्ताह में होती है। 1 अप्रैल को तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम कर दी थी। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 41 रुपए की कटौती की गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संशोधित खुदरा बिक्री मूल्य अब 1,762 रुपए प्रति सिलेंडर है। भारत घरेलू खपत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है। देश में एलपीजी की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई है। हाल ही में संपन्न संसद सत्र में पेश की गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत सब्सिडी वाली एलपीजी पाने वाले लाभार्थियों की संख्या इस साल 1 मार्च तक 10.33 करोड़ हो गई है, जबकि भारत में कुल सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 32.94 करोड़ है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने लोकसभा को एक लिखित जवाब में बताया कि एलपीजी की औसत अंतरराष्ट्रीय कीमत जुलाई 2023 में 385 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन से 63 प्रतिशत बढ़कर फरवरी 2025 में 629 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन हो गई है, जबकि पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी की प्रभावी कीमत अगस्त 2023 में 903 रुपए से 44 प्रतिशत कम होकर फरवरी 2025 में 503 रुपए हो गई है। 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत अब तक दिल्ली में 803 रुपए थी, जबकि पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को प्रति सिलेंडर 300 रुपए की सब्सिडी मिलती थी। 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अगस्त 2024 से अपरिवर्तित बनी हुई थी।

### ट्रंप के टैरिफ बम...

कुछ देशों ने टैरिफ कम करने के लिए ट्रंप प्रशासन से बातचीत की कोशिश की। रविवार को, अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि 50 से अधिक देशों ने बातचीत शुरू कर दी है। हालांकि, कई देश अमेरिका को जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने पिछले सप्ताह अमेरिका के 34% टैरिफ के बराबर अपने स्वयं के पारस्परिक उपायों की घोषणा की। चीन के खिलाफ उच्च दरें चीनी बाजारों पर अपना असर डाल रही हैं, बीजिंग को उम्मीद है कि उथल-पुथल अंततः इसे निवेश और व्यापार के लिए अधिक विश्वसनीय विकल्प के रूप में छोड़ देगी। अधिकांश अर्थशास्त्री इस बात पर सहमत हैं कि टैरिफ का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिससे कीमतें और बेरोजगारी बढ़ेगी और संभवतः मंदी की शुरूआत होगी। फिर भी, ट्रंप ने दिखाया कि वह हुए नुकसान और व्यापक अलोकप्रियता को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। वह अपने टैरिफ उपायों पर अड़े हैं उन्होंने इसे अनुचित व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए एक आवश्यक ह्यदवाह्ण कहा। उन्होंने कहा, कभी-कभी आपको किसी चीज को ठीक करने के लिए दवा लेनी पड़ती है। टैरिफ विदेश से आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला कर है, और यह आमतौर पर उत्पाद के मूल्य का एक प्रतिशत होता है। विदेशी सामान खरीदने वाली कंपनियों को कर का भुगतान करना पड़ता है।

### राहुल गांधी की...

इसके बाद टुन्ना के समर्थक भड़क गए और उन्होंने अखिलेश सिंह के समर्थक को दौड़ा-दौड़ाकर पीट दिया। कांग्रेस नेता जिसकी पिटाई की गई, उसने खुद को पकड़ी दयाल पंचायत समिति का सदस्य रवि रंजन बताया। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपनी खोई जमीन की तलाश में जुटी है। यही कारण है कि राहुल गांधी लगातार बिहार पहुंच रहे हैं। सोमवार को भी राहुल गांधी बिहार पहुंचे और बेगूसराय में ह्यपलायन रोको, नौकरी दोह्ण यात्रा में हिस्सा लिया। वहीं, राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है कि जो गरीब लोग हैं, जो कमजोर लोग हैं, ईबीसी, ओबीसी, गरीब, दलित इन सबको जोड़कर, इज्जत देकर आगे बढ़े। कांग्रेस पार्टी को जिस गति और जिस मजबूती से बिहार में काम करना चाहिए था, वह नहीं कर सकी। उन्होंने यह भी कहा कि हम अपनी गलती से समझे हैं और अब हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के गरीब, कमजोर, ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित को लेकर हम एक साथ आगे बढ़ेंगे।

## युवा भारत ने किया अखाड़ा का आयोजन आंनद तांडव ने सबका मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** श्री रामनवमी के अवसर पर युवा भारत चंदवा द्वारा आदर्श रविराज के नेतृत्व में जिला परिषद बस स्टैंड परिसर में अखाड़ा का आयोजन किया गया। प्रयागराज और कोलकाता से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। आंनद तांडव ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। स्थानीय कलाकारों ने भी कई हैरत अंगेज कारनामे दिखाएं।अखाडे. में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले कलाकारों के अलावा झांकियों को भी अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अखाड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बतौर मुख्यातिथि राजकुमार पाठक ने कहा कि शास्त्र के ज्ञान के साथ शस्त्र का ज्ञान भी आवश्यक है। आत्मरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शस्त्र का ज्ञान अर्जित करना




चाहिए। वही सुरेंद्र वैध ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। राजकुमार साहू ने कहा कि चंदवा जैसे छोटे शहर में इस तरह का आयोजन अपने आप में उपलब्धि है। महावीर मंडल हरैया और श्री राम मंदिर कंचन नगरी को आकर्षक झांकी के लिए पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन मनीष गुप्ता उर्फ चांदो ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन विनय कुमार रिक्की ने किया।अखाड़े को सफल बनाने में कृष्णा,रुपेश सर टसन,अंकित,अमृत,अंकित गोलू, आंनद वर्मा,अरविंद सिंह,अक्षय यादव,बिनीत,रंजन सिंह,जेपी मोदी,सौरभ साहू,कुणाल खत्री, आशीष गुप्ता,रवि पांडुरंगा, उदय,हर्ष कुमार गोलू समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### रामनवमी को लेकर सनातन धर्मलंबियों में उत्साह

## जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा पूरा क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** रामनवमी को लेकर बालूमाथ में सोमवार को झांकी सह जुलूस महावीर मंदिर पूजा समिति के नेतृत्व में निकाला गया। क्षेत्रीय सांसद कालीचरण सिंह बालूमाथ पहुंचे। देवी गुड़ी मंडप पहुंच माथा टेक देवी से आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति का सामना की। झांकी बालूमाथ महावीर मंदिर, टमटम टोला, मुरपा मोड़ ,बड़का बालूमाथ आदि रामनवमी अखाड़े से एक से बढ़कर एक झांकी बनाए गए हैं। झांकी देखने के लिए शहर से लेकर गांव के दूर-दूर के कई हजार ग्रामीणों श्रद्धालु की भीड़ उमड़ पड़ी है। रामनवमी पूजा को लेकर सड़कों पर पताका, महावीर झंडा लगाए गए हैं। जुलूस में राम भक्तों द्वारा जय श्री राम, बजरंगबली की जय आदि नारे



लगाए गए, जिससे पूरा बालूमाथ राम के जयकारों से गूंज उठा है । बालूमाथ भक्ति मय हो गया। बालूमाथ थाना चौक के समीप सड़क किनारे महावीर मंदिर पूजा समिति अध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में भव्य स्टेज बनाए गए हैं। वहां सभी अखाड़े के द्वारा झांकी, खेल प्रस्तुत किया जाएगा। अच्छा प्रदर्शन करने वाले अखाड़े को समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टिकोण से बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस ने चार ड्रोन कैमरा से क्षेत्र का नजर रख रही है। पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सहित कई महिला पुरुष सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

## राम जी के भइले जनमिया ऐ ही शुभ दिनवा... पर गूंजी श्रोताओं की ताली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** श्री रामनवमी महोत्सव पर रविवार की देर शाम हैदरनगर चौक बाजार के प्रागंण में महाबीर मंडल के तत्वावधान में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, युवा नेता विनोद कुमार सिंह, सूर्या सिंह, जिप सदस्य संगीता देवी के साथ फीताकर किया। मंडल सदस्यों ने सभी मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र, तलवार व पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया। भगवती जागरण में भोजपुरी स्टार गायिका निशा उपाध्याय, धीरज धाकड़ व जयप्रकाश सिंह के सुरों पर सोमवार की अल सुबह तक श्रोता झूमते रहे। निशा उपाध्याय के धोअत धोअत तोहरी मंदिरिया... व राम जी के भइले जनमिया ऐ ही शुभ दिनवा... आदि कई एक से बढ़कर एक भक्ति संगीतों की झड़ी लगाई। इस दौरान युवा नेता सूर्या सिंह ने सभी को रामनवमी व अखाड़ा समितियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने



कहा कि प्रभु श्री राम के आर्दशों को आत्मसात करना ही सनातन धर्मावलंबियों का प्रथम कर्तव्य है। समस्त हिन्दू सनातनियों को एकजुटता व आपसी एकता से समरसता में मजबूती आयेगी। विनोद कुमार सिंह ने कहा कि समस्त सनातन धर्मावलंबियों को हिन्दू होने पर गर्व है। हिंदुत्व बचने के बाद ही हिन्दू धर्म सुरक्षित रहेगा। इसमें पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह व कमल कुमार पासवान, मंडल संरक्षक व मुखिया संतोष कुमार सिंह, अध्यक्ष अभिराज गुप्ता, राहुल सिंह, मुकेश दुबे, मुकेश मेहता, पवन जयसवाल, प्रवीण अग्रवाल, अशोक सिंह, राजेश मेहता, विरेन्द्र सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, संतन चौधरी आदि ने भाग लेकर शांति व्यवस्था कायम रखा। मंडल के अनुसार मंगलवार को चैत शुक्ल पक्ष एकादशी को रामभक्तों का सुबह आठ बजे बाइक रैली व अपराह्न तीन बजे से भव्य झांकियों के साथ रामनवमी जुलूस निकाली जायेगी।

## भगवामय हुआ श्रीराम नगर, शोभायात्रा में गूंजे जय श्री राम के जयकारे



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** पांडू प्रखंड के श्रीराम नगर कजरुकला में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ रामनवमी मनाई जा रही है। कई जगहों पर शोभायात्रा निकाली गई। इसी तरह रामनवमी के पावन अवसर पर पांडू प्रखंड पूरी तरह भगवामय हो गई। पूरे प्रखंड क्षेत्र में उल्लास और आस्था का माहौल देखने को मिला। राम भक्तों ने भव्यता और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाया। आयोजन इतना विशाल और भावनात्मक था कि हर दिशा में 'जय श्री राम' के जयकारे गूंजते रहे और पूरा क्षेत्र राम के रंग में रंगा नजर आया। श्रीराम नगर स्थित मंदिर में भगवान रामलाल, बजरंगबली की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान घासीदाग, राजखाड़, भवरवा खाला, कजरुकला, पिपरी, ठेकही, कुलिया, गुवासरई, ओबरा, बेलहारा, लोमडीह,चुना गौरेया, महुवाधाम, सिकनी, गोलपा, रतनाग, नेउरी, पचबिगहवा, अमरवादमर, रबरी, गोरीवा लेवा के अलावे कई गांव के लोग शामिल हुए।

**झांकियां रही आकर्षक का केंद्र**

शोभायात्रा में विभिन्न समाज की ओर से मनमोहक झांकियां सजाई गई, जो कि आकर्षण का केंद्र रहीं। इन झांकियों के माध्यम से भगवान श्री राम के जीवन के साथ पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। झांकियां को देखने के लिए जगह-जगह पर भीड़ लगी रही। रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर पुलिस ने विशेष व्यवस्था की थी। सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पांडू बीडीओ रणबीर कुमार, पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ स्वयं शोभायात्रा के दौरान मौजूद थे।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ रामनवमी संपन्न

**सतबरवा।** प्रखंड में भगवान श्री राम का जन्म उत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर पूरा क्षेत्र राममय हो गया। पूरे क्षेत्र में रामनवमी और भगवा पतकों से पटा था। पूरे सतबरवा का जुलूस अपने-अपने अखाड़े के साथ मेला टांड़ के प्रांगण पहुंचे और धावाडीह, बोहीता, सेहरा,पोंची ,हलुमाड़ के अखाड़ौ के साथ मिलान किया। कलाकरों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं। युवा, बच्चे व बजुर्ग सभी गेरुआ रंग का वस्त्र धारण कर जुलूस में शामिल थे। लोगों का आस्था और उत्साह देखते बन रहा था अखाड़े के खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार आदि खेल का प्रदर्शन किया । इस दौरान राम भक्त जय श्रीराम, राम सिया जान की बोलो हनुमान की, बजरंगबली की जय आदि के नारा लगाते रहे। जुलूस मेला टांड़ में मिलान के बाद क्रांति चौक, बस स्टैंड, रामघाट, महावीर चौक, मस्जिद मोहल्ला भ्रमण करते हुए पुनः मेला टांड़ पहुंचे जहां से जुलूस अपने-अपने स्थान पर लौट गए । इस दौरान सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की,थाना पभारी विश्वनाथ कुमार राणा पूरे दल बल के साथ विधि व्यवस्था में मुस्तैद रहे ।

## फाइनल मुकाबला में सलेमपुर बनी विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत के चेचरिया ग्राम के खेल मैदान में महासंग्राम क्लब के तत्वावधान में सलेमपुर बनाम भाई बिगहा की टीम के बीच क्रिकेट टूर्नामिंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें खेल के अंत तक जारी संघर्ष में सलेमपुर की टीम को विजेता घोषित किया गया। इस मैच में सलेमपुर की टीम ने दो विकेट खोकर कुल 178 रन, जबकि भाई बिगहा की टीम ने 129 रन बनकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच करन कुमार व मैन ऑफ द सीरिज का खिताब किसुन कुमार को दिया गया। क्लब की ओर आमंत्रित झामुमो के युवा नेता विवेकानंद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र मेहता (सेठ जी) के अलावे प्रबुद्ध व खेलप्रेमी परवेज आलम, नंदू पासवान, अशोक पासवान, जितेन्द्र सिंह, श्याम बिहारी पासवान ने खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाया है। मैच में आमंत्रित अतिथियों ने कहा कि ग्राम व पंचायत स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिये राज्य की हेमंत सोरेन खिलाड़ियों के हित में सभी सुविधा व संसाधन मुहैया कराने को कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को शारीरिक व मानसिक विकास को लेकर सक्रियता बढ़ने की सलाह दी है।

### विवशता

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 55 लाख की लागत से होनी थी बाउंड्री

# एक साल बाद भी शुरू नहीं हुआ काम, अतिक्रमण से रकबा सिमटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित हेल्थ सब सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के भवन व चहारदीवारी का निर्माण 55 लाख की लागत से होनी है। मगर टेंडर के साल भर बाद में इस दिशा में प्रगति नजर नहीं आती है। जिला पार्षद प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यकाल में ही इसकी निविदा भी हो चुकी है। भवन निर्माण विभाग के माध्यम निर्माण करवाया जाएगा। इस पर खुशी व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने इसके कुल रकबा को अतिक्रमण मुक्त कराकर संरक्षित करने साथ ही पहले चहारदीवारी तब भवन निर्माण कराने की जरूरत बताया है। कहा जाता है कि अतिक्रमण के कारण भवन का क्षेत्रफल मात्र 2-3 डिसमिल में ही सिमट कर




रह गया है। जबकि कुल रकबा 1.13 एकड़ बताया जाता है। लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के बाद भी इसकी अतिक्रमित भूमि को इससे मुक्त कराने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया है। इसकी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर बाउंड्री कराने से इसके पूरे क्षेत्रफल को सुरक्षित कर इसमें अलग से भवन बनाकर बच्चों की पाठशाला अथवा आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित किया जा सकता है। जिसको चुनाव में मतदान केंद्र के रूप में उपयोग में लिया जा सकता है। ऐसा होने से झरीवा ,राजनडीह और रामनगर के बच्चों को रेलवे लाइन पार कर स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र के सरकारी अथवा निजी स्कूलों में आने जाने में जोखिम उठाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। रेलवे लाइन इस पार के उक्त टोले के मतदाताओं को बूथ की सहज रूप से सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

## अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर में भव्य रामनवमी उत्सव का आयोजन



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अबू धाबी स्थित विश्व प्रसिद्ध बीएपीएस हिंदू मंदिर में रविवार को रामनवमी और स्वामीनारायण जयंती बड़ी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। यह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सद्भाव के लिए एक ऐतिहासिक क्षण रहा। एक बयान में बताया गया है कि पूरे क्षेत्र से श्रद्धालु मंदिर में भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए एकत्र हुए। मंदिर के मुख्य पुजारी पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी के अनुसार, पूरे दिन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक राम भजनों से हुई, उसके बाद दोपहर 12 बजे श्री राम जन्मोत्सव की आरती हुई। बयान में कहा गया है, "इस समारोह में भगवान राम और भगवान स्वामीनारायण की भक्ति में एकजुट भक्तों और आगंतुकों की भारी भीड़ देखी गई। यह आध्यात्मिक सभा शांति, एकता और शाश्वत हिंदू मूल्यों की एक किरण के रूप में काम करती है, जिसकी गूंज सीमाओं के पार भी सुनाई देती है।

## जंगल की आग बनी मुसीबत, कई लोग झुलसे



**काठमांडू (आईएएनएस)।** नेपाल के जंगलों में आग लगने के कई मामले सामने आ रहे हैं। इसके कारण अस्पतालों में घायलों की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोतरी हो रही है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, नेपाल का क्लेफ्ट एंड बर्न सेंटर, जिसे कीर्तिपुर अस्पताल के नाम से भी जाना जाता है। यहां सबसे ज्यादा जलने से घायल मरीजों का इलाज होता है, वहां मामलों की संख्या बढ़ गई है। इस कारण, हर दिन कई मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भेजा जा रहा है। अस्पताल की निदेशक डॉ. किरण नकारमी ने कहा, "हम जले हुए मरीजों के इलाज के लिए अन्य वार्डों के बिस्तरों का भी उपयोग कर रहे हैं, लेकिन वो भी पर्याप्त नहीं हैं। इस कारण, हमें गंभीर रूप से जले हुए मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भेजना पड़ता है।

## इजराइल में हमास के रॉकेट हमलों में तीन घायल, सेंट्रल गाजा पर की गई जवाबी कार्रवाई

**यरूशलम (आईएएनएस)।** दक्षिणी इजरायल पर हमास के रॉकेट हमले में तीन लोग घायल हो गए। इसके जवाब में, इजरायली सेना ने मध्य गाजा पर कई हवाई हमले किए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, रविवार को हमास की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसने फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायली "नरसंहार" का जवाब देते हुए दक्षिणी इजरायल के अशदोद पर रॉकेटों की बौछार की। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक बयान में कहा कि गाजा से 10 रॉकेट दागे गए, जिनमें से ज्यादातर को रोक लिया गया। हमले के बाद, अशदोद, अश्कलोन, यावने शहरों और आसपास के अन्य इलाकों में भी सायरन एक्टिवेट हो गए। इसके बाद इजरायल के सरकारी टीवी चैनल कान न्यूज ने बताया कि एक रॉकेट मध्य अश्कलोन में गिरा, जिससे तीन लोग घायल हो गए। कान टीवी न्यूज ने यह भी बताया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को हमास के खिलाफ "कड़ी" प्रतिक्रिया देने का आदेश दिया। इसके बाद, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मध्य गाजा के डेर अल-बलाह शहर पर हमला किया।

### बांग्लादेश की यूनुस सरकार का भारत विरोधी एजेंडा सामने आया

# पाकिस्तान के साथ एयरबेस निर्माण में चीन की भूमिका

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। बीएमएसटीईसी समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपए) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के 'चिकन नेक' यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी जेएफ-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया।



### चीन और पाकिस्तान दोनों की मौजूदगी भारत के लिए खतरा

चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ये सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने 'इंडिया आउट' कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी एनसीपी खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है।

**चीन यात्रा में नॉर्थ-ईस्ट को लैंड लॉक्ड बताया था :** यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को 'लैंड लॉक्ड' (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए।

## हमास ने 7 अक्टूबर के हमले के लिए ईरान से मांगे थे 500 मिलियन डॉलर : इजरायल


**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायल ने एक खुफिया दस्तावेज सार्वजनिक किया, जो उसके अधिकारियों के अनुसार, हमास और ईरान के बीच प्रत्यक्ष वित्तीय संबंध उजागर करता है। इसमें कथित तौर पर इजरायल पर हमला करने की योजना को अंजाम देने के लिए तेहरान से किया गया 500 मिलियन डॉलर का अनुरोध भी शामिल है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दस्तावेज और साथ में वीडियो साझा करते हुए कहा, "मैं यहां पहली बार एक दस्तावेज पेश कर रहा हूं। यह गाजा में वरिष्ठ हमास अधिकारियों की सुरंगों में पाया गया, जो ईरान और याह्या सिनवार और मुहम्मद देफ [दोनों हमास के बड़े नेता] के बीच सीधा संबंध साबित करता है। ये इजरायल को नष्ट करने की हमास योजना के लिए ईरान के समर्थन का हिस्सा है।" 'टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, दस्तावेजों की खोज इजरायली बलों ने हमास सुरंगों में अभियान के दौरान की। काट्ज के अनुसार, दस्तावेज में हमास की ओर से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कुद्स फोर्स से दो वर्षों में प्रति माह 20 मिलियन डॉलर की मांग का विवरण है। काट्ज ने यह भी दावा किया कि आईआरजीसी के फिलिस्तीनी विभाग के प्रमुख हुसैन अकबरी इजादी ने ईरान की आर्थिक कठिनाई के बावजूद हमास को निरंतर समर्थन देने का आश्वासन दिया।

### गृह मंत्री अमित शाह का जम्मू कश्मीर दौरा

## पाकिस्तान ने पुंछ में तोड़ा संघर्ष विराम, सेना का मुंहतोड़ जवाब

**जम्मू (आईएएनएस)**

पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम तोड़ा। भारतीय सेना ने इसका जोरदार जवाब दिया। संघर्ष विराम का उल्लंघन ऐसे समय में हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के तीन दिन के दौरे पर हैं। अधिकारियों ने बताया, "पाकिस्तानी सेना ने आज पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम तोड़ा। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी के दौरान कोई घुसपैठ न हो, इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। इससे पहले 1 अप्रैल को पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक बारूदी सुरंग के धमाके के बाद बिना किसी कारण के गोलीबारी की और संघर्ष विराम तोड़ा। सेना ने एक बयान में कहा कि



भारतीय सैनिकों ने 'संतुलित और नियंत्रण तरीके से' प्रभावी जवाब दिया। ऐसी खबरें मिली हैं कि आतंकवादी, जिनमें मुख्य रूप से विदेशी भाड़े के आतंकवादी शामिल हैं।

, पुंछ, राजौरी, कठुआ और किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी इलाकों में सक्रिय हैं। 23 मार्च को कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब भारतीय हिस्से में घुसपैठ करने वाले पांच आतंकवादियों का सामना स्थानीय पुलिस की टीम से हुआ।

## कोलंबो में भारत का 'आईएनएस सह्याद्रि' समुद्री सहयोग को बढ़ावा

**नई दिल्ली ।** भारत और श्रीलंका के बीच मजबूत समुद्री संबंध हैं। इन संबंधों को और मजबूत करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं। इस कड़ी में अब भारतीय नौसेना की ईस्टर्न फ्लीट का आधुनिक युद्धपोत 'आईएनएस सह्याद्रि' श्रीलंका की राजधानी कोलंबो पहुंचा है। सोमवार को 'आईएनएस सह्याद्रि' के कोलंबो पहुंचने पर भारतीय नौसेना ने इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि नौसेनिक युद्धपोत 'आईएनएस सह्याद्रि' हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात है। भारत का मानना है कि 'आईएनएस सह्याद्रि' का यह कोलंबो दौरा क्षेत्रीय सहयोग में एक अहम कदम है, जो समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'आईएनएस सह्याद्रि' के कोलंबो पहुंचने के साथ ही अब यहां दोनों देशों के नौसैनिकों के बीच पेशेवर बातचीत आयोजित की जाएगी।

## अत्यधिक उच्च रक्तचाप के गिरफ्त में 30 से 40 वर्ष के युवा

### रक्तचाप 230 तक बढ़ जा रहा है

**ब्यूरो**



- इस दौरान नाक से खून आना, गंभीर सिरदर्द, सुन्नता, सांस फूलना व चिंता बढ़ जाती है
- यदि नाक से खून आना 15 मिनट से ज्यादा न रुके तो तुरंत अस्पताल में इलाज करवाना चाहिए
- लोग बीटा ब्लॉकर्स सहित कुछ दिल की दवाएँ भी लेना बंद कर देते हैं, इससे प्रतिरोधी उच्च रक्तचाप नामक स्थिति पैदा हो जाती है, जहां दवा के बावजूद बीपी उच्च बना रहता है

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित सीईओ अमित मिश्रा ने पोस्ट किया है कि कैसे उन्हें नाक से खून आने और 230 (सामान्य रूप से यह लगभग 120 होना चाहिए) के उच्च सिस्टोलिक रक्तचाप के साथ आईसीयू में ले जाया गया था, लेकिन इस तरह के मामले इस शहर में असामान्य नहीं हैं। बेंगलुरु में स्पर्श हॉस्पिटल्स के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ व चिकित्सा निदेशक डॉ रंजन शेट्टी बीते एक दशक से नियमित रूप से 30 से 40 के उम्र के रोगियों को 200/120 mmHg (सामान्य रूप से 120/80 mmHg) रक्तचाप की रिपोर्ट करते हुए देख रहे हैं। "जिसको चिकित्सकीय भाषा में हाइपरटेंसिव संकट कहते हैं और यह जीवन भर बीपी के स्तर पर नज़र रखने के लिए एक चेतावनी है।" यह अत्यधिक उच्च रक्तचाप है जो जीवन के लिए खतरा बन सकता है। इसका मतलब है कि आपका दबाव 165/105 mmHg से ऊपर है और मरीज़ 200/120 mmHg की रिपोर्ट करते हैं। उच्च सिस्टोलिक दबाव (शीर्ष रीडिंग) हृदय के संकुचन के दौरान आपकी धमनी की दीवारों पर रक्त के दबाव के बल को दर्शाता है। हालांकि इसका कोई सीधा कारण नहीं है, लेकिन उच्च रक्तचाप के संकट के दौरान नाक से खून आना, साथ ही गंभीर सिरदर्द, सुन्नता, सांस की तकलीफ़ और चिंता जैसे अन्य लक्षण हो सकते हैं। आपके अन्य पैरामीटर हमेशा आपके बीपी ग्राफ़ के तरीके को इंगित नहीं कर सकते हैं। वे सामान्य भी हो सकते हैं। जब तक कि आपके रक्तचाप में उछाल न आ जाए। यह नींद की कमी, स्लीप एपनिया और अत्यधिक तनाव के कारण हो सकता है। जब आप तनाव में होते हैं, तो शरीर कोर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन जारी करता है, जो शरीर को "लड़ाई या उड़ान" प्रतिक्रिया के लिए तैयार करता है और हृदय गति और रक्तचाप को बढ़ाता है। जब तनाव की घटनाएं बार-बार होती हैं, तो वे दीर्घकालिक हाइपरटेंशन का कारण बन सकती हैं, जो धूम्रपान और शराब से बढ़ जाती है, ऐसे व्यवहार जिन्हें हम गलती से सोचते हैं कि वे हमें आराम देंगे।सामान्य नींद के दौरान, आपका रक्तचाप स्वाभाविक रूप से कम हो जाता है (जिसे हम रात्रिकालीन गिरावट कहते हैं), जो हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। नींद की कमी इस प्राकृतिक प्रक्रिया को बाधित कर सकती है और रात भर तनाव हार्मोन को उग्र बना सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग लगातार प्रति रात 7 घंटे से कम सोते हैं, उनमें उच्च रक्तचाप का जोखिम अधिक होता है। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया, एक नींद विकार जिसमें नींद के दौरान सांस लेने में रुकावट होती है, उच्च रक्तचाप से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है। कभी-कभी अधिवृक्क ग्रंथि का ट्यूमर व यहां तक कि गुर्दे की धमनियों का संकुचित होना भी उच्च रक्तचाप का संकट पैदा कर सकता है। नाक से खून आना उच्च रक्तचाप का परिणाम नहीं होता है। लेकिन यदि नाक से खून आना 15 मिनट से ज़्यादा न रुके तो तुरंत अस्पताल में इलाज करवाना चाहिए। नाक से खून आना कम से कम संकेत तो देता है, लेकिन दिमाग से खून आना नहीं और यह गंभीर जटिलता पैदा कर सकता है। कई बार मरीज़ नियमित रूप से बीपी की दवा ले रहे होते हैं लेकिन फिर भी अचानक उनका बीपी बढ़ जाता है। ऐसा क्यों होता है? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मरीज़ अपनी बीपी की दवा लेना भूल जाते हैं या बीच में ही दवा लेना बंद कर देते हैं, यह सोचकर कि वे ठीक हैं। बीपी की दवाएँ हर रोज़ एक ही समय पर लेनी होती हैं और खुराक में बदलाव के लिए सिर्फ़ डॉक्टर से ही सलाह लेनी चाहिए। ये आदत बनाने वाली नहीं होती हैं और आपको लंबे समय तक दवा या अपने शरीर की ज़रूरत के हिसाब से ज्यादा खुराक लेने की जरूरत होती है। कुछ लोग बीटा ब्लॉकर्स सहित कुछ दिल की दवाएं भी लेना बंद कर देते हैं। इससे प्रतिरोधी उच्च रक्तचाप नामक स्थिति पैदा हो जाती है, जहाँ दवा के बावजूद आपका बीपी उच्च बना रहता है।सावदाी के लिए 30 साल की उम्र होने पर, घर पर ही अपने बीपी के स्तर की निगरानी करें। अच्छी गुणवत्ता वाली बीपी मशीनों से तीन रीडिंग का औसत देखें, यह देखने के लिए एक चार्ट रखें कि रीडिंग ज्यादा है या नहीं।

## बाजार में गिरावट का कारण उच्च अमेरिकी शुल्क और अन्य देशों के जवाबी शुल्क के कारण व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के रिसर्च हेड विनोद नायर के अनुसार- "बाजार में गिरावट का कारण उच्च अमेरिकी शुल्क और अन्य देशों के जवाबी शुल्क के कारण व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और धातु जैसे क्षेत्र नुकसान में रहे। इसका कारण धीमी वृद्धि के साथ उच्च मुद्रास्फीति का जोखिम है, जिससे अमेरिका में मंदी की आशंका है।" बीएसई में 3,515 शेयरों में गिरावट रही जबकि 570 लाभ में रहे। 140 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। कुल 775 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर जबकि 59 कंपनियों के शेयर 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर रहे। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को आई गिरावट के बाद यह तय था कि वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट आएगी और वैसा ही हुआ। इस गिरावट का कारण यह है कि जवाबी शुल्क को लेकर ट्रंप की नीतियों से अमेरिका में आने वाले समय में मंदी आने और महंगाई बढ़ने की आशंका है।" उन्होंने कहा, "कच्चे तेल और कई धातुओं के दाम में गिरावट जारी है। यह संकेत है कि अगर मौजूदा स्थिति बनी रहती है तो मांग नरम पड़ सकती है।" इधर 7 अप्रैल को हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 7.33 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि लार्सन एंड टुब्रो 5.78 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे आए। हिंदुस्तान यूनिलीवर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

**कहानी फिल्म जगत की**

## इंडियन आइडल सीजन 15 के शानदार ग्रैंड फिनाले में मानसी घोष विजेता बनीं...

मानसी ने एक नई कार और 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि जीती। उत्साह चरम पर था क्योंकि मानसी की लगातार प्रतिभा और उनकी भावनात्मक गहराई ने उन्हें प्रतिष्ठित विजेता की ट्रॉफी दिलाई, जिससे संगीत उद्योग में अगले बड़े सितारे के रूप में उनकी जगह पक्की हो गई। इंडियन आइडल सीजन 15 के अविस्मरणीय ग्रैंड फिनाले में, मानसी घोष ने प्रतिष्ठित खिताब और ग्रैंड प्राइज - एक नई कार जीतकर जीत हासिल की।



सोनी टीवी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर खबर की घोषणा करते हुए मानसी की एक तस्वीर साझा की। कैप्शन में लिखा था, "हफ़्तों तक संगीत, जादू और पलों के बाद - मानसी ने सिर्फ़ एक खिताब ही नहीं जीता, उसने लाखों दिल (काला दिल वाला इमोजी) जीते। जीत के बाद, मानसी ने कहा कि उन्हें अभी भी इस बात का अहसास नहीं है कि उन्होंने शो जीत लिया है। मानसी ने इससे पहले सुपर सिंगर सीज़न 3 में दूसरा स्थान हासिल किया था।

इंडियन आइडल जीतने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, "मेरा परिवार फ़िनाले के लिए यहाँ था। वे रो रहे थे और जयकारे लगा रहे थे। मैं बिलकुल भी नहीं समझ पा रही थी कि शुरू में कैसे रिएक्ट करूँ। लेकिन हम सभी वाकई बहुत खुश हैं। ज़िंदगी एक अच्छे तरीके से बदल गई है। यह एक राष्ट्रीय मंच है, इसलिए मुझे हर जगह से बहुत प्यार और आशीर्वाद मिला। पंद्रहवें सीजन का सितारों से सजी फिनाले 5 और 6 अप्रैल, 2025 को सोनी टीवी पर प्रसारित किया गया। जज श्रेया घोषाल, विशाल ददलानी और बादशाह के अलावा, विशेष अतिथि मीका सिंह, शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन ने शाम को चार चांद लगा दिए। फिनाले में शीर्ष छह फाइनलिस्ट - चैतन्य देवाधे (मौली), सुभाजीत चक्रवर्ती, मानसी घोष, स्नेहा शंकर, प्रियांगशु दत्ता और अनिरुद्ध सुस्वरम ने दमदार प्रदर्शन किया।

